# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 20 मार्च, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-33 ■ पृष्ठ-14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल-iniknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में 50 हजार घूस लेते आपूर्ति पदाधिकारी गिरफ्तार

**रांची/साहिबगंज।** झारखंड में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी अभियान के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की दुमका इकाई ने गुरुवार को साहिबगंज जिले के बरहरवा में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने ब्लॉक सप्लाई ऑफिसर निरंजन कुमार को एक जन वितरण प्रणाली डीलर से 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अधिकारी राशन की आपूर्ति और विभागीय कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के नाम पर अवैध राशि की मांग कर रहे थे। पीड़ित डीलर की शिकायत पर जाल बिछाकर बैठी एसीबी की टीम ने जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की पहली किस्त हाथ में ली, उसे दबोच लिया।

### बिहार में आज से 22 मार्च के दौरान कई जिलों में आंधी-पानी

**पटना।** बिहार में अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क बने होने के साथ कुछ स्थानों पर गरज के आसार हैं। 20 मार्च से 22 मार्च के दौरान उत्तर और दक्षिण पूर्व भाग में गरज के साथ बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। गुरुवार को पटना सहित 15 जिलों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बिहार में 20 मार्च से एक बार फिर आंधी-बारिश का मौसम देखने को मिलने वाला है। मौसम विभाग ने शुक्रवार से बिहार के 12 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली अग्निकांड शोकसभा में BJP-AAP कार्यकताओं में झड़प

**नई दिल्ली।** दिल्ली अग्निकांड में मारे गए 9 लोगों की शोकसभा में आम आदमी पार्टी (AAP) और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई। इस घटना के वायरल वीडियो में कुर्सी फेंकते और धक्का-मुक्की करते लोग दिखे। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा के विधायक कुलदीप सोलंकी के गुंडो ने मुझे कुर्सी फेंककर मारी।

### ईरान में पुलिसकर्मियों की हत्या में दोषी तीन लोगों की फांसी दी गई

**तेहरान।** ईरान में आज सुबह पुलिसकर्मियों की हत्या में तीन दोषी तीन लोगों को फांसी पर चढ़ा दिया गया। इनको अशांति के दौरान अमेरिका और इजराइल के पक्ष में अभियान चलाने का दोषी पाया गया। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब देश में बड़े पैमाने पर शुरू हुआ संघर्ष अपने 20वें दिन में पहुंच गया है।

# हमें राम मंदिर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है : मुर्मु

## अयोध्या धाम अब धार्मिक पर्यटन का एक प्रमुख वैश्विक केंद्र बन चुका : राष्ट्रपति

**अयोध्या (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नवरात्र के प्रथम दिन अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में आयोजित श्रीराम यंत्र प्रतिष्ठापना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का पावन प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर हमें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता है कि देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम अब धार्मिक पर्यटन का एक



प्रमुख वैश्विक केंद्र बन चुका है और यह मंदिर परिसर भारत की सनातन चेतना, ऊर्जा और पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत का पुनर्जागरण केवल सांस्कृतिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सभी आयामों में हो रहा है। राष्ट्रपति ने जोर देते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम का नमन करना और भारत माता का वंदन करना एक ही भाव है। देवभक्ति और देशभक्ति का मार्ग अलग नहीं, बल्कि एक ही है। राष्ट्रपति ने रामराज्य की अवधारणा को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आर्थिक समृद्धि और सामाजिक समरसता के सर्वोच्च आदर्शों को प्रस्तुत करता है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास के रामायण में वर्णित आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ने भगवान राम के जीवन से जुड़े प्रसंगों माता शबरी से भावपूर्ण मिलन, निषादराज से स्नेह, जटायु के प्रति सम्मान, वानर सेना का सहयोग, जामवंत और यहां तक कि गिलहरी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी उदाहरण एक सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी जीवन दर्शन को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, जो नवरात्र का प्रथम दिन है, इस पावन अवसर पर अयोध्या आकर वह स्वयं को कृतार्थ अनुभव कर रही हैं। साथ ही उन्होंने देशवासियों को रामनवमी के अवसर पर अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर आनंदीबेन पटेल ने कहा कि अयोध्या आस्था, संस्कार और विरासत की भूमि है और आज यह वैश्विक चेतना का केंद्र बन चुकी है। उन्होंने कहा कि ह्यवसुधैव कुटुंबकमह्ण के भारतीय संदेश के कारण आज विश्व भारत की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा है। राज्यपाल ने कहा कि भारत वह भूमि है जहां शक्ति का अर्थ सृजन, आस्था का अर्थ करुणा और धर्म का सार समाज को जोड़ना है। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर को देशवासियों के लिए सदैव स्मरणीय बताया।

## समृद्धि यात्रा के तहत मुंगेर और लखीसराय पहुंचे मुख्यमंत्री

# सरकार के जनहित में किये गये कार्यों को जनता तक पहुंचाएं अफसर : नीतीश

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को समृद्धि यात्रा के दौरान लखीसराय जिला के कजरा सोलर पावर प्लांट परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल से जिले से संबंधित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान लखीसराय के जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्रा ने प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं, सात निश्चय-2 तथा सात निश्चय-3 की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें। सात निश्चय-2 के तहत जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत जो योजनाएं निर्धारित की गई हैं, उस पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें। अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित कर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के हित में कार्य कर रही है, उसके लिये कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार द्वारा जनहित में किये गये कार्यों को जनता तक पहुंचायें। समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, सुनील कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, आधुनिकीकरण सुधांशु कुमार, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं का निरीक्षण किया, दिये निर्देश



### मुख्यमंत्री ने मुंगेर-लखीसराय को दी 445 करोड़ की सौगात

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में मुंगेर में नवनिर्मित जिला उद्योग केंद्र के कार्यालय भवन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित जिला उद्योग केंद्र के कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने साफियाबाद हवाई अड्डा परिसर में 119 करोड़ रुपये की लागत से 78 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 87 करोड़ रुपये की लागत से 52 योजनाओं का उद्घाटन तथा 32 करोड़ रुपये की लागत से 26 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। उधर, सीएम नीतीश ने लखीसराय जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात सीएम ने कजरा सोलर पावर प्लांट परिसर से ही रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर लखीसराय जिले के लिए 118 करोड़ रुपये की लागत से 117 योजनाओं का उद्घाटन एवं 208 करोड़ रुपये की लागत से 144 योजनाओं का शिलान्यास किया।

# लैंड फॉर जॉब मामले में दस्तावेज मांग संबंधी लालू-राबड़ी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जुड़े मामले में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने उन 1600 दस्तावेजों को उपलब्ध कराने की मांग की थी जिन पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भरोसा नहीं किया था।



स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में दस्तावेज की मांग करना उल्टी गंगा बहाने जैसा होगा और इससे ट्रायल बाधित होगा। कोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी के अलावा आरके महाजन और महीप कपूर की भी ऐसी ही याचिकाएं खारिज करने का आदेश दिया। आरके महाजन ने एक दस्तावेज, जबकि महीप कपूर ने 23 दस्तावेज की मांग की थी। कोर्ट ने 16 फरवरी को लालू यादव के खिलाफ औपचारिक रुप से आरोप तय कर दिया था। लालू यादव और राबड़ी देवी ने आरोपों से इनकार करते हुए ट्रायल का सामना करने की बात की। कोर्ट ने कहा था कि लालू यादव ने इस मामले में सिंडिकेट बनाकर काम किया।

# विधायक अनंत सिंह को दुलारचंद हत्या मामले में पटना हाईकोर्ट से मिली जमानत

**पटना (एनएसबी)।** पटना उच्च न्यायालय ने मोकामा से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक अनंत सिंह को दुलारचंद यादव हत्याकांड में जमानत दे दी है। जस्टिस आर.पी. मिश्रा की एकल पीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद गुरुवार को यह आदेश दिया।



हत्या के करीब चार महीने बाद अनंत सिंहको जमानत मिली है, जिसके बाद उनके बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। जन सुराज पार्टी के समर्थक रहे दुलारचंद यादव की हत्या उस वक्त हुई थी जब वह चुनाव प्रचार के दौरान क्षेत्र में थे। चुनावी प्रक्रिया के दौरान ही अनंत सिंह को 1 नंवबर की रात में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने अगले दिन 2 नवंबर को कोर्ट में पेश करके बेऊर जेल में भेज दिया गया। करीब साढ़े 4 महीने बाद उनको जमानत मिली है। इसी मामले में अनंत सिंह काफी लंबे समय से जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल से ही मोकामा से जदयू उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। जीत के बाद उन्होंने विधायकों के शपथग्रहण के दौरान जमानत मिली थी फिर हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में भी वह वोट डालने के लिए विधानसभा आए हुए थे। उम्मीद जताई जा रही है कि कोर्ट द्वारा जमानत के पेपर जेल को शुक्रवार या फिर शनिवार तक पहुंचेगा।

# संघ की अच्छाई को विरोधी व कम्युनिस्ट भी स्वीकार करते हैं : मोहन भागवत

**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को नागपुर में कहा कि अब विरोधी और कम्युनिस्ट भी संघ की अच्छाई को स्वीकार करने लगे हैं। सरसंघचालक डॉ. भागवत आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और डॉ. विलास डांगरे की मौजूदगी में स्थानीय सुरेश भट्ट सभागार में आयोजित एक साक्षात्कार कार्यक्रम में बोल रहे थे।



सरसंघचालक ने कहा कि जब तक दो व्यक्ति एक-दूसरे से मिलते रहेंगे, तब तक संघ समाप्त नहीं होगा। अब विरोधी और कम्युनिस्ट भी संघ की अच्छाई को स्वीकार करने लगे हैं। अनुकूल परिस्थितियों में कार्य कैसे किया जाए, यह विषय बौद्धिक वर्ग में चर्चा का विषय होता है। स्वयंसेवकों को अनुकूलता का दुष्प्रभाव न हो, इस पर विचार और प्रयास निरंतर जारी हैं। संघ प्रमुख ने बताया कि पिछले 100 वर्षों में संघ का कार्य व्यापक हुआ है, इसलिए संरचना का विकेंद्रीकरण आवश्यक हो गया। कार्य के दौरान कई बार शासन-प्रशासन से संपर्क होता है, इसलिए अलग व्यवस्था की आवश्यकता महसूस हुई। इसी विचार से प्रांत के स्थान पर अब ह्यविभागह्ण की संरचना बनाई गई है। लोगों से मित्रता स्थापित करना और अपने उदाहरण से परिवर्तन लाना ही संघ की कार्यपद्धति है। समय के अनुसार स्वरूप बदलता है, परंतु कार्यपद्धति वही रहती है। सरसंघचालक ने कहा कि संघ के प्रारंभिक काल में परिस्थितियां और चुनौतियां भिन्न थीं। विभाजन के समय हिंदुओं के विरुद्ध दंगे होते थे, इसलिए उस समय संघ का कार्य उनके संरक्षण पर केंद्रित था। अब समय और चुनौतियां बदल गई हैं, इसलिए कार्य भी परिवर्तित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कई विरोधी और कम्युनिस्ट स्वयं को संघ का विरोधी बताते हैं, लेकिन साथ ही संघ को अच्छा भी कहते हैं। संघ के कार्य के प्रति ह्यजेन-जीह्ण अनुकूल कहे जाने वाली पीढ़ी में देश को महान बनाने और परंपराओं को आगे बढ़ाने की भावना दिखाई देती है। उन्हें ईमानदारी और सेवा आकर्षित करती है, जिससे उनका जुड़ाव संघ के विचारों से हो रहा है। वे संघ के कार्य के प्रति अनुकूल हैं। यद्यपि परिस्थितियों के कारण वे प्रत्यक्ष शाखाओं में आने में कुछ कठिनाइयों का सामना करते हैं, फिर भी वे संघ से जुड़ना चाहते हैं। इसके लिए संघ द्वारा उपयुक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हाईराइज इमारतों और सोसायटियों में युवाओं से संपर्क बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## इंदौर में किशनगंज के 6 लोगों की मौत पर सीएम ने जताया शोक

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मध्य प्रदेश के इंदौर में इलेक्ट्रिक कार के चार्जिंग प्वाइंट में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग से बिहार के किशनगंज जिले के रहनेवाले 06 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि मध्य प्रदेश सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके गांव तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। चार्जशीट दाखिल की थी।

**आश्रितों को दो-दो लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश**

# 2014-15 से रेल दुर्घटनाओं में 90 प्रतिशत की गिरावट आई : अश्विनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद को बताया कि भारतीय रेल से जुड़ी दुर्घटनाओं की संख्या में पिछले कुछ वर्षों में भारी गिरावट आई है, और गंभीर दुर्घटनाओं में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है। बुधवार को लोकसभा में लिखित जवाब में मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल के लिए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है, और निरंतर उपायों से परिचालन सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि गंभीर रेल दुर्घटनाओं की संख्या 2014-15 में 135 से घटकर 2025-26 (28 फरवरी तक) में मात्र 14 रह गई है। मंत्री द्वारा साझा किए गए आंकड़ों से पता चला कि 2004-05 से 2013-14 के दौरान 1,711 गंभीर रेल दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 904 लोगों की मौत हुई और 3,155 लोग घायल हुए। 2014-15 से 2023-24 के बीच यह संख्या घटकर 678 दुर्घटनाएं रह गई, जिनमें 748 लोगों की मौत हुई और 2,087 लोग घायल हुए। उनके अनुसार, 2024-25 में ऐसी 31 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 18 लोगों की मौत हुई और 92 लोग घायल हुए, जबकि 2025-26 (फरवरी तक) में 14 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 16 लोगों की मौत हुई और 28 लोग घायल हुए। वैष्णव ने यह भी बताया कि दुर्घटनाओं



में कमी कई सुरक्षा पहलों का परिणाम है, जिनमें बेहतर ट्रैक रखरखाव, आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम और तकनीकी उन्नयन शामिल हैं। सुरक्षा संबंधी गतिविधियों पर व्यय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2013-14 में 39,200 करोड़ रुपए से बढ़कर 2025-26 में 1,17,693 करोड़ रुपए हो गया है, और 2026-27 के लिए 1,20,389 करोड़ रुपए का अतिरिक्त आवंटन किया गया है। मानवीय त्रुटि को कम करने के लिए, 6,665 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जबकि 10,153 से अधिक लेवल क्रॉसिंग गेटों पर इंटरलॉकिंग की व्यवस्था की गई है। 6,669 स्टेशनों पर ट्रैक सर्किटिंग लागू की गई है, जो विद्युत माध्यम से ट्रैक पर यात्रियों की उपस्थिति की पुष्टि करने में सहायक है।

**प. बंगाल विस चुनाव**

## बंगाल में BJP की दूसरी लिस्ट जारी, 111 नाम

**नई दिल्ली/कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को कैंडिडेट्स की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। इसमें 111 कैंडिडेट्स के नाम हैं। एक्ट्रेस रूपा गांगुली को भी टिकट दिया गया है। पार्टी ने सोमवार को 144 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की थी। इसके पहले सुबह असम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की। इसमें सीएम हिमंता बिस्व सरमा सहित 88 नाम हैं। हिमंता अपनी परंपरागत सीट जालुकबारी से चुनाव लड़ेंगे। वे सातवीं बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। 25 दिन पहले भाजपा में आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा को भी टिकट दिया गया है। भाजपा ने एक दिन कांग्रेस छोड़कर पार्टी जॉइन करने वाले सांसद प्रद्युत बोरदोलोई को दिसपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। इधर, प्रद्युत बोरदोलोई के BJP में शामिल होने के बाद उनके बेटे प्रतीक बोरदोलोई ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। प्रतीक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में कहा कि अब उनका कांग्रेस उम्मीदवार बने रहना सही नहीं होगा।

## खबरें : एक नजर में

### दनियावां में दस एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर चालू

**दनियावां (एनएसबी)।** विद्युत उपकेंद्र दनियावां में दस एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर गुरुवार को चालू कर दिया गया।जिससे इस विद्युत उप केंद्र की क्षमता दस से पंद्रह एमवीए की हो गई।अब आने वाली गर्मी में उपभोक्ताओं को लोड शेडिंग से नहीं गुजरना होगा।कनीय अभियंता क्राउन विकास ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड के विभिन्न भागों में लगातार बिजली की बढ़ती जरूरत को लेकर क्षमता में वृद्धि आवश्यक थी।जिसे लेकर विभाग की ओर से एक दस एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित कर चालू कर दिया गया।

### खलिहान में लगी आग लाखों की फसल राख

**फतुहा (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के सोतीचक गांव में बीती रात असामाजिक तत्वों ने एक खलिहान में आग लगा दी। इस घटना में किसान अनिल कुमार सिंह की करीब 14 बीघे की मसूर की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित के अनुसार, इस अगलगी से लगभग 5 लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों और सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरी फसल नष्ट हो चुकी थी। पीड़ित किसान ने गुरुवार को अज्ञात के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सिक्स लेन पुल के नीचे पुलिस की बड़ी स्ट्राइकरू गांजा और शराब की खेप के साथ 5 तस्कर दबोचे गए

**फतुहा (एनएसबी)।** पटना के नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिक्स लेन पुल के नीचे गुरुवार की सुबह पुलिस ने एक बड़े तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। फतुहा-01 से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की गई विशेष छापेमारी में 10.250 किलो ग्राम गांजा और 508 लीटर विदेशी शराब बरामद की है।



इस कार्रवाई में पुलिस ने एक ट्रक और एक हंटर मोटरसाइकिल सहित गिरोह के पांच सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गुरुवार सुबह जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिक्स लेन पुल के नीचे ट्रक संख्या 03-2941 से कुछ संदिग्ध सामान उतारकर ट्रैक्टर पर लोड किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में संतोष कुमार, सुभाष कुमार और सशस्त्र बलों की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुबह मौके पर दबिश दी। पुलिस वाहन को अपनी ओर आता देख ट्रक के ड्राइवर और पास में खड़ी मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य युवक वाहन छोड़कर भागने लगे। हालांकि, मुस्तैद पुलिस बल ने घेराबंदी कर तीनों को मौके पर ही खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान ट्रक चालक राजू कुमार (सारण), कृष्णा राय और सुमित कुमार (दोनों मालसलामी, पटना) के रूप में हुई है। जब ट्रक की विधिवत तलाशी ली गई, तो पुलिस के होश उड़ गए। ट्रक के भीतर से भारी मात्रा में गांजा और अंग्रेजी शराब की खेप बरामद हुई। पुलिस ने मौके से गांजा और शराब के अलावा तीन वकी-टकी और सात एंड्रायड मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि तस्करों का यह नेटवर्क काफी आधुनिक तरीके से संचालित हो रहा था। गिरफ्तार ट्रक चालक राजू कुमार के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए इसी गिरोह के दो अन्य सदस्यों, आकाश कुमार और विकास कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। ये सभी आरोपी पटना के मालसलामी थाना क्षेत्र के रिकाबगंज के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इस सफल छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के साथ संतोष कुमार, सुभाष कुमार और राजेश कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। फिलहाल पुलिस इस मामले में फरार एक अन्य अभियुक्त की तलाश में छापेमारी कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मादक पदार्थों की यह खेप कहाँ से लाई गई थी और इसे कहाँ खपाया जाना था।

### सप्त दिवसीय श्री रुद्रमहायज्ञ के तहत निकली भव्य कलश जलयात्रा, हाथी, घोड़े, ऊंट के साथ हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**दनियावां (एनएसबी)।** प्रखंड के सरथुआ स्थित तोप-सरथुआ रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे मैदान में सप्तदिवसीय श्री रुद्रमहायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के पहले फतुहा के त्रिवेणी संगम गंगा घाट से आकर्षक कलश जल यात्रा निकली जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शिरकत किया। कलश यात्रा में स्थानीय बख्तियारपुर विधायक अरुण कुमार शाह भी शामिल हुए। यह यात्रा करीब 15 किलोमीटर चलकर महारुद्र यज्ञ स्थल परिसर पहुंची।यज्ञ में पंडित श्री संतोषानंद जी महाराज के नेतृत्व में यगाचार्य पंडित श्री चक्रपाणि जी महाराज द्वारा यज्ञ के कर्मकांड किये जायेंगे।अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्री श्यामदास जी महाराज (अयोध्या धाम ) के द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन रोज संध्या 7 बजे से 10 बजे रात्रि तक किया जाएगा।आयोजन समिति के विमलेश कुमार, मोहाबी कुमार, रवि रंजन, कृष्णा प्रसाद, अनिल प्रेमी, शैलेन्द्र कुमार आर्य, शिशुपाल कुमार, संतोष रंजन, बमशंकर कुमार ,शिट्टू व अन्य ने बताया कि यज्ञ को लेकर समीपवर्ती गांवों में भी श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। यज्ञ की शोभायात्रा यात्रा में ऊंट, हाथी, घोड़े भी शामिल हुए। यज्ञाचार्य ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज और राज्य में शांति,भाईचारा, सौहार्द और प्रेम की भावना को बढ़ावा देना है। महारुद्र यज्ञ की समाप्ति आगामी 26 मार्च गुरुवार को होगी।

## वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले निर्धारित राजस्व लक्ष्य हासिल करें : सचिव

**पटना (एनएसबी)।** परिवहन विभाग चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) में निर्धारित राजस्व संग्रहण लक्ष्य को समय से पहले हासिल करने के लिए पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है।

इस क्रम में परिवहन सचिव राज कुमार ने राज्य के सभी जिला परिवहन पदाधिकारियों (डीटीओ) को मौखिक निर्देश देते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व संग्रह करने पर जोर दिया है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल राजस्व लक्ष्य 4 हजार 70 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। मार्च अबतक 3 हजार 850 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया जा चुका है।

**परिवहन विभाग चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) में निर्धारित राजस्व संग्रहण लक्ष्य को समय से पहले हासिल करने के लिए पूरी तरह सक्रिय**

सचिव ने डीटीओ को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वाहन पंजीकरण, परमिट जारी करना, टैक्स वसूली, चालान कटौती, फिटनेस प्रमाण-पत्र आदि सभी मदों से राजस्व संग्रह में तेजी लाई जाए, ताकि विभाग उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज करा सके।

दो सप्ताह पहले विभाग ने विभिन्न जिलों के लगभग तीन दर्जन अधिकारियों से राजस्व लक्ष्य प्राप्ति में लापरवाही बरतने के कारण स्पष्टीकरण मांगा था।

**डीटीओ स्तर :** पटना, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी आदि अपर जिला परिवहन पदाधिकारी (एडीटीओ)रू पटना, सीतामढ़ी, वैशाली, भोजपुर, सिवान, मोतिहारी आदि के मोटर यान निरीक्षक (एमवीआई) मुजफ्फरपुर, बेतिया, नवादा सहित कई जिले प्रवर्तन अवर निरीक्षक (ईएसआई)रू बेतिया, बक्सर, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, लखीसराय आदि इसके अलावा चेकपोस्टों पर कम राजस्व वसूली को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बरतते हुए काम करने कहा है।

## देशभर में गैस संकट पर फेल साबित हो रही मोदी सरकार : राजेश राम

**पटना (एनएसबी)।** इनकम टैक्स चौराहा, पटना में एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत एवं लगातार बढ़ती कीमतों के खिलाफ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों ने जोरदार प्रदर्शन किया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का पुतला दहन किया गया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने देश में उत्पन्न गैस सिलेंडर संकट को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है।उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत हो गई है और आम जनता को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में गैस के लिए लाइन में लगे बुजुर्गों की मौत की खबरें सामने आई हैं, जो बेहद दुखद और चिंताजनक है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि यह स्थिति केंद्र सरकार की नाकामी और कुप्रबंधन का सीधा उदाहरण है। सरकार आम जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह विफल हो चुकी है, जबकि प्रधानमंत्री और उनके मंत्री केवल प्रचार में व्यस्त हैं।

राजेश राम ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आज देश की आम जनता महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की कमी से त्रस्त है। एलपीजी सिलेंडर की किल्लत ने आम लोगों के घरों का चूल्हा ठंडा कर दिया है, जबकि लगातार बढ़ती कीमतों ने



एलपीजी की भारी किल्लत और बढ़ती कीमतों के खिलाफ पटना में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, राजेश राम के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता।

गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है।

उन्होंने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर है और सिर्फ अपनी राजनीतिक लाभ-हानि में व्यस्त है। कांग्रेस पार्टी आम जनता के इस दर्द को बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़क से सदन तक इस मुद्दे को मजबूती से उठाती रहेगी।

राजेश राम ने मांग की कि सरकार तुरंत गैस आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करे, दोषियों की जिम्मेदारी तय करे।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और एलपीजी की आपूर्ति सुचारू करने तथा कीमतों में तत्काल कमी की मांग की।

इस प्रदर्शन में विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा मदन मोहन झा, पूर्व विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, अमिता भूषण, ब्रजेश पाण्डेय, असितनाथ तिवारी, डा. संजय यादव, कुमार आशीष, मिन्नत रहमानी, पंकज यादव, चन्द्रप्रकाश सिंह, वैद्यनाथ शर्मा, राजीव मेहता, अरविन्द लाल रजक, उदय शंकर पटेल, शशि रंजन, गुंजन पटेल, उमेश कुमार राम, हसीब अनवर, अशोक गगन, शशांत शेखर, सुधीर शर्मा, नदीम अख्तर अंसारी, साधना रजक, विमलेश तिवारी, मृणाल अनामय, कमलेश कमल , मंजीत आनन्द साहू, नलिनी रंजन झा, रंजीत कुमार वाल्मीकी, प्रेमचन्द सिंह, प्रो. शशि कुमार सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, सिद्धार्थ क्षत्रिय, डा. अमन कुमार, राकेश कुमार मुन्ना ,सुनील कुमार सिंह, शशि भूषण पंडित, रीता सिंह, राजेन्द्र चौधरी, दौलत इमाम ब्रज किशोर कुशवाहा, कुमारी माला, गुरजीत सिंह, विशाल यादव, धनंजय शर्मा, निधि पाण्डेय, प्रमोद पटेल, विमल यादव, धमेन्द्र कुमार निराला, रजनीश कुमार, अशोक पासवान, अबु तमीम, प्रकाश चन्द्र झा, विजेन्द्र यादव, महेन्द्र यादव, डा. रवि शंकर, संतोष मंडल, रामसागर पाण्डेय, तारक चौधरी, रूमा सिंह, शंकर चौधरी, रंजीत यादव, रकटू प्रसाद, मो. कामरान, किशोर कुमार, संजय पाण्डेय,, सार्जन सिंह,, अरविन्द मुकुल, नरेश अकेला, सतीश कुमार, महेश राय सहित बड़ी संख्या कांग्रेसजन एवं जिलाध्यक्ष मौजूद थे।

## बिना गवाह आरोप पत्र का औचित्य नहीं, पदाधिकारियों को सामान्य प्रशासन के मास्टर सर्कुलर से रूबरू होने की दी सीख

**पटना (एनएसबी)।** किसी भी सरकारी सेवक के खिलाफ दर्ज प्रकरण में अनुशासनिक कार्यवाही (डिस्प्लीनरी प्रोसिडिंग) की प्रक्रिया नियमों के अनुसार पूरी होनी चाहिए। इसमें संचालन या प्रस्तुतिकरण अधिकारी को खुद की जानकारी या ज्ञान को आधार बनाने से बचने की जरूरत है। अक्सर देखने को यह मिलता है कि अनुशासनिक कार्रवाई प्रक्रियात्मक त्रुटि की वजह से अपील या कोर्ट के स्तर पर खारिज कर दिए जाते हैं। ये बातें गुरुवार को दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान के सभागार में आयोजित बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 2005 के प्रावधानों से अलग-अलग विभागों के पदाधिकारियों को रूबरू कराते हुए महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने कही।

श्री दीपक कुमार सिंह ने कहा कि बिना साक्ष्यों के उल्लेख के आरोप पत्र का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए आरोप पत्र में साक्ष्यों का नाम होना जरूरी है। आरोपित पदाधिकारी की मांग पर संचालन पदाधिकारी को किसी विशेष पदाधिकारी को बुलाने की अनिवार्यता नियमावली में नहीं है। उन्होंने सरकारी सेवकों के खिलाफ दर्ज होने वाले प्रकरणों में आर्डरशीट के रखरखाव, गवाही, जांच प्रतिवेदन आदि को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों को कई अहम जानकारी दी।

श्री सिंह ने अनुशासनिक कार्रवाई के तीनों चरण से रूबरू कराते हुए पदाधिकारियों को बताया कि सामान्य प्रशासन

**बिना साक्ष्यों के उल्लेख के आरोप पत्र का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए आरोप पत्र में साक्ष्यों का नाम होना जरूरी है : महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह**

**बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 2005 के तहत सरकारी सेवक को खुद का पक्ष रखने का मौका देना होगा**

विभाग की ओर से मास्टर सर्कुलर जारी है। सभी पदाधिकारियों को इसका अध्ययन करना चाहिए।

सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव और मास्टर ट्रेनर सतीश तिवारी ने कहा कि सरकारी सेवक के खिलाफ गठित आरोप पत्र के चार भाग होते हैं। पहले भाग में आरोपित की व्यक्तिगत जानकारी, दूसरे में स्पष्ट रूप से आरोपित के आरोप, तीसरे में उपयुक्त संक्षिप्त विवरण और चौथे में आरोप प्रमाणित करने वाला अभिलेख-गवाहों की सूची होगी। उन्होंने बताया कि सरकारी सेवकों के खिलाफ प्रकरण में गवाहों का बहुत बड़ा दायित्व है।

श्री तिवारी ने स्पष्ट किया कि कोई भी आरोप पत्र कानूनी रूप से तभी वैध होगा जब वह किसी अनुशासनिक प्राधिकार से अनुमोदित हो। बिना प्रमाणित सरकारी सेवक को आरोपित कहना गलत होगा। उन्होंने विभागीय कार्यवाही और विभागीय कार्रवाई शब्दों के मायने समझाते हुए कहा कि प्रकरण के जांच परिणाम आने तक बीच की सभी प्रक्रियाओं को कार्यवाही की श्रेणी में रखा जाएगा। जबकि अंतिम जांच परिणाम आने के बाद इसे कार्रवाई के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हीं सरकारी सेवकों की नियमित प्रोन्नति लंबित रखी जा सकती है, जिनके खिलाफ आरोप पत्र और अनुशासनिक कार्रवाई का पत्र निर्गत हो चुका हो या फिर आपराधिक मामला दर्ज हो।

संयुक्त सचिव ने बताया कि लघु दंड के लिए भी आरोप पत्र गठित करने के साथ उसका अनुमोदन अनुशासनिक प्राधिकार से लेना जरूरी है। बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 2005 के तहत सरकारी सेवक को खुद का पक्ष रखने का मौका देना होगा। उन्होंने कहा कि सुनवाई के क्रम में प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी खुद की राय नहीं देंगे। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव बतौर मास्टर ट्रेनर शालिग्राम पांडेय, मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय के संयुक्त सचिव प्रभात कुमार, संयुक्त सचिव अमरेश कुमार, उप सचिव आशुतोष कुमार के साथ वित्त, सूचना एवं जनसंपर्क, श्रम संसाधन प्रवासी श्रमिक कल्याण, नगर विकास एवं आवास, पर्यटन, उद्योग और लघु जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए विनाशकारी : डा. प्रमोद कुमार

### गैर सरकारी संगठनों के साथ बैठक का हुआ आयोजन

पटना (एनएसबी)। जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। जैसे हम बीमार पड़ते हैं, तो हमारा शरीर उल्टा काम करना शुरू कर देता है, ठीक वैसे ही हमारी धरती जब बीमार पड़ती है, तो जरूरत से ज्यादा गर्मी, सर्दी और बेमौसम बरसात देखने को मिलता है। इसके लिए हमसभी ही जिम्मेदार हैं। ये बातें गुरुवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने अरण्य भवन में आयोजित बैठक में कही।

राज्य के पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों के साथ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आयोजित इस बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वनीकरण, जैव विविधता संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर गैर सरकारी संगठनों की ओर से किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा उनके अनुभवों और सुझावों को साझा किया गया।

विभागीय मंत्री प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गैर सरकारी संस्थाओं को विभाग की योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एनजीओ के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाए तथा उनके सुझावों को योजनाओं के क्रियान्वयन में शामिल किया जाए। मंत्री ने यह भी बताया कि जन-जागरूकता बढ़ाने एवं सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया जाय। जन-सहभागिता के बिना पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को प्राप्त करना संभव नहीं है, इसलिए आम जनता को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। इस बैठक में विभिन्न जिलों से आए स्वयंसेवी संस्थानों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए और साथ ही उपनी उपलब्धियों के बारे में माननीय मंत्री को बताया।

इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि राज्य स्तर पर एक समन्वय तंत्र विकसित किया जाएगा, जिसके माध्यम से विभिन्न संगठनों

## मांगों की पूर्ति को लेकर सामूहिक अवकाश पर गए राजस्व पदाधिकारियों को निलंबित करने की कार्रवाई की महासंघ (गोप गुट ) ने निंदा की

**पटना (एनएसबी)।** महासंघ (गोप गुट) के राज्याध्यक्ष निरंजन कुमार सिन्हा एवं महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के वादा खिलाफी एवं समझौते को लागू नहीं करने के कारण हड़ताल पर गए अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारियों एवं राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल को उचित ठहराया है एवं अपने मांगों की पूर्ति को लेकर सामूहिक अवकाश पर गए राजस्व पदाधिकारियों के नेताओं को निलंबित करने की कार्रवाई को अनुचित कहा है एवं इस कार्रवाई की निंदा की है ।

महासंघ (गोप गुट) के नेताओं ने मांग किया है कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये कर्मियों के प्रतिनिधियों से तुरंत वार्ता आयोजित किया जाये । साथ ही उन्होंने नौ माह पूर्व हुए सत्रह सूत्री समझौते को लागू करने से इंकार करने की बात करने को बिल्कुल ही असंवैधानिक एवं स्थापित परम्परा के विरुद्ध बताया है ।

जून 2025 में राजस्व कर्मचारियों एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ हुए समझौते को रद्दी का टुकड़ा कहना किसी भी दृष्टिकोण

**महासंघ (गोप गुट) ने हड़ताली कर्मियों के प्रतिनिधियों से सम्मानजनक वार्ता करने एवं पूर्व में हुए समझौते को लागू करने की मांग दुहराई : प्रेमचंद**

से उचित नहीं है और यह अविश्वास को बढ़ाने वाला है । इससे राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री सहित विभाग के पदाधिकारियों के प्रति अविश्वास का भाव कर्मचारियों, पदाधिकारियों के साथ - साथ आम जनता में भी हो रही है ।

वहीं अंचल अधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारियों के मामले में उच्च न्यायालय का आदेश का अनुपालन करना चाहिए था लेकिन उच्च न्यायालय के आदेश को लागू करने के बदले न्यायोचित मांग करने वाले शीर्ष नेताओं को निलंबित करने की निंदा करते हुए अनुरोध किया है कि उक्त आदेश पर पुनर्विचार करते हुए निलंबन आदेश वापस लेने एवं सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है ।

महासंघ (गोप गुट) के अध्यक्ष एवं महासचिव ने कहा कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये राजस्व पदाधिकारियों एवं राजस्व कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से सम्मानजनक वार्ता आयोजित कर मांगों की पूर्ति की दिशा में सकारात्मक निर्णय लिया जाये अन्यथा अलोकतान्त्रिक कार्रवाई के विरुद्ध महासंघ (गोप गुट) के हजारों सदस्य उनके हड़ताल के समर्थन में खड़े होने को बाध्य होंगे ।

## दीदारगंज थाना क्षेत्र में भारत माला प्रोजेक्ट को लेकर भारी बवाल, किसानों की फसलों पर चला बुलडोजर

**फतुहा (एनएसबी)।** बिहार में बुनियादी ढांचे के विकास और किसानों के हितों के बीच का संघर्ष एक बार फिर सड़कों पर आ गया है। गुरुवार को दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुकूलपुर और सैदनपुर के बीच भारत माला प्रोजेक्ट (आमस-दरभंगा 119 फोरलेन) के निर्माण को लेकर प्रशासन और स्थानीय किसानों के बीच तीखी झड़प हुई। तीन महीने के शांत अंतराल के बाद, जब जिला प्रशासन भारी पुलिस बल और बुलडोजर के साथ अधिगृहीत भूमि पर पहुंचा, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। विवाद तब गहराया जब प्रशासन ने किसानों की खेतों में खड़ी लहलहाती फसलों, विशेषकर कीमती चुकंदर की खेती को रौंदने की प्रक्रिया शुरू की। खासपुर, पुनडीह और नाथचक के खंदों में जैसे ही बुलडोजर पहुंचे, दर्जनों किसानों ने अपनी आजीविका बचाने के लिए मशीनों के आगे विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर तैनात एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट सुनील कुमार और किसानों के बीच जमकर बहस हुई, जिसने देखते ही देखते झड़प का रूप ले लिया। स्थिति को नियंत्रित करने और विरोध को दबाने के लिए मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किसान नेता देवकुमार सिंह सहित बारह किसानों को हिरासत में ले लिया। किसान नेता देवकुमार सिंह ने प्रशासन




घटनास्थल पर पुलिस।

पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उचित मुआवजा दिए बिना ही जबरन फसलों को नष्ट किया जा रहा है। किसानों का तर्क है कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में उन्हें बाजार दर के अनुरूप राशि नहीं मिली है। दूसरी ओर, जिला प्रशासन का दावा है कि किसानों को 75 प्रतिशत अतिरिक्त राशि बढ़ाकर मुआवजा देने का प्रस्ताव है। बावजूद इसके, जब किसान अपनी जमीन छोड़ने को तैयार नहीं हुए, तो पुलिस बल ने उन्हें बलपूर्वक हटाकर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। दीदारगंज पुलिस और जिला बल की मौजूदगी में फिलहाल सड़क निर्माण का काम जारी है, लेकिन क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट सुनील कुमार का कहना है कि किसानों के साथ किसी भी तरह की कोई झड़प नहीं की गई है। ये लोग जबरन जेसीबी मशीन के आगे लेट गए थे और सरकारी काम में बाधा पहुंचा रहे थे। हमें सड़क निर्माण का कार्य हर हाल में पूरा करने का स्पष्ट आदेश मिला हुआ था, इसलिए पुलिस प्रशासन द्वारा इन लोगों को वहां से हटाकर थाना ले जाया गया है। जिन लोगों ने भी कार्य में अवरोध पैदा किया है और जिन्हें थाने लाया गया है। फिलहाल क्षेत्र में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत निर्माण कार्य शांतिपूर्वक जारी है।

## सोनी सब के 'गणेश कार्तिकेय' में देवी पार्वती ने अटूट भक्ति से जगाया भगवान महादेव को

**मुंबई (एनएसबी)।** सोनी सब लेकर आया है भक्ति, परिवार और दिव्य ज्ञान की अमर कहानियाँ गाथा शिव परिवार की गणेश कार्तिकेय के माध्यम से। शिव परिवार के गहरे बंधन का उत्सव मनाते हुए, शो खूबसूरती से भगवान गणेश (निर्णय समाधिया) और भगवान कार्तिकेय (सुभान खान) की कम जानी जाने वाली कथाओं को प्रस्तुत करता है। भगवान शिव (अविनेश रेखी) और देवी पार्वती (श्रेनु पारिख) के प्रिय पुत्रों की ये दिव्य गाथाएँ आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करती हैं। शो में आध्यात्मिक गहराई और परिवार के भावुक पलों का सुंदर संगम दिखाया गया है, जो रिश्तों और मूल्यों को उजागर करता है।

आने वाले एपिसोड्स में कथा देवी पार्वती और भगवान शिव के दिव्य मिलन की ओर बढ़ती है। सती के बलिदान के बाद पुनर्जन्म लेकर पार्वती महादेव को जागृत करने के संकल्प के साथ तपस्या शुरू करती हैं। महादेव गहरे ध्यान और शोक में लीन रहते हैं, लेकिन पार्वती वर्षो तक कठिन तप और सेवा करती हैं। इस बीच, राक्षस तारकासुर (आमिर दलवी) का अत्याचार ब्रह्मांड को संकट में डाल देता है। कामदेव (करण चौधरी) प्रेमबाण से शिव का ध्यान भंग करने का



प्रयास करते हैं, जिससे शिव प्रचंड क्रोध में कामदेव को भस्म कर देते हैं। परंतु पार्वती की अटूट भक्ति धीरे-धीरे शिव के दुःख को पिघलाती है और उनके नियति-निर्धारित मिलन की राह बनाती है। यह एक ऐसा क्षण है, जो ब्रह्मांडीय संतुलन को पुनः स्थापित करता है और उस पुत्र के जन्म का मार्ग प्रशस्त करता है, जो तारकासुर का अंत करेगा।

'गणेश कार्तिकेय' में देवी पार्वती का किरदार निभा रहीं श्रेनु पारिख ने साझा किया, इस चरण में देवी पार्वती का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खास रहा, क्योंकि यह उनकी भक्ति और शक्ति की गहराई को दर्शाता है। देवी पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लेने के बाद, वे देवी सती के बलिदान और भगवान शिव के दुःख की स्मृति साथ लेकर आती हैं। यही स्मृति उन्हें महादेव को संसार में वापस लाने के लिए ढ़ संकल्प देती है। जिन श्यों में वह वर्षो तक तपस्या करती हैं और भगवान शिव के प्रति अपने प्रेम में विश्वास बनाए रखती हैं, उन्हें शूट करना बेहद भावुक अनुभव था। मुझे देवी पार्वती की सबसे प्रेरणादायक बात उनकी धैर्य और अटूट आस्था लगती है, भले ही भगवान शिव प्रतिक्रिया न दें, वे हार नहीं मानतीं। यह ट्रैक खूबसूरती से दर्शाता है कि भक्ति, धैर्य और सच्चा प्रेम सबसे गहरे दुःख को भी बदलने की शक्ति रखते हैं।

सोनी सब पर देखिए गणेश कार्तिकेय, हर सोमवार से शनिवार रात 8 बजे।

## आशियाना-दीघा रोड में अवधी रेस्टुरेंट के तीसरे ब्रांच का शुभारंभ

**पटना (एनएसबी)।** पटना के आशियाना दीघा रोड में रामनगरी मोड़ के पास, विनय टावर स्थित अवधी रेस्टुरेंट के तीसरे ब्रांच का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विक्रम के विधायक सिद्धार्थ सौरभ एवं पूर्व विधायक राम जनम शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक सिद्धार्थ सौरभ ने कहा, पटना में इस तरह के गुणवत्तापूर्ण फूड आउटलेट्स का विस्तार शहर की बदलती जीवन शैली का प्रतीक है। अवधी रेस्टुरेंट लोगों को बेहतर स्वाद और स्वच्छता के साथ उत्कृष्ट सेवा प्रदान करेगा, यह खुशी की बात है। वहीं पूर्व विधायक राम जनम शर्मा ने कहा, यह रेस्टुरेंट क्षेत्र के लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प साबित होगा, जहां परिवार के साथ बैठकर विविध व्यंजनों का आनंद लिया जा सकेगा। मैं इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। रेस्टुरेंट अपने ग्राहकों के लिए स्वादिष्ट स्वीट्स, स्नैक्स, बेकरी आइटम्स एवं पारंपरिक अवधी व्यंजनों की विशेष सुविधा प्रदान करेगा। रेस्टोरेंट के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि कंकड़बाग और पाटलिपुत्रा कलोनी में ग्राहकों के ह और विश्वास के बाद यह तीसरा ब्रांच शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता, स्वच्छता और बेहतरीन स्वाद का अनूठा अनुभव मिलेगा। उन्होंने आगे बताया कि रेस्टुरेंट का उद्देश्य लोगों को एक ही स्थान पर विविध स्वादों का आनंद उपलब्ध कराना है। रेस्टुरेंट प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 10:30 बजे तक खुला रहेगा। शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष अफर भी रखा गया है, जिसके तहत 25 मार्च तक स्वीट्स एवं चाट आइटम्स पर 10 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर व्यंजनों का आनंद लिया।





विक्रम के विधायक सिद्धार्थ सौरभ एवं पूर्व विधायक राम जनम शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया।

# अपने प्रतिद्वंदियों को हरा कर प्रेम झा, सतीश व राजेश बने पैक्स अध्यक्ष, मनोहर व राकेश निर्विरोध निर्वाचित

**पूसा (एनएसबी)।** प्रखंड के पांच पंचायतों में पैक्स चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इनमें से कुबौलीराम एवं धोबगामा पंचायत में पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जबकि चंदौली, चकले बैनी एवं गंगापुर पंचायतों में चुनाव कराना पड़ा। बुधवार को देर रात तक मतगणना और चुनाव परिणामों की घोषणा होती रही। प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी रविश कुमार रवि ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि, चंदौली पैक्स के लिए हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रेम कुमार झा 794 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजकिशोर राय को 634 मतों के भारी भरकम अंतर पराजित कर पैक्स अध्यक्ष का ताज बरकरार रखा। प्रतिद्वंदी राजकिशोर राय को महज 160 मत से ही संतोष करना पड़ा। वहीं पिछड़ा वर्ग से सदस्य पद पर रंजीत कुमार राय ने 456 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राम सकल सिंह को करीबी मुकाबले में 21 मत से पराजित कर दिया। श्री सिंह को 435 मत प्राप्त हुए। जबकि अति पिछड़ा वर्ग से सदस्य पद पर वकील कुमार पंडित ने 485 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विजय महतो को 62 मतों से पराजित कर दिया। श्री महतो को महज 62 मत से ही संतोष करना पड़ा। चकले वैनी पंचायत के पैक्स चुनाव में सतीश कुमार नए पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने बेहद करीबी मुकाबले में 318 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 20 मतों से हरा कर यादगार जीत हासिल किया। पूर्व अध्यक्ष श्री सिंह को 218 मत प्राप्त हुए, तीसरे स्थान पर रहे रणजीत कुमार ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं सदस्य पद पर पिछड़ा वर्ग के लिए विजय कुमार सिंह ने 370 मत लाकर निकटतम प्रतिद्वंदी पंकज कुमार को 49 मत से पराजित कर दिया। पंकज कुमार की 328 मत प्राप्त हुए। जबकि सदस्य पद पर अनुसूचित जाति अर्जुन कुमार एवं अनिता देवी ने क्रमशः 328 मत एवं 298 मत लाकर 254 मत प्राप्त करने वाली मंजू देवी को पराजित कर दिया। अर्जुन कुमार एवं अनिता देवी को दोनों निर्वाचित घोषित किया गया। गंगापुर पंचायत में हुए पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद पर 255 मत के साथ राजेश कुमार निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पूर्व अध्यक्ष श्याम कुमार चौधरी को 95 मतों से शिकस्त दी। श्री चौधरी को 160 मत से संतोष करना पड़ा। वहीं धोबगामा पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद पर मनोहर ठाकुर एवं कुबौलीराम पंचायत से पैक्स अध्यक्ष के पद पर राकेश कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी नव निर्वाचित अध्यक्षों को बधाई देते हुए प्रखंड प्रमुख रविता तिवारी ने किसानों के हित में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि आप सभी किसान भाइयों की समृद्धि के प्रहरी हैं। मैं कामना करती हूं कि, आपके नेतृत्व में किसान समृद्ध व खुशहाल होंगे। वहीं धोबगामा मुखिया राजीव कुमार ने भी सभी विजेताओं को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में पैक्स अपने उद्देश्य को हासिल कर सकेगा और किसान भाइयों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।


पैक्स चुनाव में जीत के बाद का नजारा।

## संक्षिप्त खबरें

### अन्नप्राशन दिवस का हुआ आयोजन

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** गुरुवार को खानपुर में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी वर्षा सिन्हा के नेतृत्व में रेबड़ा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 161 पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार चंद्रा द्वारा विधिवत फीता काटकर अन्नप्राशन दिवस एवं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर 6 माह से 8 माह के शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही चार किशोरियों को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के तहत पुरस्कार स्वरूप स्कूल बैग एवं कैप प्रदान किए गए। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अन्नप्राशन दिवस के उद्देश्य, ऊपरी आहार के महत्व, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा लोगों को ऐसे कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कुपोषित एवं अत्यंत कुपोषित बच्चों की पहचान, पोषण पुनर्वास केंद्र रेफरल, फॉलो-अप एवं स्वास्थ्य-पोषण परामर्श के प्रति भी जागरूक करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी वर्षा सिन्हा ने बताया कि जन्म के तत्काल बाद सहित नवजात शिशु को 6 माह तक केवल स्तनपान और 6 माह के बाद स्तनपान के साथ पूरक आहार देना चाहिए। बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए पौष्टिक आहार बेहद जरूरी होता है।

### ईमानदारी जिंदा है : चाय दुकानदार ने लौटाया महिला को रुपये से भरा थैला



**मोरवा (एनएसबी)।** जिले के मोरवा से एक दिल को छू लेने वाली घटना सामने आई है। जहां चाय दुकानदार रंजीत कुमार साह ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को प्रखंड के चंदौली हाट स्थित बिहार ग्रामीण बैंक चकपहाड़ शाखा के सीएसपी से 10 हजार रुपये पॉलीथिन में रखकर एक महिला घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में उसका थैला गिर गया। संयोगवश वह थैला चाय दुकानदार रंजीत कुमार की माता विंदेश्वरी देवी को मिला। जिन्होंने उसे सुरक्षित रखकर अपने बेटे को थैले की जानकारी दी। बाद में पीड़ित महिला को उसका पूरा सामान-10 हजार रुपये नगद, आधार कार्ड और बैंक पासबुक-सुरक्षित वापस कर दिया गया। महिला ने दुकानदार और उनकी माता का आभार जताया। यह घटना दशार्ती है कि आज भी समाज में ईमानदारी जिंदा है।

### अपर थानाध्यक्ष के वेतन पर एसपी ने लगाई रोक

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर थाना में पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार झा के वेतन पर पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने रोक लगा दी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 11 मार्च को पुलिस कार्यालय स्थित हिंदी प्रशाखा में प्रपत्र एवं अंतिम आरोप पत्र के मिलान के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। इसे अनुशासनहीनता एवं कर्तव्यहीनता मानते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है और वेतन पर रोक लगाई गई है।

### नहीं रहे समाजसेवी व 111 वर्षीय वयोवृद्ध कलर पूर्वे

**बिथान (एनएसबी)।** स्थानीय बाजार के प्रख्यात समाजसेवी और प्रखंड के सबसे बुजुर्ग सर्वप्रिय कलर पूर्वे का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के लोग उनके निवास स्थान पर पहुंचे और शोक व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार,कलर पूर्वे लगभग 111 वर्ष के थे और अपने लंबे और समाजसेवा से भरे जीवन के लिए जाने जाते थे। उनका अंतिम संस्कार सिमरिया घाट पर संपन्न हुआ। उनके पुत्र शिव शंकर पूर्वे ने उन्हें मुखाग्नि दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व और समाज के लिए समर्पित सेवा का प्रतीक बताया।

### नगर परिषद की सामान्य बैठक 24 को

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** नगर परिषद के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्राक्कलन को अनुमोदित एवं पारित करने के संबंध में सशक्त स्थायी समिति की पिछली बैठक द्वारा अनुमोदित बजट बजट प्राक्कलन पर चर्चा/परिचर्चा उपरांत पारित करने हेतु आगामी 24 मार्च को अपराह्न 2 बजे से प्रशासनिक भवन के सभागार में सामान्य बैठक आयोजित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिसार कुमार ने बताया कि बैठक में भाग लेने हेतु सभी संबंधित सदस्यों को जानकारी देते हुए अनुरोध किया गया है।

### बाजिदपुर में बने नए भवन में शिफ्ट हुआ विद्यापतिनगर थाना

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** नव निर्मित थाना भवन में वैदिक रीति से पूजन के बाद विधिवत रुप से उसमें थाना शिफ्ट हो गया। अपने स्थापना काल से ही किराये एवं दूसरे विभाग के मकान में संचालित हो रहा था जिससे अब मुक्ति मिल गया। आधुनिक तकनीक से परिपूर्ण थाना भवन के पूजन से थानाकर्मियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों में प्रसन्नता का भाव है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार के द्वारा पूजन किया गया। बता दें कि विगत 41 वर्षों से थाना दूसरे विभाग के मकान में संचालित हो रहा था। मकान के जर्जर होने के कारण अभिलेखों के साथ-साथ अपने दायित्व के निर्वहन में कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिससे अब मुक्ति मिल जायेगी। बाजितपुर स्थित आईबी परिसर में बने नव निर्मित थाना भवन में महिला व पुरुष कैदियों के लिए अलग-अलग हाजत के साथ थानाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों के लिए कक्ष की व्यवस्था है साथ ही पुलिस बल को रहने के लिए कमरा भी उपलब्ध है। मौके पर अपर थानाध्यक्ष आराधना कुमारी, एसआई शलिम रजा, शक्ति कुमार, एएसआई राकेश कुमार मुंशी पंकज कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के काशीपुर स्थित लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा गुरुवार को सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गई। विद्यालय प्रशासन के कुशल निर्देशन तथा शिक्षकों के सहयोग से परीक्षा का संचालन व्यवस्थित ढंग से आयोजित किया गया। परीक्षा के दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने अनुशासन एवं पारदर्शिता का परिचय देते हुए परीक्षा दी। विद्यालय प्रबंधन ने परीक्षा व्यवस्था को कदाचार मुक्त बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की थी। विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार झा ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि, मेहनत और लगन ही सफलता की असल कुंजी है। परीक्षा-परिणाम दिनांक 29.03.2026 (रविवार) को घोषित किया जायेगा जिसमें सभी अभिभावकों की उपस्थिति अनिवार्य है। साथ ही दिनांक 02.04.2026 से आगामी शैक्षणिक सत्र (2026-27) की आधुनिक तरीके से शुरूआत की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय की शिक्षिका संध्या सुमन, आँचल सिंह, शिल्पी कुमारी, स्मृति कुमारी, बुलबुल कुमारी, व शिक्षक चंचल झा, विकास कुमार दीपक, आदित्य कुमार सिंह, सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी मृत्युंजय झा, राकेश कुमार कर्ण, भोला कुमार, रोहित कुमार तथा लक्ष्मी कुमारी की अहम् भूमिका रही। जिले में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के प्रतीक लक्ष्य के चेयरमैन ठाकुर उदय शंकर ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



## रामनवमी एवं ईद के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की विधि-व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी रामनवमी और ईद पर्व को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में शांति, आपसी सौहार्द और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने सभी थाना क्षेत्रों में सघन गश्ती बढ़ाने और संवेदनशील स्थलों पर विशेष पैनी नजर रखने का निर्देश दिए। साथ ही असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु सूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय करने एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित करने और स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। इस क्रम में पदाधिकारी द्वय ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त बल की प्रतिनियुक्ति और आवश्यक बुनियादी व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा करने की बात कही। मौके पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता राजस्व ब्रजेश कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर सदर दिलीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे, एवं मुख्यालय के अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे। जबकि सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी यथा एसडीओ, बीडीओ, सीओ एवं थानाध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने-अपने कार्यालयों से बैठक में सम्मिलित हुए।



बैठक में निर्देश देते डीएम व अन्य।

## जल एवं नदी संरक्षण को लेकर जिला गंगा समिति ने किया गंगा स्वच्छता एवं जल महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जल एवं जलाशय संरक्षण को समर्पित जिला गंगा समिति ने गंगा स्वच्छता पखवाड़ा एवं जल महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन किया। जिले के मोहनपुर स्थित जी.एम.आर.डी. महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विधान चंद्र भारती, जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति नीरजेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद पटोरी अजय कुमार, डॉ लक्ष्मण यादव, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. संतोष कुमार, डॉ. सुनील कुमार, स्वयंसेवक रजनीश कुमार शामिल हुए। बताते चलें कि, स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 31 मार्च तक किया जाना है।जिसमें विभिन्न गतिविधि को आयोजित करना है। इसी क्रम में गुरुवार को जल अर्पण, चित्रकला, क्विज व रंगोली प्रतियोगिता, स्वच्छता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एन.एस.एस. के स्वयंसेवक व कॉलेज के सैकड़ों छात्रझछात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान युवाओं ने जल संरक्षण एवं नदी संरक्षण पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया। ज्ञान प्रतियोगिता के तहत चित्रकला प्रतियोगिता में पिंकी कुमारी ने प्रथम, लिशु कुमारी ने द्वितीय, एवं अभिषेक कुमार गुप्ता ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता में हिमांशु कुमार प्रथम, काजल कुमारी द्वितीय, एवं सुधांशु कुमार तृतीय एवं रंगोली प्रतियोगता में पिंकी कुमारी प्रथम, बबली कुमारी द्वितीय, एवं अंकित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी व पदाधिकारी।

## ट्रैक किनारे महिला का शव मिलने से सनसनी

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** पूर्व मध्य रेलवे के हाजीपुर-बछवारा रेलखंड पर स्थित विद्यापति धाम रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार दोपहर रेलवे ट्रैक के किनारे एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और इसकी सूचना विद्यापतिनगर थाना पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला के सिर में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। सूचना मिलने पर विद्यापतिनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी सूरज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से गिरने के कारण हुई दुर्घटना का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि महिला के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि चलती ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत हुई होगी। हालांकि, वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।



## कक्षा एक से आठवीं कक्षा तक के बच्चों का वार्षिक मूल्यांकन संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना द्वारा राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्यनरत वर्ग प्रथम से अष्टम तक के छात्र छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन आज समाप्त हो गया। इसके बाद व्यवहृत उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कंपलेक्स रिसोर्स सेंटर पर समन्वयक के नेतृत्व में शुरू की गई ,जो चार कार्य दिवस में पूर्ण किया जाना है। इस दौरान प्रतिनियुक्त शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं की जांच प्रत्येक छात्र छात्रा के परिणाम को मूल्यांकन पंजी या प्रपत्र में संधारित्र करने, प्रगति पत्रक, विद्यार्थियों के परिणाम को संधारित करने का कार्य तथा नामांकन पंजी में छात्र छात्राओं का नाम अंकन 25 मार्च तक पूरा कर लेंगे जिसे 30 मार्च को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी में साझा करेंगे। समस्तीपुर प्रखंड के कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेला पंचरुखी के समन्वयक मुकेश कुमार ने कहा कि अपने अधीनस्थ पांच विद्यालयों के प्रतिनियोजित शिक्षकों का अनुमोदनीपरांत उत्तर पुस्तिका जांच कार्य में लगाया गया है।जहां शिक्षक अपने विद्यालयों की कॉपी की जांच नहीं कर दूसरे विद्यालय की कॉपी की जांच की।उन्होंने कहा कि कॉपी जांच के परिणाम में प्राप्त अंकों में 80 से 100% वाले को ए, 61 से 80% को बी ,41 से 60% को सी,33 से 40% को डी एवं 0 से 31% को ई ग्रेड दिए जाने का प्रावधान किया गया है।


मौखिक परीक्षा में शामिल कक्षा 1 के बच्चे।

## समस्तीपुर के आदित्य झा को 'भोजपुरी सिने भूषण सम्मान' सिनेमा और समाज सेवा में योगदान को मिली पहचान

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के युवा फिल्म निमार्ता आदित्य झा को सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड्स 2026 में प्रतिष्ठित 'भोजपुरी सिने भूषण सम्मान' से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें भोजपुरी सिनेमा में उनके महत्वपूर्ण योगदान और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों के लिए प्रदान किया गया। उनके इस सम्मान से न केवल समस्तीपुर बल्कि पूरे बिहार में खुशी की लहर है।

आदित्य झा ने भोजपुरी फिल्म उद्योग में कई सार्थक फिल्मों का निर्माण किया है, जिनमें 'सॉरी यार', 'इत्ती सी खुशी', 'अवैध', 'अवैध 2', 'संकल्प' और 'ठाकुरगंज' जैसी फिल्में शामिल हैं। उनकी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों, भावनात्मक संवेदनाओं और यथार्थ को प्रमुखता दी जाती है। जो दर्शकों के बीच खासी पसंद की जाती हैं। उनकी रचनात्मक सोच और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण ने श्री झा को अलग पहचान दिलाई है।

खानपुर थाना अंतर्गत श्रीपुर गाहर वार्ड 06 में 3 फरवरी 1982 को जन्मे श्री झा ने स्थानीय स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर सी.एम. कॉलेज दरभंगा से बी.कॉम की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंटेंसी और कंपनी सेक्रेटरी जैसे प्रतिष्ठित कोर्स पूरे किए। वर्ष 2011 में एम.कॉम की डिग्री प्राप्त की। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के बावजूद आदित्य झा ने समाज सेवा और युवाओं के मार्गदर्शन को अपना उद्देश्य बनाया। वे दरभंगा, पटना, नोएडा और दिल्ली में अपनी शाखाओं के माध्यम से वित्तीय परामर्श और प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। हजारों युवाओं को अकाउंटिंग, टैक्सेशन और कॉर्पोरेट क्षेत्र की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को सहयोग और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में उनका योगदान उन्हें एक सफल फिल्म निमार्ता के साथ-साथ समाजसेवी के रूप में भी स्थापित करता है।


सम्मान प्राप्त करते आदित्य।

## विद्यापतिनगर में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य शुरू, कुछ केंद्रों पर शिक्षक अनुपस्थित

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के सभी 14 संकुल संसाधन केंद्रों पर गुरुवार से वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की औपचारिक शुरूआत हो गई। यह मूल्यांकन कार्य प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में कक्षा तीन से आठ तक के छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा से संबंधित है। बुधवार को परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद उत्तर पुस्तिकाओं को संबंधित संकुल केंद्रों पर भेज दिया गया, जहां अब उनकी जांच की जा रही है। शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार इस बार मूल्यांकन कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए संकुलाधीन शिक्षकों को बड़े पैमाने पर इस कार्य में लगाया गया है, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर परिणाम तैयार किए जा सकें। संकुल समन्वयक नथुन राम बोस ने बताया कि माह के अंत में आयोजित होने वाली शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी के दौरान ही छात्रों का रिजल्ट घोषित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन कार्य में तेजी लाई गई है। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि मूल्यांकन में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे, जिससे छात्रों का सही आकलन हो सके।

हालांकि, कुछ मूल्यांकन केंद्रों पर प्रतिनियुक्त शिक्षकों की अनुपस्थिति भी सामने आई है। कई केंद्रों पर निर्धारित ड्यूटी के बावजूद कुछ शिक्षक कार्यस्थल पर नहीं पहुंचे, जिससे मूल्यांकन कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में विभागीय स्तर पर संज्ञान लेने की बात कही जा रही है।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा भी मूल्यांकन कार्य की निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है। कुल मिलाकर, प्रशासन की कोशिश है कि समय पर और निष्पक्ष तरीके से मूल्यांकन कार्य पूरा कर छात्रों का परिणाम घोषित किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### कड़ी निगरानी में कांप्लेक्स रिसोर्स सेंटर पर कॉपियों का मूल्यांकन प्रारंभ

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के काम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर परसौनी उतरी,जफरा,बरहा, बिस्फी, दुल्हा, बैगरा, सिगिया, औसी, रघौली सहित सभी केंद्र पर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच गुरुवार से प्रारंभ हो गई. जांच के लिए बीआरसी स्तर पर बिषय वार और वर्गवार पढ़ाने वाले शिक्षकों की प्रतिनियुक्त परीक्षक के रूप में की गई है .जो 24 तक कॉपी जांच करेंगे. बीईओ शेखर कुमार व महेश पासवान ने बताया कि 25 मार्च तक मूल्यांकन पंजी का संधारण कर लेना है. बच्चों के प्रगति पत्रक, सतत व्यापक मूल्यांकन पंजी और ई शिक्षकोष पोर्टल पर प्राप्त अंकों के संधारण से संबंधित कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिए गए हैं. ई शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से ही वर्ग एक एवं वर्ग 2 के मौखिक परीक्षा के प्राप्तांक प्रगति पत्रक एवं सतत मूल्यांकन पंजी में संधारण किया जाएगा. 30 मार्च को पीटीएम कार्यक्रम के दौरान शिक्षक अभिभावक के समक्ष प्रगति पत्रक का अवलोकन किया जायेगा. बैठक के बाद फिर से वापस संग्रहण करते हुए सुरक्षित रखेंगे. ताकि वार्षिक परीक्षा के बाद प्रत्येक विद्यार्थी को हस्तगत कराया जा सके. इस मौके पर केंद्राधीक्षक राजेश कुमार झा, शंकर पाठक, हरिशंकर प्रसाद दास, अशोक साफी, विनोद कुमार झा, मो जियाउद्दीन, मीनाक्षी कुमारी, डॉ कौशलेंद्र कुमार सिंह, भगवान जी मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे.

### नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी सदस्य को सांसद प्रतिनिधि ने दी बधाई

**बिस्फी (एनएसबी)।** पैक्स अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी के चुनाव में नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने सहर्ष बधाई दि हैं. कहा कि किसान खेत खलिहान की उन्नति के दृष्टिकोण से ही पैक्स का गठन होता हैं. पंचायत स्तर पर एक मजबूत प्रशासनिक और आर्थिक पद, जो ग्रामीण नीति-निर्माण में भागीदार होता है। ग्रामीण स्तर पर किसानों और सरकार के बीच की मुख्य कड़ी पैक्स ही है. जो कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.इनके माध्यम से किसानों को सस्ते ब्याज पर कर्ज, खाद, बीज, कीटनाशक और फसल बीमा का लाभ मिलता है. साथ ही, वे धान-गेहूं की सरकारी खरीद, गोदाम की सुविधा और सीएसी के जरिए विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का संचालन भी कर सकते हैं उम्मीद जताया कि इस बार विभिन्न पैक्सो में जो अध्यक्ष निर्वाचित हुए है वे सहकारिता विभाग के नींव को और भी मजबूत करने में सहायक साबित होंगे. सभी निर्वाचित प्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्रों में किसानों के हित में निरंतर काम करने के साथ ही उच्च स्तरों पर किसानों की आवाज बुलंद करने का कार्य करते रहेंगे.

### कलश स्थापन के साथ ही हुई मां शैलपुत्री की पूजा

**मधुबनी (एनएसबी)।** वसंत नवरात्र आरम्भ होते ही पूरा वातावरण हुआ भक्तिमय, लोग आस्था, पवित्रता और संयमता को अपनाकर भगवती के विशेष पूजा पाठ में लगे रहे। मधुबनी काली मंदिर परिसर स्थित मां श्यामा चैती दुर्गा भवन में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों से विशेष पूजा पाठ किया जा रहा है। व्यवस्थापक सह पूर्व वार्ड पार्षद कैलाश साह ने बताया कि इस बार अन्य वर्ष से तिगुनी श्रद्धालु ने कलश शोभा यात्रा में भाग लिया, वहीं पूजा के अध्यक्ष श्री कृष्ण मोहन जी का कहना है कि किसी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो इसके लिए पूरी समुचित व्यवस्था किया गया ।नवरात्र में कलश का विशेष महत्व माना जाता है।कलश सनातन धर्म में पूजा, विवाह और गृह-प्रवेश जैसे मंगल कार्यों की नींव है, जो समृद्धि और दिव्य ऊर्जा का प्रतीक है। पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि धार्मिक रूप से, इसमें त्रिदेवों (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) और शक्तियों का वास माना जाता है। वैज्ञानिक रूप से, तांबे या मिट्टी का कलश जल को शुद्ध करता है और आम के पत्ते,नारियल से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा व ऑक्सीजन का संचार होता है।

### मध्य विद्यालय परसौनी बिस्फी के छात्रों ने लहराया परचम

**बिस्फी (एनएसबी)।** बिहार राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय परसौनी बिस्फी के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है.गणित ओलंपियाड में अभिमन्यु कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता के बालक वर्ग में यश कुमार झा



ने बाजी मारी.वही बालिका वर्ग में निशा कुमारी ने गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान हासिल किया.जबकि रोशनी कुमारी ने चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया.इन शानदार उपलब्धियों से विद्यालय के साथ-साथ पूरे प्रखंड में हर्ष का माहौल है. चयनित छात्र-छात्रा 22 मार्च को बिहार दिवस पटना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे. बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार, चहुटा अंचल बीईओ महेश पासवान, विद्यालय प्रधान राजेश कुमार झा, शिक्षक संघ के अध्यक्ष शत्रुघ्न राय, विकास ठाकुर, दिनेश यादव, सुदी लाल यादव मनोज मंडल, अशोक साफी,विभा कुमारी,विनोद झा. डॉ कौशल कुमार सिंह, मो जियाउद्दीन, मीनाक्षी कुमारी, हेमंत कुमार मिश्र, हरिशंकर प्रसाद दास ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सहकारिता के नींव को और भी मजबूत करने में सहायक साबित होंगे नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष : विष्णुदेव सिंह यादव

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में पैक्स अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी के चुनाव में नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने सहर्ष बधाई दिया हैं।



सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने कहा कि किसान खेत खलिहान की उन्नति के दृष्टिकोण से ही पैक्स का गठन होता हैं। पंचायत स्तर पर एक मजबूत प्रशासनिक और आर्थिक पद, जो ग्रामीण नीति-निर्माण में भागीदार होता है। ग्रामीण स्तर पर किसानों और सरकार के बीच की मुख्य कड़ी पैक्स ही है, जो कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके माध्यम से किसानों को सस्ते ब्याज पर कर्ज, खाद, बीज, कीटनाशक और फसल बीमा का लाभ मिलता है। साथ ही, वे धान-गेहूं की सरकारी खरीद, गोदाम की सुविधा और सीएसी के जरिए विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का संचालन भी कर सकते हैं। सांसद प्रतिनिधि श्री यादव ने कहा कि उन्हें उम्मीद जताया है कि इस बार विभिन्न पैक्सो में जो अध्यक्ष निर्वाचित हुए है वे सहकारिता विभाग के नींव को और भी मजबूत करने में सहायक साबित होंगे ।उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्रों में किसानों के हित में निरंतर काम करने के साथ ही उच्च स्तरों पर किसानों की आवाज बुलंद करने का कार्य करते रहेंगे।

### दो अवैध देशी पिस्टल एक जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**मधुबनी (एनएसबी)।** थानाध्यक्ष, लखनौर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की ग्राम बेला के भुतहा गाछी के पास एक युवक मोटरसाईकिल लेकर घूम रहा है जिसे पकड़ने पर संदिग्ध वस्तु मिल सकती है। यह सूचना वरीय पदाधिकरी को सुचित करते हुए थानाध्यक्ष, लखनौर थाना द्वारा सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक करवाई हेतु पुलिस बल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचा गया। पुलिस वाहन को देखते हीं एक युवक अपने मोटरसाईकिल से उतरकर भागने लगा जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पूछने पर उसने अपना नाम रमन कुमार बताया एवं भागने का कारण पुछने पर युवक द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नही दिया गया।पुलिस द्वारा तलाशी के सभी नियमों का पालन करते हुए तलाशी के क्रम में उसके कमर के दोनो तरफ से 02 अवैध देशी पिस्टल, पॉकेट से 01 जिन्दा कारतूस तथा 03 खोखा बरामद हुआ। तत्पश्चात मोटरसाईकिल सहीत सभी बरामद वस्तु को जप्ती सुचि बनाकर जप्त करते हुए उक्त व्यक्ति विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पकड़ाये हुए व्यक्ती से हथियार के बारे में पूछने पर इनके द्वारा बताया गया की यह हथियार मैंने अमित कुमार, ग्राम थाना-मरौना, जिला-सुपौल से लिया हूँ एवं इस हथियार से लोगो में भय पैदा करके छीना-झपट्टी का कार्य एवं कभी-कभी इसका खरीद-बिक्री का कार्य भी करता हूँ।

# देव तुल्य राजा सलहेश महोत्सव का भव्य आयोजन, लोक संस्कृति की अनुपम छटा बिखरी

**मधुबनी (एनएसबी)।** कला एवं संस्कृति विभाग, तथा जिला प्रशासन के सौजन्य से देव तुल्य राजा सलहेश महोत्सव का भव्य आयोजन 18 मार्च 2026 को रामपट्टी दुर्गास्थान के प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जिला परिषद अध्यक्षा बिंदु गुलाब यादव, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी नीतीश कुमार, रामपट्टी के मुखिया अरुण चौधरी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।राजा सलहेश की जीवन गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयासअपने उद्बोधन में जिला परिषद अध्यक्षा बिंदु गुलाब यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमारी समृद्ध लोक परंपरा और देवतुल्य राजा सलहेश की जीवन गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कला एवं



दीप प्रज्वलित का उद्घाटन करते।

संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक जागरूकता को सुदृढ़ करते हैं।रामपट्टी के मुखिया अरुण चौधरी ने महोत्सव के आयोजन हेतु विभाग एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं एससी/एसटी जिला अध्यक्ष बलराम पासवान ने अपने संबोधन में राजा सलहेश के शासन, वीरता और न्यायप्रियता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया।

लोक कला एवं संस्कृति की विविध प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्धमहोत्सव के दौरान क्षेत्रीय लोक कला एवं संस्कृति की विविध विधाओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत लोक गायक दिनेश पासवान के सुमधुर गायन से हुई, जिसमें पारंपरिक धुनों के माध्यम से लोक जीवन की सजीव झलक प्रस्तुत की गई।इसके पश्चात राम कुमार राम की प्रस्तुति ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। राजेंद्र पासवान द्वारा प्रस्तुत रासन चौकी ने पारंपरिक लोक शैली को जीवंत किया, जबकि रमेश मंडल के लोक नृत्य ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जोगी पासवान द्वारा प्रस्तुत मेहराई गायन ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक गहराई जोड़ी।लोक कला रंग द्वारा प्रस्तुत नाटक ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से मंचित कर दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की।स्थानीय कला के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में सफल आयोजनपूरे महोत्सव के दौरान स्थानीय कला, संस्कृति एवं परंपराओं की समृद्ध झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति, कलाकार, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय लोक कलाओं का संरक्षण एवं संवर्धन करना था, जिसमें यह महोत्सव पूर्णतः सफल रहा।अंत में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी नीतीश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मंच संचालन का दायित्व दुर्गेश मंडल ने कुशलतापूर्वक निभाया।

## 47 गैस एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी के द्वारा हो रही गैस की आपूर्ति : डीएम

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण सामान्य हो रही है तथा एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के समस्याओं का भी निराकरण किया जा रहा है।जिले में विभिन्न कंपनियों यथा- आई.ओ.सी.एल., एच. पी.सी.एल. तथा बी.पी.सी.एल के कुल-103 एलपीजी गैस एजेंसी कार्यरत है। जिसमें कुल उपभोक्ताओं की संख्या-9 लाख 61 हजार 36 है। सभी कंपनियों को मिलाकर एक से 18 मार्च तक कुल-2 लाख 54 हजार 46 उपभोक्ताओं के द्वारा बुकिंग की गयी है। जिसमें कुल-2 लाख 7 हजार 741 उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस की डिलिवरी कर दी गयी है।कुल-11 हजार 151 एलपीजी गैस के लिए बुकिंग की गई है। सभी कंपनियों को मिलाकर जिले में गैस सिलिंडर बिक्री की कुल संख्या- 13 हजार 53 है। सभी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था की गयी है तथा महिलाओं, दिव्यांगों एवं बुजुर्गों के लिए अलग से विशेष लाईन की व्यवस्था की गयी है।शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिन तथा सभी उपभोक्ताओं के लिए साल में मात्र 12 गैस की ही बुकिंग करने की व्यवस्था लागू है।सभी उपभोक्ता इसका पालन करते हुए ही बुकिंग का प्रयास करें। वर्त्तमान में सर्वर की समस्या नहीं है।शीघ्र ही जिले के अन्य एजेंसियों के द्वारा भी होम डिलीवरी की प्रक्रिया को भी बहाल किया जायेगा।व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जिला द्वारा उपलब्ध कराये गए लिंक पर अपने आवश्यकतानुसार डिमांड करने का निदेश दिया गया है, ताकि वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनको व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा गुगल लिंक एवं विभिन्न सोशल मीडिया यथा-फेसबुक, ट्विटर आदि से प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से निपटारा किया जा रहा है एवं कृत कार्रवाई को जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर भी अपलोड किया जा रहा है।



जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

## हिन्दू नववर्ष पर निकली भव्य प्रभात फेरी, सांस्कृतिक उत्साह से गुंजायमान हुआ शहर



शोभा यात्रा निकाल।

**जयनगर (एनएसबी)।** चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर गुरुवार को जयनगर में हिन्दू नववर्ष का स्वागत पूरे उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख सह अधिवक्ता श्याम किशोर सिंह के नेतृत्व में सुबह 7 बजे भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी की शुरूआत शिशु मंदिर, पटना गद्दी चौक स्थित नागरिक शिशु मंदिर परिसर से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

प्रभात फेरी शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यह यात्रा पटना गद्दी चौक से निकलकर भेलवा चौक, वाटरवेज चौक, महावीर चौक, शहीद चौक और स्टेशन रोड होते हुए पुनः शिशु मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। लोग पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर अनुशासन के साथ चल रहे थे और भारतीय नववर्ष के स्वागत में नारे एवं गीतों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय और ऊजार्वान बना रहे थे।प्रभात फेरी के दौरान ॖवंदे मातरम्ॖ, ॖभारत माता की जयॖ और ॖहिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएंॖ जैसे नारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। कई स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर इस यात्रा का स्वागत किया। इससे पूरे आयोजन में उत्सव का माहौल और अधिक प्रखर हो गया। आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपरा और नववर्ष के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में जागरूकता फैलाना था।इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख श्याम किशोर सिंह ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से भारतीय नववर्ष की शुरूआत होती है, जो सृष्टि के नव सृजन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को इसके महत्व से अवगत कराना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करें।कार्यक्रम में नगर कार्यवाह प्रवीन कुमार, हरिश्चंद्र यादव, रवि पूर्वे, अरुण जैन, दिनेश जांगिड़, मनोज कुमार, आचार्य ऋषि अतुल आनंद जयंत, सुधीर खर्गा, राम प्रसाद राउत, अरविंद तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रभात फेरी को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। खास बात यह रही कि युवाओं और विद्यार्थियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिससे आयोजन में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

प्रभात फेरी के समापन के बाद शिशु मंदिर परिसर में एक संक्षिप्त सभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने हिन्दू नववर्ष के धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें नई शुरूआत, सकारात्मक सोच और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है।इस भव्य आयोजन से जयनगर शहर में उल्लास और उत्सव का वातावरण देखने को मिला। प्रभात फेरी ने न केवल लोगों को एकजुट किया, बल्कि भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व और आत्मीयता की भावना को भी और अधिक सुदृढ़ किया।

## चैती नवरात्र पर धमियांपट्टी में 11 दिवसीय नवाह सह अष्टायाम महायज्ञ का शुभारंभ

**जयनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के रजौली पंचायत अंतर्गत धमियांपट्टी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में चैती नवरात्र के पावन अवसर पर गुरुवार से 11 दिवसीय श्री श्री 108 नवाह सह अष्टायाम महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।नवाह संकीर्तन समिति के अध्यक्ष कैलाश झा, सचिव संयोग झा, कोषाध्यक्ष नीतीश मिश्र एवं संरक्षक आशीष मिश्रा सहित समस्त ग्रामीणों के नेतृत्व में इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सरपंच परमेश्वर झा, वार्ड सदस्य सुरेश मिश्रा, देवधा थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, लक्ष्मीकांत मिश्रा, शंकर झा, जगदीश मिश्र समेत अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया।उद्घाटन के उपरांत आयोजकों ने सभी अतिथियों को पारंपरिक मिथिला संस्कृति के प्रतीक पाग एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया। वहीं पंडित सुमन कुमार झा एवं पुजारी उदयकांत झा ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ कराया।

इस 11 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में मधुबनी जिले के कसमा मरार संकीर्तन मंडली द्वारा लगातार भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया जा रहा है। ॖकाली दुर्गे, राधे-श्याम, गौरी-शंकर, सीता-रामॖ जैसे भक्ति गीतों की गूंज से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं।महायज्ञ को लेकर दुर्गा मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी एवं सजावट से सुसज्जित किया गया है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। संकीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत की जा रही मनमोहक झांकियां भी श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर रही हैं। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया है, जहां स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु भी भाग ले रहे हैं। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल, खिलौने एवं खान-पान की दुकानों से रौनक बढ़ गई है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रोशन झा, रोशन मिश्रा, इंद्रकांत झा, जितेंद्र नारायण ठाकुर, अभिनव ठाकुर, विनय कुमार ठाकुर, शरद कुमार ठाकुर सहित समस्त ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही। आयोजकों ने बताया कि 11 दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहेगा।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## पथराही पंचायत पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्य पद का चुनाव कार्य सम्पन्न

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां प्रखंड कार्यालय स्थित मतगणणा कक्ष में बुधवार की देर रात पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पथराही पंचायत पैक्स चुनाव का मतगणना कार्य सम्पन्न हुआ' निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष बिन्देस्वर सिंह अपने प्रतिद्वंद्वी संजय कुमार महतो को 686 मतों के अंतर से हराकर अध्यक्ष पद पर काबिज हुआ ।निर्वाचन पदाधिकारी ( स. स ) सह बीडीओ राकेश कुमार ठाकुर ने पूछने पर कहा कि पथराही पंचायत पैक्स के रिक्त अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य पद पर बुधवार को मवि पथराही ( पुरानी बाजार ) में सम्पन्न हुआ ।उन्होंने कहा कि पैक्स चुनाव के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बिन्देश्वर सिंह एवं संजय कुमार महतो के बीच आमने सामने के मुकाबले में बिन्देश्वर सिंह अपने प्रतिद्वंद्वी संजय कुमार महतो को 686 मतों के अंतर से पराजित कर दोबारा पैक्स अध्यक्ष पद पर काबिज हुआ। निर्वाचन पदाधिकारी ( स. स.) सह बीडीओ आर के ठाकुर ने कहा कि 1570 वोटरों ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया । प्रत्याशी बिन्देश्वर सिंह के पक्ष में कुल 1063 जबकि संजय कुमार महतो 377 वोट ही बटोर पाया. 686 वोट के अंतर से बिन्देश्वर सिंह पैक्स अध्यक्ष पद पर काबिज हुआ।उन्होंने कहा कि 10 सदस्य पदाधिकारी पद चुनाव हुआ. चुनाव में इबीसी सदस्य पद पर उर्मिला देवी निर्विरोध एवं राम कुमार पंडित चुनाव में जीत दर्ज कराया.जबकि अन्य सदस्य पदाधिकारी के रिक्त पर हुए वोट में सामान्य सदस्य पद पर अरुण कुमार सिंह, भोला महतो, विनोद कुमार महतो, सादिया देवी एवं सीता देवी के आलावा एस सी पद पर ललिता देवी एवं वरुण पासवान, वीसी पद पर पवन देवी एवं श्याम सुन्दर सिंह विजय हुए।



प्रमाण पत्र लेते।

## अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर अनुश्रवण समिति की बैठक करें : डीएम

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा द्वारा वर्चुअल माध्यम से गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक कर विभागीय कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में एजेंडावार सभी विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खाद्यान्न वितरण की समीक्षा के क्रम में उपस्थित सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि खाद्यान्न वितरण प्रक्रिया का गंभीरतापूर्वक पूरी पारदर्शिता के साथ पर्यवेक्षण करते हुए खाद्यान्न वितरण की गति में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लाभुकों को पूरी पारदर्शिता एवं सहजता के साथ ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने नया राशन कार्ड निर्गत की समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को समय सीमा के अंदर निष्पादन हेतु निर्देश दिया। उन्होंने राशन दुकानों का नियमित रूप निरीक्षण करने का निर्देश देते हुए कहा कि निरीक्षण की सिर्फ खानापूर्ति से काम नहीं चलेगा, निरीक्षण के सकरात्मक परिणाम भी नजर आने चाहिए। उन्होंने कहा सभी पदाधिकारी हर हाल में निर्धारित की गई संख्या में लक्ष्य के अनुरूप राशन दुकानों का निरीक्षण करेंगे. जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वह भी अपने निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध ससमय राशन दुकानों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि साप्ताहिक जांच के क्रम में पंचायतों में पहुंचकर जन वितरण दुकानों द्वारा राशन वितरण का ग्रामीणों से फीडबैक भी लें. जिलाधिकारी ने अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर अनुश्रवण, सतर्कता एवं निगरानी समिति की नियमित रूप से बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने माप तौल पदाधिकारी को भी निर्देश दिया कि नियमित रूप से अनुमंडल वार सत्यापन का कार्य करे,जिसकी अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा मॉनिटरिंग भी की जाएगी।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, ऑफलाइन राशन कार्ड, राशन कार्ड टाइमलाइन प्रतिवेदन (आरटीपीएस), ऑनलाइन राशन कार्ड, आधार सीडिंग से संबंधित प्रतिवेदन, प्रवासी मजदूर से संबंधित प्रतिवेदन, किए गए निरीक्षण कार्य से संबंधित प्रतिवेदन, आपूर्ति कार्यालय से संबंधित न्यायालयवाद, विभिन्न जनता दरबार से संबंधित प्रतिवेदन, सीपीग्राम, मानवाधिकार, लोक सूचना,लोक शिकायत,लोकायुक्त से संबंधित प्रतिवेदन एवं सेवांत लाभ से संबधित विषयो पर समीक्षा कर कई आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शतप्रतिशत राशन कार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड बने,इसको लेकर पीडीएस डीलर के सहयोग से इस महीने के अंतिम सप्ताह में एक विशेष अभियान चलाए।



बैठक करते।

## संक्षिप्त खबरें

### कलश शोभायात्रा के साथ नवाह महायज्ञ की हुई शुरूआत, यज्ञस्थल पर उमड़ी श्रद्धालु भक्तों की भीड़

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बन्दरा प्रखंड क्षेत्र के शिवनगर तेपरी स्थित श्रीराम जानकी ठाकुरवाड़ी में गुरुवार को नौ दिवसीय नवाह महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बन गया। यह वातावरण लगातार नौ दिनों तक बनी रहेगी। नवाह महायज्ञ की शुरूआत से पहले कलश स्थापना के लिए जलबोझी के तहत कलश शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं के साथ 251 कन्याएं बूढ़ी गंडक नदी के तेपरी घाट पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से जलबोझी कराया गया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में कलशयात्री पुनः यज्ञ स्थल शिवनगर तेपरी स्थित श्रीराम जानकी ठाकुरवाड़ी पहुंचे, जहां पंडित उमा शंकर झा के सानिध्य में कलश स्थापना कराया गया। यजमान के रूप में अमर कुमार राय ने यज्ञ के पूजन में सहभागिता निभाई। आयोजकों ने बताया कि यज्ञ के दौरान नौ दिनों तक संगीतमय श्रीराम धुन का अखंड उच्चारण किया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य गणेश राय, अरुण राय, वार्ड सदस्य सचिंद्र राय, सरोज कुमार बिट्टू, राजन कुमार, कन्हैया कुमार राहुल, संजय राय, विनय कुमार राय, श्याम राय, कृष्ण नंदन राय, सूरज देव राय, राजकुमार, बुधराम राय समेत अन्य ग्रामीण श्रद्धा भक्ति के साथ सक्रिय हैं।



### शिवदाहा में चैत्र नवरात्र पर निकली भव्य कलश यात्रा, कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय चैत नवरात्र व्रत शुरू

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार को शिवदाहा पंचायत में श्रद्धा और भक्ति के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस भव्य आयोजन में 551 महिलाओं और कन्याओं ने भाग लेकर क्षेत्र को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। नवरात्र के प्रथम दिन विधि-विधान से कलश स्थापना के साथ पूजा-अर्चना की शुरूआत हुई। देवी मंदिरों, पूजा पंडालों और घरों में श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना में जुट गए। इस अवसर पर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की गई। महेशवारा हाई स्कूल सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर विशेष पूजन का आयोजन किया गया, जहां कलश स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ भी जारी है। इस दौरान कई स्थानों पर गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास के रंग में सराबोर नजर आया। ग्रामीण चुनचुन सिंह ने बताया कि यहां एक सप्ताह तक कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। वहीं पूजा पंडालों और मंदिरों में प्रतिदिन शाम को महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा। नवरात्र के इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु शक्ति की उपासना में लीन हैं।



### मुजफ्फरपुर में बाल श्रम के खिलाफ बड़ा अभियानः 3 दिनों में 9 बालश्रमिक हुए मुक्त

**मुजफ्फरपुर/एनएसबी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर 17 मार्च 2026 से 19 मार्च 2026 तक श्रम अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में गठित धावा दल द्वारा बाल श्रम के खिलाफ जिले में चलाए गए सघन अभियान में मुजफ्फरपुर नगर क्षेत्र के साथ साथ सदर अनुमंडल के कांटी, मरवन, कुढ़नी और मीनापुर क्षेत्रों के विभिन्न दुकानों, होटलों और प्रतिष्ठानों से कुल 9 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, मुजफ्फरपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से निदेर्शानुसार उन्हें बाल गृह में रखा गया है। इस मामले में दोषी नियोजकों के खिलाफ संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। इस कानून के तहत दोषियों पर ₹20,000 से ₹50,000 तक का जुमार्ना और दो वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। इसके अलावा प्रत्येक बाल श्रमिक के लिए नियोजकों से ₹20,000 की अतिरिक्त राशि वसूल की जाएगी। यह राशि जिलाधिकारी के अधीन संचालित जिला बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष में जमा होगी। राशि जमा नहीं करने पर संबंधित नियोजकों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस या नीलामी वाद भी दायर किया जाएगा। श्रम अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि यह धावा दल आगे भी नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह मुजफ्फरपुर शहर के साथ-साथ सभी अनुमंडल और प्रखंड मुख्यालयों में भी यह अभियान जारी रहेगा और बाल श्रम कराने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### क्षेत्र में व्याप्त बिजली संकट के मुद्दे पर मीनापुर विधायक ने सर्किट हाउस में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मीनापुर विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर मीनापुर के जदयू विधायक अजय कुमार कुशवाहा ने गुरुवार को नगर स्थित सर्किट हाउस में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। विधायक श्री कुशवाहा ने बैठक के दौरान उपस्थित विभगीय अधिकारियों को मीनापुर विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त बिजली संबंधित समस्याओं- जर्जर तार, ट्रांसफार्मर, लो वोल्टेज, कम बिजली आपूर्ति, बिजली बिल में गड़बड़ी आदि से अवगत कराया। साथ हीं इन सभी समस्याओं को पहल कर शीघ्रता से दूर करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि मीनापुर क्षेत्र की जनता की जो भी बिजली विभाग से संबंधित समस्याएं हैं, उसे अविलंब दूर किया जाना चाहिए। क्योंकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता की पहली शिकायत बिजली को लेकर हीं सुननी पड़ रही है। उन्होंने उपस्थित विभगीय अधिकारियों को मामले को गंभीरता से लेते हुए जनता की बिजली से संबंधित समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया। बैठक में बिजली विभाग के अधिकक्षण अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता एवं मुख्यमंत्री कृषि विद्युतीकरण योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित थे।



### युवाओं के मार्गदर्शन व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी प्रखंड क्षेत्र के पंचायत भवन रानी पोखर के समीप अखिल ग्रामीण युवा विकास समिति के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कांटी एवं मड़वन प्रखंड के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं के उत्साह और सहभागिता ने आयोजन को खास बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जदयू विधायक इंजीनियर अजीत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक अजीत कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को निखारना और युवाओं को सही दिशा देना था। आयोजन के दौरान अखिल ग्रामीण युवा विकास समिति द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को मेडल और कप प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर मुखिया ज्ञान कौशिक, जिला पार्षद आभा ठाकुर, कार्यक्रम प्रबंधक सत्य प्रकाश, कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर सौरभ सिंह, संस्था के सचिव सुबोध कुमार पांडे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



# गायघाट में पुलिस ग्रामीण झड़प मामले में आरोपी गायघाट थानाध्यक्ष सहित दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**एसएसपी ने कहा : साक्ष्य व सबूत के आधार पर निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ मामले की होगी दो स्तरीय जांच**

**मुजफ्फरपुर(एमएसबी)।** गायघाट प्रखंड केके चोरनिया गाँव मे मंगलवार की रात कोर्ट के आदेश पर पॉक्सो से सम्बंधित मामले के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम और ग्रामीणों के बीच हुई हिंसक झड़प मामले मे ग्रामीणों और पुलिस द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर दो अलग अलह प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी देते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन, जिसमे यह आरोप लगाया गया है कि पुलिस की गोली से ग्रामीण की मौत हुई है और गोली गायघाट थानाध्यक्ष द्वारा मारी गई है, इस आरोप के आलोक में फिलहाल आरोपी पुलिस पदाधिकारी सह थानाध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित भी कर दिया गया है। वही आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम को बच्चा चोर करार देकर ग्रामीणों द्वारा घेर लिए जाने, फिर पथराव करने तथा लाठी डंडे से हमला कर दो पुलिस वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिए जाने कर साथ हमलावरों द्वारा गायघाट थानाध्यक्ष, एक पुलिस पदाधिकारी तथा दो जवानों कुल चार पुलिसकर्मियों को घायल होने की पीड़ित पुलिस पदाधिकारी द्वारा लगाए गए आरोप के साथ दिए गए आवेदन के आलोक में ग्रामीणों के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसएसपी ने बताया कि दोनों प्राथमिकी के आधार पर पुलिस जांच शुरू कर दी गई है। दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए आरोप से संबंधित साक्ष्य और सबूत जुटाए जा रहे हैं। इस जांच में एफएसएल की टीम को भी लगाया गया है। एसएसपी ने कहा कि दोनों पक्षों के आवेदन पर निष्पक्ष और पुरी पारदर्शिता के साथ जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उसको लेकर ग्रामीणों का गुस्से में आना स्वाभाविक है। लेकिन अब जब दोनों पक्षों के मामले की जांच शुरू हो गई है तो ग्रामीणों को स्थिति सामान्य रखने के साथ जांच मे पुलिस की मदद करने की अपेक्षा रखते हैं। एसएसपी ने कहा कि फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है। लोग जांच में पुलिस की मदद भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में भी टीम गठित कर जांच कराई जाएगी, इसके लिए वे जिलाधिकारी से लिखित अनुरोध करेंगें। एसएसपी ने कहा कि मामला संवेदनशील है और इसकी हर दृष्टिकोण से निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनपर कानून सम्मत करवाई होगी। इस दौरान एसएसपी ने लोगों से शांति बनाए रखने तथा सोशल मीडिया के द्वारा भ्रामक सन्देश या अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपनी की है।



गायघाट मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते एसएसपी।

# कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेल रहे एल एस कॉलेज के छात्रों का आंदोलन जारी

**कॉलेज प्रशासन की सदबुद्धि के लिए छट्ठे दिन किया हवन यज्ञ**

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** नगर के लंगट सिंह महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा छात्र आंदोलन गुरुवार को 6 दिन भी जारी रहा। वहीं गुरुवार को आंदोलनकारी छात्रों ने अपनी समस्याओं के समाधान और अधिकारों की मांग को लेकर कॉलेज प्रशासन को सदबुद्धि मिले, इस कामना के साथ छात्रों ने कॉलेज परिसर के आंदोलन स्थल पर ह्लसद्बुद्धि हवन यज्ञह्व किया। हिन्दू नव वर्ष के शुभारंभ एवं चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माँ शैलपुत्री की आराधना के पावन अवसर पर आयोजित इस यज्ञ के माध्यम से आंदोलनकारी छात्रों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि कॉलेज एवं विश्वविद्यालय प्रशासन को सद्बुद्धि प्राप्त हो, ताकि वे छात्रों की न्यायोचित मांगों को समझते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लें। छात्रों ने बताया कि पूर्व में हुए भूख हड़ताल के दौरान लिखित रूप से उनकी मांगों को स्वीकार किया जा चुका था। इसके बावजूद अबतक छात्रावास नहीं खोला गया है और न ही पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला जैसी आवश्यक सुविधाओं को बहाल किया गया है। इस निरंतर उपेक्षा के कारण छात्रों में असंतोष की परिणति आंदोलन के स्वरूप में दिख रहा है। आंदोलन में शामिल विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने कहा कि यह ह्लसद्बुद्धि यज्ञह्व हमारी आस्था के साथ-साथ हमारे संघर्ष का प्रतीक है। हम चाहते हैं कि प्रशासन छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय को समझे और जल्द से जल्द हमारी मांगों को पूरा करे। वहीं अभाविप कार्यकर्ता सुशांत सिंह ने कहा कि यह यज्ञ एक बड़े छात्र आंदोलन का शंखनाद है। यदि शीघ्र ही हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो यह आंदोलन और व्यापक एवं उग्र रूप धारण करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कॉलेज एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। कॉलेज के छात्रों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि कॉलेज प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन जबतक उनकी मांगों को बहाल नहीं करता, तबतक यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। आंदोलनकारी छात्रों ने कहा कि यह संघर्ष केवल वर्तमान छात्रों के लिए नहीं, बल्कि आने वाले विद्यार्थियों के अधिकारों और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए भी है। इस ह्लसद्बुद्धि यज्ञह्व के मौके पर आशुतोष, अमन, अनोलम चंद्र, अनमोल ठाकुर, राहुल, रौशन, नितिन, प्रिंस सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



कॉलेज परिसर में सदबुद्धि हवन यज्ञ करते कॉलेज के आंदोलनकारी छात्र गण।

## गायघाट कांड मामले में ग्रामीण की मौत के जिम्मेदार थानाध्यक्ष पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर हो गिरफ्तारी : राजद

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** गायघाट प्रखंड अंतर्गत बेरुआ पंचायत के चोरनिया गांव में मंगलवार की देर रात पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई झड़प के दौरान समाजसेवी जगतवीर राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना को लेकर इलाके में आक्रोश का माहौल है। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि गायघाट थानाध्यक्ष द्वारा ही इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया, जिसे लेकर कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही गुरुवार को राजद का एक प्रतिनिधिमंडल चोरनिया गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर समाजसेवी जगतवीर राय की मौत को लेकर गहरी संवेदना प्रकट कीं। साथ हीं प्रतिनिधिमंडल ने इस दुखद घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि आरोपी थानाध्यक्ष के खिलाफ अविलंब हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराते हुए स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषी को कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई। साथ हीं राजद नेताओं ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई। इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के डीजीपी और मुजफ्फरपुर एसपी से भी बातचीत कर शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट कहा कि जबतक दोषी सलाखों के पीछे नहीं होंगे, उनकी लड़ाई जारी रहेगी। मौके पर गायघाट के पूर्व विधायक निरंजन राय, विधान परिषद सदस्य कारी सोहैब, जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता, पृथ्वीनाथ राय, बबलू कुशवाहा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



मृतक ग्रामीण के शोकाकुल परिजनों से मिलने पहुची राजद की टीम।

### लोक भवन में राज्यपाल से मिले नगर विधायक रंजन कुमार, अंगवस्त्र व बुके देकर किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** मुजफ्फरपुर नगर विधायक रंजन कुमार गुरुवार को पटना स्थित लोक भवन में बिहार के नए राज्यपाल सैयद अता हसनैन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक रंजन कुमार ने अंगवस्त्र एवं बुके भेंटकर उनका सम्मान किया। इसके पश्चात उनसे हुई बातचीत में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस क्रम में नगर विधायक रंजन कुमार ने राज्यपाल से मुजफ्फरपुर की प्रसिद्ध लीची के संरक्षण, संवर्धन एवं उसके राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार में विस्तार को लेकर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र के विकास, नए उद्योगों की स्थापना तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के मुद्दे पर भी संवाद हुआ। वही रंजन कुमार ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अपनी प्राथमिकताओं से महामहिम को अवगत कराया।



## गायघाट पुलिस ग्रामीण झड़प कांड के पीड़ित परिवार से मिले सांसद पप्पू यादव, निष्पक्ष जांच का दिया भरोसा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गायघाट थाना क्षेत्र के चोरनिया गांव में मंगलवार की देर रात पुलिस-ग्रामीण भिड़ंत के दौरान हुई एक ग्रामीण की मौत के मामले को लेकर सांसद पप्पू यादव गुरुवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। उन्होंने चोरनिया गांव जाकर मृतक जगतवीर राय के परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। साथ हीं उन्होंने मृतक के परिजनों को घटना की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराने का भरोसा दिलाया। पीड़ित परिवार से बातचीत के दौरान सांसद ने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर 'हल्की राजनीति' नहीं होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि न्याय के लिए संघर्ष जरूरी है, लेकिन छोटी-छोटी राजनीति से समाज को नुकसान होता है और इससे न तो न्याय मिलता है और न ही सामाजिक सौहार्द बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच करने तथा दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को हरसंभव न्याय दिलाने के लिए वे उनके साथ खड़े हैं। इससे पूर्व सांसद के चोरनिया गांव पहुंचने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और लोगों ने उन्हें पूरी घटना की जानकारी देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।



# मुशहरी प्रखंड मुख्यालय में आयोजित 'जन संवाद' में भष्टाचार्र के मुद्दे पर फूटा जनाक्रोश, विधायक ने कहा : भ्रष्टाचार बंद करो वरना होगी कड़ी कार्रवाई

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** लंबे समय से भ्रष्टाचार और पदाधिकारियों कर्मचारियों की मनमानी झेलते झेलते परेशान मुशहरी प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक की पहल पर गुरुवार को मुशहरी प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित 'जन संवाद' कार्यक्रम में पदाधिकारियों और कर्मचारियों पर खूब भड़के। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भागीदारी के लिए पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखते हुए प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार पर गंभीर सवाल उठाए। जन संवाद के दौरान सबसे अधिक शिकायतें अंचलाधिकारी मुशहरी एवं राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ सामने आईं। लोगों ने खुले रूप में आरोप लगाया कि दाखिल-खारिज एवं अन्य भूमि व राजस्व कार्यों के लिए खुलेआम पैसे की मांग की जाती है और बिना पैसे के यहां काम नहीं होता। जन संवाद के दौरान महिलाओं ने भी कहा कि उनकी समस्याओं को यहां कोई सुनने वाला नहीं है। प्रखंड कार्यालय में पैसा देखकर ही जिम्मेदार लोग काम करते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित कई किसानों ने बताया कि परिमार्जन व जमीन का दस्तावेज अपडेट कराने के लिए 6 महीने से कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन आजतक काम नहीं हुआ। कार्यक्रम में जनता द्वारा की गई खुलेआम शिकायत के मद्देनजर कार्यक्रम में उपस्थित विधायक बेबी कुमारी ने प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अब जनता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही, मनमानी या भ्रष्टाचार बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि सरकारी योजनाओं में देरी, उदासीनता या अनियमितता करने वाले किसी भी पदाधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्ष्टाचार्र को गंभीरता से लेते हुए कहा कि अंचल अधिकारी मुशहरी एवं राजस्व कर्मचारियों की पूरी कार्यप्रणाली की जांच कराई जाएगी। यदि भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े पुख्ता साक्ष्य सामने आते हैं, तो संबंधित अधिकारियों पर कठोरतम कार्रवाई तय है। उन्होंने जनता के कड़े तेवर को देखते हुए कहा कि जनता का शोषण करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। विधायक ने सख्त लहजे में कहा कि यदि तत्काल सुधार नहीं हुआ, तो मुशहरी में बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए आंदोलन की स्थिति बन सकती है, ऐसे में वे स्वयं जनता के साथ खड़ी होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करेंगी। उन्होंने प्रखंड व अंचल कार्यालय के सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने की हिदायत दी। वही बीडीओ द्वारा आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निदान का आश्वासन दिया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों में समाधान के प्रति विश्वास एवं सकारात्मक माहौल बना। वहीं विधायक ने कहा कि ह्लजन संवादह्व अब केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता के अधिकारों की लड़ाई का मंच बन चुका है। जहां हर शिकायत का जवाब और हर लापरवाही का हिसाब लिया जाएगा। जन संवाद कार्यक्रम में भाजपा पूर्वी के जिला महामंत्री मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा,आशीष पिंटू, भाजपा नेता सह 20 सूत्री अध्यक्ष श्रीकुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष बासुदेव साह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रभात कुमार चुन्नू, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश पांडे, जदयू मुशहरी प्रखंड अध्यक्ष गौरव कुमार, हम पार्टी मुशहरी प्रखंड अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नवनीत सिंह, पूर्व जिला पार्षद मुक्तेश्वर प्रसाद सिंह मुकेश, पूर्व मुखिया बनवारी सिंह, पंचायत समिति सदस्य अभिषेक कुमार, उप मुखिया शहवाजपुर कृष्ण सहनी, नीरज कुमार, संजय कुमार, राकेश कुमार, अविनाश ओझा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।




जन संवाद कार्यक्रम में अपनी शिकायत व परेशानी का बखान करते क्षेत्र के लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### बबलू पटेल के स्मृति में जिला स्तरीय विक्रम ट्रॉफी 2026 का 21 मार्च से होगा शुभारंभ : रवि शर्मा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बबलू पटेल पुस्तकालय घोघराहा के तत्वावधान में स्व. बबलू पटेल के स्मृति में जिला स्तरीय 13वीं विक्रम ट्राफी 2026 का आयोजन 21 मार्च से प्रारंभ होगा। घोघराहा गोट में स्थित सोना ईट उद्योग के खेल मैदान में आयोजित होगा। उक्त बातें बबलू पटेल पुस्तकालय के अध्यक्ष रवि शर्मा व टूनार्मेंट के संयोजक दिनेश कुमार यादव ने कही। उन्होंने बताया विक्रम ट्रॉफी के आयोजक सोना ईट उद्योग, सह प्रायोजक कृष्णा आटा उद्योग होंगे। ट्रॉफी में भाग लेने के लिए इंट्री फीस 3500 सौ रखा गया है। उन्होंने कहा कि विजेता टीम एवं उप विजेता टीम को एलईडी टीवी, कप एवं मूल राशि दिया जाएगा। मैच टेनिस बॉल से 20-20 ऑवर का होगा। अम्पायर का निर्णय सर्वमान्य होगा। एलबीडब्लू को छोड़कर आईसीसी के सभी नियम लागू होने के साथ दोनों पारियों की शुरूआत नई गेंद से होगी। टूनार्मेंट में सिर्फ 16 टीमें भाग ले सकेंगी और दोनों पारियों की शुरूआत नई गेंद से की जाएगी। फाइनल मैच का आयोजन नाइट में होगा। ट्रॉफी के सफलता को लेकर आयोजित बैठक में प्रखंड प्रमुख रतन शर्मा, जिला परिषद क्षेत्र संख्या 18 के प्रतिनिधि सुनील शर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

### सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन के नाम के साथ अब आधिकारिक रूप से जुड़ा 'जंक्शन'

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** उत्तर बिहार के रेल यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए एक ऐतिहासिक खबर सामने आई है। पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन के नाम के साथ अब आधिकारिक रूप से 'जंक्शन' शब्द जोड़ दिया गया है। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर द्वारा जारी वाणिज्यिक अधिसूचना के अनुसार, यह बदलाव 15 मार्च 2026 से प्रभावी हो गया है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय समस्तीपुर मंडल की अनुशंसा पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया गया है। अब से इस स्टेशन की पहचान 'सीतामढ़ी जंक्शन' के रूप में होगी, जिससे न केवल स्टेशन का गौरव बढ़ा है, बल्कि यात्रियों को रूट समझने में भी काफी सुगमता होगी। रेलवे की नई अधिसूचना के अनुसार, केवल सीतामढ़ी ही नहीं, बल्कि समस्तीपुर मंडल के कुल छह महत्वपूर्ण स्टेशनों के नाम में संशोधन किया गया है। इनमें सीतामढ़ी के अलावा हसनपुर रोड, सरायगढ़, सुपौल, ककरघट्टी और शीशो स्टेशन शामिल हैं। अब ये सभी स्टेशन अपने नाम के आगे 'जंक्शन' शब्द का प्रयोग करेंगे। रेलवे ने सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने टिकटिंग सिस्टम, वाणिज्यिक रिकॉर्ड, परिचालन मैन्युअल और अन्य डिजिटल मॉड्यूल में तत्काल प्रभाव से इन संशोधित नामों को अपडेट करें। हालांकि, यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने यह भी साफ किया है कि स्टेशनों के अल्फाबेटिकल कोड और न्यूमेरिकल कोड में कोई बदलाव नहीं किया गया है, ताकि बुकिंग प्रक्रिया में कोई तकनीकी बाधा न आए। नाम में बदलाव के साथ-साथ सीतामढ़ी जंक्शन पर सुविधाओं का विस्तार भी युद्ध स्तर पर जारी है।

### मिड-डे मील गड़बड़ी में हेड मास्टर पर 6.78 लाख जुमार्ना बरकरार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में मध्याह्न भोजन योजना में गड़बड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में अनियमितता सही पाए जाने पर हेड मास्टर की अपील खारिज कर दी गई है। बथनाहा प्रखंड के मध्य विद्यालय हरिबेला में मिड-डे मील योजना में गड़बड़ी के मामले में प्रधानाध्यापक पर लगाया गया 6,78,210 रुपए का जुमार्ना बरकरार रखा गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने अपील खारिज करते हुए एक माह के भीतर राशि जमा करने का निर्देश दिया है। यह मामला 16 अक्टूबर 2025 को निरीक्षण के दौरान सामने आया था। इसके बाद 5 नवंबर 2025 को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना द्वारा आर्थिक दंड लगाया गया था। प्रधानाध्यापक विमल किशोर ने इस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिस पर 29 नवंबर 2025 को सुनवाई हुई। इसके बाद दोबारा जांच कराई गई। 25 फरवरी 2026 को हुई जांच में बड़ा अंतर सामने आया। उपस्थिति पंजी में 523 छात्रों की हाजिरी दर्ज थी, जबकि मौके पर केवल 125 छात्र ही उपस्थित मिले। जांच रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट हुआ कि अधिक उपस्थिति दिखाकर योजना की राशि की ज्यादा निकासी की जा रही थी। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए विभाग ने कार्रवाई को सही ठहराया है। डीईओ राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि मिड-डे मील योजना में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। निर्धारित समय में राशि जमा नहीं करने पर वेतन से कटौती कर वसूली की।

### गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिंदी नव वर्ष

**कौआकोल /नवादा (एनएसबी)।** प्रखण्ड के गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर कौआकोल में गुरुवार को भारतीय नव वर्ष 'विक्रम संवत 2083' के प्रथम दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान आचार्य मुकेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए हिंदी नव वर्ष के गौरवशाली इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही प्रकृति में नव-चेतना का संचार होता है और इसी दिन से हमारे काल गणना की शुरूआत हुई थी। उन्होंने बच्चों को अपनी संस्कृति और संस्कारों को अक्षुण्ण रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य अरुण कुमार,आचार्या हेमंती कुमारी,रंजू कुमारी,नीभा कुमारी,रुक्मिणी कुमारी,नेहा कुमारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

### ईद पर्व ,रामनवमी पर्व ,चैती छठ आपसी सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाए : डीएम-एसपी

**शिवहर (एनएसबी)।** जिले में ईद पर्व ,रामनवमी,चैती छठ को देखते हुए जिला पदाधिकारी प्रतिभा रानी एवं पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा के द्वारा समाहरणालय के संवाद कक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में नगर परिषद शिवहर के सभापति राजन नन्दन सिंह, अनुमंडल दंडाधिकारी अविनाश कुणाल, सीडीपीओ सुशील कुमार, मुख्यालय डीएसपी यातायात डीएसपी भाई भरत कुमार जिला योजना पदाधिकारी ओएसडी संदीप कुमार सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी ,संबंधित थाना प्रभारी मौजूद रहे। डीएम ने आगामी त्योहारों (जैसे ईद, रामनवमी) को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपील की है। डीएम प्रतिभा रानी ने जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए कहां है कि सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें, डीजे-अवैध हथियारों पर रोक रहेगी, सोशल मीडिया की निगरानी और पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने जैसे कड़े निर्देश दिए जाते हैं। संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर वहां पर्याप्त पुलिस बल मजिस्ट्रेट के साथ तैनात किए जाएंगे। डीजे/लाउडस्पीकर के प्रयोग पर रोक लगाने को निर्देशित किया है। समुदायों के बीच भाईचारा बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की गई है।

### निक्की ने कबड्डी में बेहतर प्रदर्शन कर नरहट का नाम किया रौशन

**नरहट /नवादा (एनएसबी)।** नवादा जिले के नरहट प्रखण्ड अंतर्गत कुशा गांव के पिता सुरेश यादव एवं माता किरण यादव की सुपुत्री निक्की यादव ने कबड्डी खेल में बेहतर प्रदर्शन कर नरहट का नाम रौशन किया है। निक्की ने अपने टीम सारण स्ट्राइकर्स को उपविजेता बनाने में कामयाब हुई। महिला कबड्डी में मगध वारियर्स चैम्पियन बना है। महिला कबड्डी का मैच पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में 11 से 17 मार्च खेला गया था जिसमें कुशा गांव की बेटी निक्की यादव सारण स्ट्राइकर्स टीम के तरफ से खेल रही थी।इस प्रतियोगिता में कुल छह टीमें भाग लिया था। निक्की ने बताया कि पूर्व में भी कई प्रतियोगिता में शामिल रही है। बिहार के साथ साथ दूसरे प्रदेशों में भी कबड्डी का मैच खेल अपने टीम को जीत दिलाने का काम किया है। आगे और बेहतर प्रदर्शन कर टीम को चैम्पियन बनाने का काम करेंगे। कबड्डी के खेल में बेहतर प्रदर्शन से निक्की के माता पिता के साथ साथ क्षेत्र वासी काफी गौरवान्वित हो रहे हैं।

## आईसीडीएस के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देश

# कार्य में लापरवाही और अनियमितता पर रीगा प्रखंड की महिला पर्यवेक्षिका को चयन मुक्त करने का निर्देश



आईसीडीएस के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी रिची पांडेय ।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में गुरुवार को परिचर्चा भवन में आईसीडीएस के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता पर रीगा प्रखंड के महिला पर्यवेक्षिका बेबी कुमारी को जिलाधिकारी द्वारा चयन मुक्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा रीगा परियोजना के प्रखंड समन्वयक की बैठक में अनुपस्थिति को लेकर उनका मानदेय भुगतान स्थगित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित जांच करने का निर्देश दिया। वहीं डीपीओ आईसीडीएस के द्वारा जानकारी दी गई कि आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के मद्देनजर रोस्टर तैयार किया गया है ।इसके अनुरूप 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को सोमवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हेतु कड़े निर्देश दिए गए।बैठक में पोषक क्षेत्र में आने वाले इच्छुक सभी लाभुकों को नियमानुसार लाभ देने हेतु सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित करने की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई करें।बैठक में डीपीओ आईसीडीएस, सभी सीडीपीओ,एलएस की उपस्थिति थी।

## सीतामढ़ी में एलपीजी सिलेंडर की कमी नहीं, हर घर तक पहुंच रही एलपीजीः जिला आपूर्ति पदाधिकारी



प्रेस वार्ता में एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता की जानकारी देते जिला आपूर्ति पदाधिकारी व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी सिलेंडर को लेकर किसी भी प्रकार की कमी नहीं है और उपभोक्ताओं तक गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारु रूप से जारी है। यह जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन पूरी वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए हुए है और कहीं भी अवैध भंडारण या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। यह प्रेस वार्ता जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के निर्देश पर आयोजित की गई थी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान में सीतामढ़ी घरेलू गैस सिलेंडर की संख्या 22134 है। व्यावसायिक सिलेंडर 19 किलो में 312 उपलब्ध है। भारत गैस की 12, हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 16 और इंडियन ऑयल की 35 एजेंसियां सक्रिय हैं। इस तरह कुल 63 एजेंसियों के माध्यम से नियमित रूप से उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के अंतराल पर गैस बुकिंग की सुविधा दी गई है। बुकिंग के बाद 2 से 3 दिनों के भीतर ही होम डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। अंत में उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे अनावश्यक भीड़ न लगाएं और किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष में फोन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला जन सम्पर्क कार्यालय से लिपिक अनिल कुमार, कार्यालय सहायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह समेत मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

## सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबंधन को मिली गति कचरा संग्रहण वाहनों को किया गया रवाना




वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम व अन्य ।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाहरणालय परिसर से गुरुवार को जिलाधिकारी रिची पांडेय ने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबंधन इकाई के तहत कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न पंचायतों के लिए रवाना किया। यह पहल जिले में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जिले में वर्तमान में कुल 4 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीडब्लूएमयू) स्थापित हैं, जिनसे सभी प्रखंडों के पंचायतों में निर्मित वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्लूपीयू) को टैग किया गया है। इन डब्लूपीयू के माध्यम से पंचायत स्तर पर संग्रहित प्लास्टिक कचरे का नियमित रूप से उठाव किया जाएगा और उसे संबंधित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक पहुंचाया जाएगा।

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में कचरे को वैज्ञानिक तरीके से कंप्रेस कर उसका वॉल्यूम कम किया जाएगा, जिससे उसके परिवहन एवं पुनर्चक्रण की प्रक्रिया अधिक सुगम हो सके। इसके उपरांत चयनित एजेंसी राय इंडस्ट्री, बक्सर द्वारा अपने यूनिट में इस प्लास्टिक कचरे का उपयोग कर फर्नीचर एवं अन्य उपयोगी उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रभावी प्रबंधन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि कचरे के पुनर्चक्रण के माध्यम से उपयोगी संसाधनों का निर्माण भी संभव होगा। सभी संबंधित पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि पंचायत स्तर पर प्लास्टिक कचरे का नियमित संग्रहण एवं निष्पादन समयबद्ध रूप से हो।

उन्होंने आमजन से भी अपील की कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करें तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में प्रशासन का सहयोग करें।

## ग्राहक सेवा केंद्र में छापेमारी : अवैध रूप से आधार कार्ड बनाने के आरोप में एक गिरफ्तार



गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व अन्य ।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस ने ग्राहक सेवा केंद्र में छापेमारी कर अवैध रूप से आधार कार्ड बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक दिनांक 17.03.2026 को समय लगभग 16:00 बजे बेला थाना पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम - चांदी रजवाड़ा, थाना- बेला में एक व्यक्ति द्वारा किराए की दुकान में ग्राहक सेवा केंद्र संचालित कर अवैध रूप से पैसे लेकर आधार कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा उक्त दुकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद की गईं तथा एक व्यक्ति को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह प्रतीत होता है कि उक्त व्यक्ति द्वारा अवैध तरीके से आधार से संबंधित कार्य किया जा रहा था। मामले में आगे एवं पीछे की जुड़ी कड़ियों का पता लगाया जा रहा है। इस संबंध में बेला थाना कांड संख्या- 62/26 दर्ज कर अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुबोध कुमार, सा.- मनिकथर, थाना- बेला, जिला- सीतामढ़ी के रूप में हुई है। छापामारी में लैपटॉप - 02, फिंगरप्रिंट स्कैनर - 01, आईरिस स्कैनर - 0, वेब कैमरा - 01, प्रिंटर - 01, मोबाइल फोन - 01, अंगूठा का थंब इम्प्रेशन क्लोन रबर स्टाम्प, आधार कार्ड रसीद - 12 एवं आधार कार्ड जन्म तिथि सुधार से संबंधित छायाप्रति - 01 बरामद किया गया है।

## जिले के उच्च विद्यालयों में नौवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा शुरू

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बुधवार से नवम वर्ग की वार्षिक परीक्षा शुरू हुई। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के तत्वावधान में प्रथम दिन 9.30 बजे से 12.45 बजे तक प्रथम पाली में मातृभाषा हिंदी, उर्दू, बांग्ला, मैथिली भाषा विषयों की परीक्षा आयोजित हुई। वहीं दूसरी पाली में 2 बजे से 4.45 बजे तक सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित हुई। मथुरा हाईस्कूल, लक्ष्मी हाईस्कूल, एमपी हाई स्कूल डुमरा, उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरवास, रामपुर परोरी हिन्दी, उमावि रंजीतपुर पूर्वी में शांतिपूर्वक पहले दिन नौवी की परीक्षा संचालित हुई। वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित रहे तो अगली कक्षा में नहीं मिलेगी प्रोन्नतिः उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुबन के प्रधानाध्यापक डॉ, मनीष कुमार ने बताया कि 23 मार्च तक दोनों पालियों में होने वाली नौवीं की वार्षिक परीक्षा में बच्चों को शामिल होना जरूरी है, अन्यथा वे अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं हो पाएंगे। इसको लेकर सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को निर्धारित तिथिं को होने वाली वार्षिक परीक्षा में उपस्थिति सुनिश्चित कराने की अपील की है। उधर माध्यमिक शिक्षा डीपीओ आयुष कुमार ने बताया कि सभी स्कूलों को वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों की दैनिक खैरियत रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जा चुका है। नामांकित शतप्रतिशत बच्चों को अपने-अपने स्कूल में संचालित हो रही वार्षिक परीक्षा में उपस्थिति सुनिश्चित कराने की जिम्मेवारी हेडमास्टरों की है।

## आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट : 23 युवाओं का चयन, हायर कंपनी में मिलेगी नौकरी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के युवाओं के लिए अच्छी खबर है। आईटीआई में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में 23 प्रशिक्षणार्थियों का चयन हुआ है, जिससे रोजगार के नए अवसर खुले हैं और छात्रों में उत्साह का माहौल है।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सीतामढ़ी में बुधवार को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में 23 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में विभिन्न ट्रेड के पासआउट अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया।

चयनित युवाओं को कंपनी में तकनीकी पदों पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। इसे उनके करियर की मजबूत शुरूआत माना जा रहा है। प्लेसमेंट की इस सफलता से संस्थान में उत्साह का माहौल है। प्राचार्य हरेराम मंडल और उप प्राचार्य अविनाश कुमार ने चयनित प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कैंपस प्लेसमेंट छात्रों को सीधे रोजगार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन गया है। इससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ पहचान भी मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि संस्थान में समय-समय पर प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए जाते हैं और आगे भी अधिक कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। सफल प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसका श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी मेहनत को दिया। इस उपलब्धि से अन्य छात्रों में भी प्रेरणा और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## सीतामढ़ी जिले में बिहार दिवस-2026 पर 22 मार्च को हर्षोल्लास के साथ होगा विविध आयोजन



बैठक करते जिलाधिकारी व उपस्थित अन्य।

**बिहार दिवस को यादगार एवं सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें अधिकारी : डीएम**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार दिवसझ्2026 का आयोजन आगामी 22 मार्च को पूरे उत्साह एवं गरिमा के साथ किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी रिची पांडेय द्वारा सभी विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ताकि कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बिहार दिवस को यादगार एवं सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें। बिहार दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रातःकाल प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय डुमरा हवाई फील्ड में होगा।बिहार दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे तथा सायंकाल भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर जिलाधिकारी ने विशेष निर्देश देते हुए कहा है कि स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक संगीत एवं लोकगीतों की परंपरा को सजीव रूप में प्रस्तुत किया जा सके। इस अवसर पर कृषि विभाग, डीआरडीए, जिला कल्याण, आरटीपीएस, जीविका, लोक शिकायत निवारण, डाक विभाग, जिला उत्पाद, स्वास्थ्य, श्रम, जिला नियोजन, परिवहन, विद्युत विभाग एवं विभिन्न बैंकों सहित कई विभागों द्वारा विकासात्मक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें आमजन को सरकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। इनमें विकासात्मक प्रदर्शनी समिति, स्वच्छता एवं साफ-सफाई प्रबंधन समिति, चिकित्सा व्यवस्था समिति, विधि-व्यवस्था समिति, प्रचार-प्रसार समिति, यातायात समिति तथा स्थानीय कलाकार चयन समिति शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सर्वोदय विद्यालय जाहिंगरा में कैरियर एंड गाईडेंस कार्यक्रम का आयोजन

**पिपरा(पूर्वी चम्पारण )** सर्वोदय़2 उच्च विद्यालय जाहिंगरा पिपरा में कैरियर एंड गाईडेंस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने की जबकि कैरियर एंड गाईडेंस कार्यक्रम के काउंसलर शिक्षक धनंजय कुमार रवि ने कैरियर एंड गाईडेंस के संबंध में छात्राओं और छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया। उन्होंने ने कहा कि छात्रों के सामने सबसे अधिक कठिनाई कैरियर के सेलेक्शन में होती है और जानकारी के अभाव में बच्चे गलत फील्ड में चले जाते हैं और उनके कैरियर में भटकाव हो जाता है।इसलिए सरकार ने इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों को सही जानकारी देने की व्यस्था की है ताकि बच्चे सही फिल्ड का चुनाव करें और अपने भविष्य को उज्जवल बनायें। इस अवसर पर पिपरा बाजार के प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी रूप नारायण प्रसाद के द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया।इस अवसर पर मीरा कुमारी, रेणु कुमारी, शकील अहमद अंसारी और हर्ष कुमार मौजूद थे।

### ईद को लेकर छतौनी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**मोतिहारी।** ईद पर को लेकर छतौनी थाना परिसर में अपर थानाध्यक्ष श्रीकांत चौहान के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक गयी।बैठक में बड़ी संख्या में दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।अपर थानाध्यक्ष श्री चौहान ने दोनों समुदाय के लोगों से शांति पूर्ण माहौल में सी एवं आपसी भाईचारे के बीच पर्व को मनाने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा कि इस दौरान त्योहार में खलल डालने और हुड़दंगियों पर पैनी नजर रहेगी और ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।श्री चौहान ने कहा कि आप लोग पुलिस का सहयोग करें। पुलिस आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हैं। मौके पर शांति समिति के फैज अहमद, मोवतमन्ना, डॉमोजलालुद्दीन, हैदर मेहदी, लड्डू सिंह बनिहारा, धर्मेन्द्र सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हरि सिंह, मुस्तफा अंसारी सहित बड़ी संख्या में दोनों समुदाय के लोग शामिल थे।

### त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

**पहाड़पुर।** थाना परिसर में बुधवार को ईद, चौती छठ एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अजय कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था को सुढ़ बनाए रखना और शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना रहा।बैठक में उपस्थित स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों से उनके अनुभवों के आधार पर महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। इन सुझावों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए त्योहारों के दौरान संभावित समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की गई, ताकि सभी पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ संपन्न हो सकें।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने सभी से अपील की कि त्योहारों के दौरान आपसी सहयोग और शांति बनाए रखें तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर थाना क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### वाहन जांच में 12 हजार से ज्यादा का चालान

**पहाड़पुर।** जिला एसपी के निर्देश पर पहाड़पुर थाना पुलिस ने अरेराजबेतिया मुख्य मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। थाना गेट के समीप चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष अजय कुमार ने किया।अभियान के दौरान मुख्य मार्ग से गुजरने वाले हर छोटे-बड़े वाहनों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के वैध कागजात (त्, इंश्योरेंस) और हेलमेट की जांच की। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 12 हजार रुपये से अधिक का चालान काटा गया।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सभी वाहन चालक आवश्यक कागजात और हेलमेट के साथ ही सड़क पर निकलें। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे और सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त भी किए जा सकते हैं।जांच अभियान के दौरान बिना हेलमेट और कागजात के चलने वाले चालकों में हड़कंप मच गया। मौके पर भीम पांडे सहित थाना के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पीपराकोठी में वासंतिक नवरात्र शुरू

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव मंदिर में माता शैलपुत्री की पूजा

**पीपराकोठी।** प्रखंड क्षेत्र गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक आस्था के बीच वासंतिक नवरात्र का शुभारंभहुआ। स्थानीय शिव मंदिर परिसर में मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई।

सुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी। इस अवसर पर आचार्य आनंद किशोर तिवारी ने श्रद्धालुओं को मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। महिलाएं और पुरुष श्रद्धा भाव से पूजा में शामिल हुए। सुबह की आरती और पूजा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।धूप, दीप और घंटियों की ध्वनि से मंदिर परिसर गूंज उठा, जिससे



पूजा में उपस्थित श्रद्धालु।

श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति की अनुभूति हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, पीपराकोठी शिव मंदिर में मां दुर्गा की स्थायी प्रतिमा स्थापित है, जो इस क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां वर्ष में दो बार-शारदीय नवरात्र और वासंतिक नवरात्र - विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है। इन दोनों अवसरों पर दूर-दराज से भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और माता के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं।

भक्तों का मानना है कि इस मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। यही कारण है कि नवरात्र के दौरान यहां श्रद्धालुओं की संख्या में खासा इजाफा होता है। नवरात्र के पहले दिन से ही क्षेत्र में धार्मिक माहौल बन गया है, जो आने वाले नौ दिनों तक इसी तरह बना रहेगा। श्रद्धालु उपवास रखकर मां दुर्गा की आराधना करेंगे और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

# चंपारण की धरती ने गांधी को महात्मा बनाया : गोयल

## सच्चे अर्थो में राधा मोहन सिंह आज के गांधी के रूप में कर रहे कार्य

**मोतिहारी(एन एस बी)।** गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं राज्यसभा सांसद राधामोहन सिंह के साथ चरखा पार्क पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए चंपारण की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला।

श्री गोयल ने कहा कि चंपारण वह पावन धरती है, जिसने महात्मा गाँधी को महात्मा बनाया। उन्होंने बताया कि गांधी जी ने इसी भूमि से सत्य और अहिंसा का संदेश देकर देश को नई दिशा दी। उन्होंने आगे कहा कि राधा मोहन सिंह ने गांधी जी के विचारों को जिस प्रकार आत्मसात किया है, वह मोतिहारी में



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।उन्होंने चरखा पार्क की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक स्थल नहीं, बल्कि गांधी विचारधारा का जीवंत केंद्र है। श्री गोयल के अनुसार, राधा मोहन सिंह ने न सिर्फ चरखा पार्क का विकास किया है, बल्कि पूरे मोतिहारी को महात्मा गांधी के अध्ययन और अनुसंधान का केंद्र बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने यहां तक कहा कि सच्चे अर्थो में राधा मोहन सिंह आज के गांधी के रूप में कार्य कर रहे हैं।कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि श्री गोयल आगामी दिनों में चंद्रहिया, पिपरकोठी, मधुबन और बड़हरवा लाखनसेन का दौरा करेंगेस इस अवसर पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, उपमहापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, महात्मा गांधी फाउंडेशन के अध्यक्ष ड़ आशुतोष शरण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रखंड के तीनों पैक्स चुनावों में तीनों नए चेहरे

**मधुबन (एन एस बी)।** प्रखंड के तीनों पंचायत के पैक्स चुनाव के परिणाम बुधवार की देर रात घोषित कर दिए गए ।तीनों पैक्स में नए चेहरों ने जीत दर्ज की है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आरओ उमेश कुमार सिंह ने बताया कि तालिमपुर पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए चन्नू साह ने 1001 मत प्राप्त किया। वहीं ष्णा देवी को 359 मत ही प्राप्त हुए। जीत का अंतर 642 मत रहा। मधुबन दक्षिणी पैक्स से द विनोद कुमार गुप्ता ने 1067 मत प्राप्त किया ।उन्होंने 360 मतों से शिव शंकर राय को पराजित किया । वही बाजितपुर पैक्स से बाबूलाल भगत ने 588 मत प्राप्त किए तथा ब्रज किशोर प्रसाद को 16 मतों से पराजित किया। विजयी उम्मीदवारों को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आरओ उमेश कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र सौपा।

## भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब बरामद

### ट्रक, बोलेरो व बोलेरो पिंक आप बरामद
### तीन कारोबारी गिरफ्तार,दो कारोबारी फरार

**मोतिहारी (एस एन बी)।** उत्पाद थाना सदर टीम व चालिष्णु दल को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दोनों टीम ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब बरामद किया है और एक ट्रक,एक बोलेरो एवं एक बोलेरो पिंक आप सहित तीन कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो कारोबारी भागने में सफल रहा।

इसी दौरान उत्पाद थाना सदर टीम ने इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मनीष सर्राफ के नेतृत्व में कुंडवा चौनपुर थाना क्षेत्र के बसंत पुर गांव में छापेमारी कर एक बोलेरो पिंक अप पर लदे करीब 100 पेटी नेपाली देशी शराब बरामद किया है।वही कारोबारी उक्त गांव निवासी स्वमदन साह के पुत्र राजेश साह व चंद्रदेव मुखिया का पुत्र सचिन मुखिया भागने में सफल रहा। जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। छापेमारी में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष श्री सर्राफ के आलावे इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार, दारोगा नागेश कुमार,जमादार कविन्द्र कुमार, रौशनी कुमारी एवं सिपाही विशाल कुमार शामिल थे।वहीं चलिष्णु दल की टीम ने निरीक्षक मद्यनिषेध सेराज अहमद के नेतृत्व में पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के कोठी बाजार चौक स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक छह चक्का ट्रक पर खाली गैस सिलेंडर के आड़ में छुपाकर रखें 27 कार्टून विदेशी शराब एवं एक बोलेरो पर लदे 2 कार्टून विदेशी शराब के साथ तीन कारोबारी को दबोच लिया है।

जबकि एक कारोबारी भागने में सफल हो गया है। गिरफ्तार कारोबारी पताही थाना क्षेत्र के खुटौना गांव निवासी शैलेन्द्र राय का पुत्र अरविन्द कुमार, पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के सिसहनी गांव निवासी राम नरेश साह का पुत्र कुंदन कुमार व रामबन मलाही टोला निवासी बुच्चा सहनी का पुत्र गुड्डू सहनी बताया गया है।जबकि फरार कारोबारी सुभाष कुमार बताया गया है। उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। छापेमारी में दारोगा उदय कुमार, जमादार अजय कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, शशिकुमार ऋषि सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# समेकित कृषि प्रणाली पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण

## 30 किसानों को मिली उन्नत तकनीकों की जानकारी

**पीपराकोठी(एन एस बी )।** महात्मा गांधी समेकित षि अनुसंधान संस्थान में फार्मर्स फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत 30 षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय समेकित षि प्रणालीरू बाढ़ एवं जल-जमाव क्षेत्र के लिए उपयुक्त तकनीकियां रहा।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तेतरिया प्रखंड के चार गांवहनुमान नगर, उझीलपुर, नरहा एवं हसनपुर के षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के विभिन्न वैज्ञानिकों ने किसानों को समेकित षि प्रणाली के माध्यम से अधिक आय अर्जित करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में मछली आधारित, बकरी आधारित, पशुपालन आधारित एवं फसल आधारित समेकित षि प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई।

वैज्ञानिकों ने बताया कि इन तकनीकों को अपनाकर किसान बाढ़ एवं जलभराव जैसी परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन और आय प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान के निदेशक ड़ एस. के़ पूर्व ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए एकीत षि प्रणाली की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत षकों को भ्रमण के दौरान काश फार्म, संग्रामपुर का दौरा भी कराया गया, जहां उन्होंने आधुनिक षि पद्धतियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम श्री आनंद कुमार ने किसानों को केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) के माध्यम से ऋण प्राप्त करने एवं एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के जरिए आय बढ़ाने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयन प्रधान वैज्ञानिक ड़ एस. के़ सिंह एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक ड़ नवीन बी़ पाटील द्वारा किया गया, जिन्होंने सफलतापूर्वक तीन दिवसीय कार्यक्रम का संचालन किया।

# मोतिहारी आगमन पर विजय गोयल का स्वागत

**मोतिहारी(एन एस बी)।** सर्किट हाउस, मोतिहारी में गांधी दर्शन समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गोयल के आगमन पर अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्वी चंपारण के सांसद राधा मोहन सिंह, बिहार सरकार के मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी तथा डिप्टी मेयर डा. लालबाबू प्रसाद भी उपस्थित रहे।

श्री गोयल के मोतिहारी आगमन का मुख्य उद्देश्य महात्मा गांधी से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करना एवं उनके विकास की संभावनाओं का आकलन करना है। इस



सांसद राधा मोहन सिंह, ललन सहनी तथा डिप्टी मेयर डा. लालबाबू प्रसाद उपस्थित रहे।

क्रम में उन्होंने गांधी संग्रहालय, चरखा पार्क तथा सत्याग्रह पार्क का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं ऐतिहासिक महत्व की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।चरखा पार्क में महात्मा गांधी से जुड़ी स्मृतियों तथा स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की तस्वीरों की श्रृंखला को देखकर उन्होंने इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह स्थल नई पीढ़ी को प्रेरित करने का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। इस दौरान सांसद राधा मोहन सिंह ने इन स्थलों से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी विस्तार से दी।

कार्यक्रम के दौरान पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा गांधी संग्रहालय के सचिव, सह सचिव एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बीआरसी परिसर से शिक्षक की बाइक हुई चोरी

**चकिया।** बीआरसी परिसर से बीते बुधवार को एक बाइक अज्ञात चोरों ने चुरा ली। चोरी की सारी वारदात बीआरसी अफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शिक्षक मो फारूक अंसारी ने बताया कि ग्लैमर बाइक बीआरसी परिसर में खड़ी कर बीआरसी कार्यालय में स्कूल के कार्य से गए थे। जब वह बाहर निकले तो बाइक खड़ी जगह से गायब थी। सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया तो देखा कि अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले जा रहें है। इस बाबत उन्होंने थाना में लिखित आवेदन दिया है।

# संत समाज भेद मिटाकर अभेद की भावना स्थापित करता है : संजय श्रीवास्तव

**मोतिहारी(एन एस बी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मानविकी एवं भाषा संकाय के हिंदी विभाग द्वारा 'संत साहित्य की सांस्तिक चेतना' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 18-19 मार्च 2026 को रुद्रा रेजेंसी सभागार में किया गया।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति संजय श्रीवास्तव ने कहा कि संत साहित्य समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त कर अभेद की भावना स्थापित करता है। उन्होंने कबीर के प्रसिद्ध पद जल में कुंभ है, कुंभ में जल है. का उल्लेख करते हुए कहा कि संत समाज को





प्रतीक चिन्ह देकर कुलपति का स्वागत एवं सम्मान करते हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो़ राजेंद्र सिंह।

समरसता की नई ष्टि प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि संत परंपरा मूलतः भक्ति पर आधारित है, जिससे सामाजिक, दार्शनिक एवं मनोवैज्ञानिक चेतना का विकास होता है। सारस्वत अतिथि के रूप में रविंद्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि संत साहित्य का केंद्र 'मैं कौन हूं' जैसे मूल प्रश्न पर आधारित है। मुख्य वक्ता रामजी तिवारी ने संत साहित्य को सामाजिक जागरण का सशक्त माध्यम बताया, जिसने लोकभाषा को प्रतिष्ठा दी। मुख्य अतिथि पूर्णमल गौड़ ने संत साहित्य को प्रेरणादायक बताते हुए 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना को इसकी मूल धारा बताया। वहीं विषय प्रवर्तन करते हुए रामेश्वर मिश्र ने कहा कि संत साहित्य शास्त्रवाद का खंडन कर लोक जीवन को केंद्र में रखता है।

तकनीकी सत्रों में ष्ण कुमार सिंह, विमलेश कुमार सिंह, इंद्रमणि कुमार, सिद्धार्थ शंकर तथा नित्यानंद श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में डीन एवं विभागाध्यक्ष राजेंद्र बडगूजर ने अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

## संक्षिप्त खबरें

### वासंतिक नवरात्र पर कलश यात्रा

**पीपराकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के सूर्यपुर बघवा टोला स्थित हनुमान मंदिर में गुरुवार को वासंतिक नवरात्र का शुभारंभहुआ। इस अवसर पर एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 1001 कुंवारी कन्याओं और महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। कलश यात्रा पूजा स्थल से शुरू होकर झाखरा चौक होते हुए झाखरा मठ पहुंची। यहां आचार्य कौशल पाठक के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत जलभर कराया गया। इसके बाद सभी श्रद्धालु कलश लेकर वापस पूजा स्थल पहुंचे। पूरे मार्ग में श्जय माता दी श के जयघोष, शंख ध्वनि और भक्ति गीत गूंजते रहे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद विधि-विधान से माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। आयोजकों ने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों तक विशेष पूजा, आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष वार्ड सदस्य सिपाही सहनी, उपाध्यक्ष नंदलाल कुमार महतो, ललन बैठा, सचिव धर्मवीर महत, राकेश कुमार, सहसचिव फुलेना महतो, बलिराम महतो, कोषाध्यक्ष लखीचंद्र महतो, अनिल महतो, व्यवस्थापक श्रीकांत यादव, प्रमोद महतो, जितेंद्र महतो, पप्पु बैठा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। स्थानीय युवाओं और महिलाओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### परिवादी को मिली राहत, शुद्धि पत्र न्यायालय में प्रस्तुत : शैलेन्द्र

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार भारती के न्यायालय से परिवादी एवं संपादक संजय कुमार सिंह को राहत मिली है। मामले में लोक प्राधिकार सह थानाध्यक्ष पहाड़पुर अजय कुमार द्वारा वाद से संबंधित कार्रवाई समाप्त करने का प्रतिवेदन न्यायालय में सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनन्य संख्या 999990121122559 0963 से जुड़े मामले में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने प्रतिवेदित किया कि पहाड़पुर थाना कांड संख्या 184ध्21 में प्राथमिकी के भौतिक क्रम संख्या-07 में नामजद अभियुक्त का नाम जोड़ने हेतु न्यायालय में शुद्धि पत्र भेज दिया गया है। इस संबंध में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) मोतिहारी को दिए गए प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 16ध्08ध्2021 को दर्ज कांड संख्या 184ध्21 (धारा 420ध्34 भा़दं़वि़) में प्राथमिकी के भौतिक क्रम संख्या-07 में एक अभियुक्त का नाम भूलवश दर्ज नहीं हो सका था, जबकि प्राथमिकी आवेदन में उसका नाम अंकित था। थानाध्यक्ष ने न्यायालय से अनुरोध किया है कि उक्त कांड में अभियुक्त दयाशंकर सिंह उर्फ रोहित राज, पिता महेंद्र सिंह, निवासी बथुआहां, थाना पहाड़पुर, जिला पूर्वी चंपारण का नाम प्राथमिकी में जोड़ने की पा की जाए। इस कार्रवाई के बाद परिवादी को न्याय मिलने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति मानी जा रही है।



शुद्धिपत्र प्रस्तुत करते परिवादी।

### मनीष मोहन गर्ग हुए विजय

**अरेराज (एनएसबी)।**अरेराज प्रखंड के ममरखा भैया टोला पैक्स चुनाव की मतगणना बुधवार को देर रात तक भारी प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रखंड कार्यालय में संपन्न कर ली गई है। इस चुनाव में भी निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष ने ही बाजी मारी है। नए चेहरे संघर्ष करते रह गए। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित ने बताया कि पैक्स अध्यक्ष पद हेतु मनीष मोहन गर्ग विजई हुए हैं। उन्हें 736 मत प्राप्त हुआ है। वही उनके निकटतम प्रतिद्वंदी हृदयानंद मिश्रा को 521 मत प्राप्त हुए। विजयी प्रत्याशी को निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र दे दिया गया है।

### 151 कुमारी कन्याओं ने निकाली कलश शोभा यात्रा

**फेनहारा(एन एस बी)**सथाना क्षेत्र के देवकुलिया चौक दुर्गा मंदिर पर चौत नवरात्रि पूजा का मूर्ति स्थापित कर पूजन किया जा रहा है प्रथम दिन शैल पुत्री माता का पूजन किया जाएगा है वही गुरुवार के दिन देवकुलिया चौक दुर्गा पूजा स्थल से गाजे बाजे के साथ 151 कुमारी कन्याओं ने कलश शोभा यात्रा निकाला शोभा यात्रा में थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार के नतृत्व में पुलिस बल तैनात किया गया था वहीं शोभा यात्रा मारपा मोहन मन नदी से जल भोज कर दुर्गा मंदिर में लाया गया पूरे विधि विधान से माता शैलपुत्री माता की पूजा अर्चना की गई मंदिर परिसर में पूजा समिति द्वारा कुमारी कन्याओं को प्रसाद वितरण किया गया पूजा मंडप पर पूर्व शिक्षक अवध किशोर कुमार ने पूजा मंडप पर नौ दिन का संकल्प लेते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना की कलश यात्रा में युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार विद्वान, पूजा समिति अध्यक्ष आनंद कुमार समिति सदस्य, भारत भूषण, अमित कुमार, हेमंत श्रीवास्तव, संतोष साहू, रामबाबू कुमार, कमलेश शर्मा, शिवम कुमार, उमेश कुमार, हर्ष कुमार, किशन कुमार, पिंटू कुमार, सोनू कुमार, गुड्डू सिंह, राजीव रंजन सिंह, श्यामबाबू साह सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

### जख्म व पोस्टमार्टम रिपोर्ट 24 घंटे में देने का निर्देश

#### जख्म प्रतिवेदन एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट को अद्यतन करने को लेकर डीएम ने की बैठक

**मोतिहारी(एन एस बी)।** महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जख्म प्रतिवेदन एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट को अद्यतन करने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जख्म प्रतिवेदन हर हाल में 24 घंटे के भीतर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी 24 घंटे के अंदर तैयार कर संबंधित विभाग को सौंपना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि रात्रि में होने वाले पोस्टमार्टम के मामलों में यदि किसी प्रकार की अनुमति लंबित रहती है तो उसकी सूचना तत्काल दी जाए, ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में जख्म प्रतिवेदन एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट लंबित नहीं रहनी चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि समय पर प्रतिवेदन उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने प्रत्येक सप्ताह अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश भी दिया, जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी शामिल होंगे। उन्होंने लंबित मामलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन संस्थानों में जख्म प्रतिवेदन लंबित हैं, वे एक सप्ताह के भीतर उसे अद्यतन करें, अन्यथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक उपस्थित रहे।

### दावते इफ्तार से आपसी संबंधों में मजबूती आती है : सुभाष

**चकिया।** नगर परिषद चकिया अंतर्गत पार्षद प्रतिनिधि फिरदौस आलम और गुलाम रब्बानी अंसारी की तरफ से शानदार दावते इफ्तार का आयोजन शेखी चकिया में किया गया। इस इफ्तार पार्टी में समाज के सभी वर्गो के गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया और आपसी सौहाद्र को बढ़ावा दिया।इस अवसर पर चकिया नगर परिषद के उपसभापति एवं कर्मठ नेता सुभाष यादव ने कहा कि रमजान एक पवित्र महीना है और दावते इफ्तार के आयोजन से समाज में प्रेम और सौहाद्र का वातावरण कायम होता और इस से मजबूत समाज का निर्माण होता है। उपसभापति सुभाष यादव ने कहा कि गुलाम रब्बानी अंसारी और फिरदौस आलम ने दावते इफ्तार के द्वारा समाज में प्रेम और मुहब्बत का संदेश दिया है और सभी के हृदय को प्रेम और ह से भर दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड इश्तेयाक आलम ने इस आयोजन के लिए गुलाम रब्बानी अंसारी और फिरदौस आलम की सराहना की।।वार्ड पार्षद मनोहर कुमार, पूर्व जिला पार्षद अशोक यादव, बलीराम मुखिया पति भुवन छपरा पंचायत, प्रवीण सम्राट वार्ड पार्षद,फरोग आलम जामी,राजन पटेल जदयू प्रखंड अध्यक्ष चकिया,ओम प्रकाश पटेल, अमीम आलम, रौशन ओझा वार्ड पार्षद मौलाना अब्दुल सत्तर रहमानी, मौलाना सलाहउद्दीन, मेंहदी हसन,अनवर अली, डक्टर एफ एच खां, वाहिद खां, डक्टर शमीमुलहक, शंभू , चुन्नू नेता, अब्दुल रहीम, हयातुद्दीन, आफताब समेत सैकड़ों लोगों ने इस में भाग लिया और दावते इफ्तार को सफल बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार ट्रक ने छात्र को रौदा, मौके पर हुई की मौत

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** गुरुवार सुबह बैजनाथपुर-सोनवर्षाराज मुख्य मार्ग पर जीरोमाइल चैक के पास एक बालू लदे ट्रक ने साइकिल सवार छात्र को रौंद दिया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सौर बाजार थाना क्षेत्र के चंदौर पूर्वी पंचायत के हनुमान नगर निवासी मो0 समसेर के 14 वर्षीय पुत्र मो. अरमान के रूप में हुई है। अरमान गजाधर साहू उच्च विद्यालय सौर बाजार में नौवीं कक्षा का छात्र था। वह साइकिल से अपने गांव हनुमान नगर से विद्यालय परीक्षा देने जा रहा था। बताया जा रहा है कि जीरोमाइल चैक के समीप सोनवर्षाराज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने अरमान को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में अरमान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों के सहयोग से ट्रक को चंदौर मुखिया टोल के समीप पकड़ लिया गया। हालांकि उसका चालक भागने में सफल रहा। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने घटनास्थल पर बांस-बल्ले लगाकर सड़क जाम कर दिया। वे चालक की गिरफ्तारी और उचित मुआवजे की मांग पर अड़े हुए हैं। सौर बाजार थाना के अपर थाना प्रभारी प्रभाकर भारती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वे आक्रोशित लोगों को समझाने और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की कार्रवाई में जुटे। साथ ही अपर थाना प्रभारी ने यह बताया की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता का भी भरोसा दिया।

### दुगार्पुर गांव में एकदिवसीय शिव गुरु परिचर्चा का हुआ आयोजन, मनुष्य को बिना गुरु ज्ञान संभव नहीं है: गुरु भाई संतोष।

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के दुर्गापुर गांव में गुरुवार को एक दिवसीय शिव गुरु परिचर्चा का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित शिव गुरु परिचर्चा में सैकड़ों गुरु भाई व गुरु बहनों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत गुरु नाम संकीर्तन से संचालक गुरु भाई पिंकू के सानिध्य में किया गया।संतोष गुरु भाई ने कहा कि मनुष्य को बिना गुरु के ज्ञान संभव नहीं है। शिव जगत गुरु हैं। संसार के सभी लोग उनके शिष्य हैं। हम सदियों से उनका भगवान भाव से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। यदि हम उन्हें गुरु भाव से याचना पूर्वक दया मांगे तो हमारा कल्याण निश्चित होगा। यदि इस संसार के एक-एक लोग शिव के शिष्य बनकर गुरु भाव दे तो पूरे जगत का कल्याण निश्चित ही सुगमता से हो जायेगा।परिचर्चा में गुरु भाई, कैलाश गुरु भाई, अमन गुरु भाई ने भी तीन विधा पर बल देते हुए अपने गुरु का बखान किया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष गुरु भाई, गजेन्द्र गुरु भाई, सुभनारायण गुरु भाई, सनातन गुरु भाई, लालो गुरु भाई, यौगेंदर गुरु भाई, राघवेन्द्र गुरु भाई, योगिंदर गुरु भाई, नीलम गुरु बहन, मंजु गुरु बहन, लीला गुरु बहन, उर्मिला गुरु बहन, सहित सैकड़ों गुरु भाई व गुरु बहन उपस्थित थे।

### प्राध्यापक डॉ रमण कान्त चैधरी, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ गीता कुमारी ने साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा सम्मानित



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** स्नातकोत्तर मैथिली विभाग, पश्चिमी परिसर, पी.जी.सेन्टर, सहरसा, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा मैथिली विभाग के प्राध्यापक डॉ रमण कान्त चैधरी, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ गीता कुमारी ने साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा डॉ महेंद्र झा को पुरस्कार मिलने पर हार्दिक शुभकामना दिया है। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के 'परमहंस लक्ष्मीनाथ गोसाई चेयर' के निदेशक डॉ अरुण कुमार सिंह डॉ महेंद्र बाबू का छात्र भी रहे हैं। उन्होंने कहा स्नातकोत्तर मैथिली विभाग, पी.जी.सेन्टर सहरसा से विभागाध्यक्ष के रूप मे अवकाश ग्रहण किए हैं। सम्पूर्ण विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। महेंद्र बाबू का गद्य सम्पूर्ण मैथिली जगत को गौरवान्वित कर रहा है। सत्यप्रकाश, सम्पूर्ण पी.जी.सेन्टर विभाग के प्राध्यापक एवं कर्मचारी सभी इनके सम्मानित होने से अत्यधिक हर्षित हैं।

### रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना परिसर में रामनवमी एवं ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने की। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने कहा कि रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि जुलूस एवं अन्य कार्यक्रमों के दौरान प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं ईद पर्व को लेकर भी उन्होंने आपसी भाईचारा एवं प्रेम के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोनों पर्व समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं, इसलिए सभी लोग मिलजुल कर इन त्योहारों को मनाएं। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व प्रमुख रमेशचन्द्र यादव, खगेश कुमार, बिमलेश भगत, सत्यनारायण यादव, अमेरिकन कुमार, शंभु कुमार,चंदन,अभुमन्यु, संजय,संतोष समेत अन्य मौजूद थे।

### जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन।



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, द्वारा आज माध्यमिक विद्यालय खजुरी में 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी उपायों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के दौरान जिला मिशन समन्वयक द्वारा बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह, उसके दुष्प्रभाव एवं रोकथाम के उपायों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जो बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी भी साझा की गई। लेखा सहायक द्वारा वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा से संरक्षण, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 जैसे महत्वपूर्ण टोल-फ्री नंबरों के उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के विषयों पर भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, सहरसा के जिला मिशन समन्वयक, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, लेखा सहायक, एमटीएस, विद्यालय के प्रभारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाने एवं उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चैती नवरात्र मेला की तैयारी तेज



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के तेलियाहाट बाजार में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैती नवरात्र के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला का शुभारंभ कलश स्थापना के साथ किया जाएगा, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। स्थानीय समिति और ग्रामीणों के सहयोग से मेला स्थल की साफ-सफाई, सजावट और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान माँ दुर्गा समेत अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक प्रतिमाएं मूर्तिकारों द्वारा बनाई जा रही हैं। कारीगर दिन-रात मेहनत कर प्रतिमाओं को सुंदर और भव्य रूप देने में जुटे हुए हैं। प्रतिमाओं के निर्माण को देखने के लिए भी लोगों की भीड़ उमड़ रही है। मेला को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में मेला में शामिल होने पहुंचेंगे। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में पूजा-अर्चना कर सके।

# मनरेगा से बना किशनपुर में ग्रामीण हाट उद्घाटन डीएम दीपेश कुमार ने किया

## डीएम बोले-जीविका दीदियों की परेशानी दूर, महिला सशक्तिकरण का ठोस उदाहरण

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के पतरघट प्रखंड क्षेत्र में 19 मार्च 2026: जिला प्रशासन की पहल से पतरघट प्रखंड के किशनपुर में जीविका दीदियों के लिए ग्रामीण हाट का निर्माण पूरा हो गया। गुरुवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने 9 लाख 99 हजार 887 रुपये की प्राक्कलित राशि से मनरेगा विभाग द्वारा निर्मित इस हाट का फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों द्वारा सभी अतिथियों को पाग-चादर देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने कहा कि स्थानीय जीविका दीदियों को पहले घरेलू सामानों की बिक्री करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। धूप और बारिश के दौरान वे खुले आसमान तले सामान बेचने को मजबूर रहती थीं।



उद्घाटन करते जिलाधिकारी।

उनकी इन परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने किशनपुर में उपयुक्त स्थल का चयन किया और मनरेगा विभाग से वेंडिंग प्लेटफॉर्म का निर्माण कराया। डीएम ने कहा, ह्लइस हाट के पूर्ण होने से सभी जीविका दीदियां बेहद प्रसन्न हैं। राज्य स्तर के आंकड़ों में सहरसा जिला का यह पहला ग्रामीण हाट है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे बताया कि अब स्थानीय ग्रामीणों को घरेलू सामानों की खरीदारी में व्यापक सुविधा होगी। यह हाट न केवल जीविका दीदियों की आय बढ़ाने में सहायक बनेगा, बल्कि इस पास के ग्रामीणों को अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे और अधिक हाटों का निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि महिला सशक्तिकरण को गति मिले। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, परियोजना पदाधिकारी सह निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम सहरसा पूलक कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नीरज ठाकुर, बीडीओ इंद्रदेव कुमार निराला, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा जितेंद्र कुमार, प्रमुख ऊषा देवी, जिप सदस्य डॉ. मिथलेश राणा उर्फ मुन्ना यादव, मुखिया जीवनलता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद डीएम ने हाट का निरीक्षण भी किया।

### दो बच्चों के साथ किया मारपीट हुआ गंभीर रूप से घायल रेफर

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** काशनगर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में गुरुवार दोपहर बाद पुर्व के भुमि व बच्चो के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो 15 एवं 16 वर्षीय बालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जिसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सहरसा रेफर कर दिया। जख्मी बालक संजय पोद्दार का पुत्र बाबू साहब एवं दिप्याशु को परिजनों द्वारा आननफानन में इलाज के लिए सीएचसी सोनवर्षा लाया गया था। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार शिवपुर गांव निवासी संजय पौद्दार को गुरुवार को अपने पडोसी शिक्षक दानी उर्फ.कमलेश पोद्दार से बच्चों के बीच विवाद हो गया। जिसको लेकर दोनों के बीच गुरुवार को कहा सुनी को लेकर दोनों के बीच मारपीट में हो गया।इस दौरान झगडा देख पहुंचा संजय पौद्दार के पुत्र बाबूसाहब एवं दिप्याशु को आरोपियों द्वारा सिर पर लाठी डंडे से मार गंभीर रूप से गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। इस मामले को लेकर काशनगर थानाध्यक्ष बजरंगी कुमार ने कहा की जख्मियों को ईलाज हेतु भेजे है आवेदन या फर्द बयान मिलते ही समुचित कारवाई की जाएगी।

# रामनवमी एवं ईद पर्व को लेकर बसनही थाना में शांति समिति की हुई बैठक

## बिजली विभाग के भ्रष्ट जेई नीरज कुमार की कार्यशैली पर उठा सवाल

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना परिसर में गुरुवार को रामनवमी एवं ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विकास कुमार ने किया। थानाध्यक्ष ने आयोजित बैठक मे सभी समुदायों से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई। साथ ही, डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की बात कही गई। थाना क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का आश्वासन भी दिया गया। इसी दौरान बैठक के बीच मौरा पीएसएस क्षेत्र के बिजली विभाग के जेई नीरज कुमार के थाना पहुंचते ही माहौल अचानक गर्म हो गया। मौजूद स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भ्रष्ट जेई नीरज कुमार की कार्यशैली पर जमकर नाराजगी जताई। लोगों का आरोप था कि क्षेत्र में लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, लेकिन जेई द्वारा न तो समस्याओं का समाधान किया जाता है और न ही उपभोक्ताओं के फोन रिसीव किए जाते हैं। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित लोगों ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारियों से की जाएगी। स्थिति को गंभीर होते देख थानाध्यक्ष विकास कुमार ने तत्परता दिखाते हुए मामला शांत कराया और जेई से बातचीत कर बिजली आपूर्ति में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। बैठक में सबइंस्पेक्टर शारदा कुमारी एवं अमरेंद्र कुमार मुखिया प्रतिनिधि बोआ खां, रामलगण यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य अरुण यादव, अफरोज आलम, सत्येंद्र प्रसाद मंडल, संजीव गुप्ता, सुमन कुमार, शबाब आलम, अनिल साह, प्रमोद सादा, गौरव कुमार, इस्राफील, संजीव जायसवाल, मनोज यादव, सरपंच नरेश मंडल, यशोधर मंडल, राजेंद्र साह, मुकेश मानस, लखन मंडल, मो. अकरम, मो. इशाख, मो. कुदुस, अरशद अली, दीपक, पंचायत समिति सदस्य धीरेन्द्र राम, वीरेंद्र जायसवाल, पैक्स अध्यक्ष अजीत कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।गौरतलब है कि एक ओर जहां प्रशासन पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारी में जुटा है, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की लापरवाही लोगों के गुस्से का कारण बनती जा रही है। अब देखना यह होगा कि विभागीय अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कितनी तत्परता से कार्रवाई करते हैं।



बैठक में थानाध्यक्ष व जनप्रतिनिधि।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

## खिलाड़ियों ने लिया नशा मुक्ति का लिया संकल्प

**सहरसा (एनएसबी)।** समाज कल्याण के तत्वावधान मे जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सहरसा द्वारा ह्लनशा मुक्त भारत अभियानह्व के अंतर्गत खेल भवन, सहरसा में दो दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। 18 और 19 मार्च 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल के माध्यम से बच्चों और युवाओं के बीच नशा मुक्ति का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डीइारडी, एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, सहरसा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी मानसिक दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मुख्य रूप से तीन श्रेणियों में बँटी थी: दूसरे दिन शारीरिक खेलों का दबदबा रहा, जिसमें खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया: कबड्डी: इसमें अंडर-17 तथा ओपन एज ग्रुप की टीमों के बीच कड़े मुकाबले हुए। वुशु: मार्शल आर्ट्स के इस खेल में अंडर-14 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। खेलों के दौरान उपस्थित सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने खिलाड़ियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि एक स्वस्थ शरीर और मानसिक एकाग्रता ही सफलता की कुंजी है, जिसमें नशे के लिए कोई स्थान नहीं है। जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सभी प्रतिभागियों को ह्लनशा मुक्त भारत अभियानह्व की टी-शर्ट प्रदान की गई। विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए पुरस्कार , मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



छात्रा को सम्मानित करते अधिकारी।

### धर्मेंद्र नारायण सिंह में की मौत की गुत्थी को जल्द से जल्द सुलझाए प्रशासनः धौनी



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा स्टेडियम सहरसा में धर्मेंद्र नारायण सिंह नयन के निधन उपरांत उन्हें सभी खेल संघ के पदाधिकारी एवं बच्चों ने मिलकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस अवसर पर चंद्रशेखर अधिकारी ब्रह्मदेव कामत,सुनील कुमार झा, दर्शन कुमार गुड्डू ,अमन सिंह,प्रमोद झा,प्रणव प्रेम,हरेंद्र नारायण सिंह शशि शेखर झा,अंशु मिश्रा ,रूपेश कामत ,पंकज ठाकुर,विवेकानंद सिंह ,कुणाल सिंह मिंटू,चंद्रशेखर खां ,राणा रंजन सिंह,अमित अमर सोनू कुमार ,शिवेंद्र नारायण सिंह, दीपक कुमार,रणवीर सिंह राजा उपस्थित थे।साथ ही साथ फुटबॉल,नेटबॉल ,हॉकी ,क्रिकेट ,बैडमिंटन वॉलीबॉल, एथलेटिक्स ,कबड्डी,के भी दर्जनों खिलाड़ी मौजूद थे।इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला खेल संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी ने कहा धर्मेंद्र नारायण सिंह नयन होली के दिन दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। हालांकि यह दुर्घटना अभी तक भेग का विषय बना हुआ है। उस दुर्घटना में लगी चोट के कारण 10 मार्च को उनका देहावसान हो गया। यह काफी दुख का विषय है खेल जगत उनके और असमय जाने पर मामहर्त है पूरा खेल जगत इस विकट परिस्थिति में धर्मेंद्र नारायण सिंह नयन के परिवार के साथ खड़ा है।

# एचआईवी मुक्त कराना ज्योति विवेकानन्द संस्थान का उद्देश्य: ज्योति मिश्र




**सहरसा शहर (एनएसबी)।** स्थानीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में बुधवार को एड्स जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राओ का एचआईवी जांच किया गया। जांच के दौरान सभी परिणाम सही रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज के छात्राओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करना है। इसका इस कार्यक्रम का आयोजन ज्योति विवेकानंद संस्थान के प्रबंधक निदेशक ज्योति मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सदर अस्पताल के सीडीओ संचारी रोग पदाधिकारी डॉक्टर एसके आजाद ने भाग लिया। साथ मे डा मनोज कुमार सिंह डीएस कम कांउसलर ने भी भाग लिया ।कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु डॉ आजाद ने एचआईवी एड्स पर बच्चों के बीच अपना संबोधन भाषण देते हुए इसके प्रति छात्रों को जागरूक किया।साथ ही डा मनोज कुमार सिंह में इसके बचाव के लिए काफी विस्तार से जानकारी दिया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सदर अस्पताल से मनोज कुमार सिंह लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार गुप्ता तरुण मिश्रा दीक्षा शर्मा सोनू कुमार सहायक प्राध्यापक सहवादें वार्डन राहुल कुमार पूनम कुमारी कुंदन कुमार अभिषेक प्रियदर्शी विनोद कुमार निकेत कुमार के सहयोग से संपन्न हुआ। इस जागरूकता विषय पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर रामचंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में घातक बीमारी एचआईवी एड्स के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।वही ज्योति विवेकानंद संस्थान के प्रबंध निदेशक ज्योति मिश्रा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि विवेकानंद ज्योति संस्थान द्वारा पूरे शहर में जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# भागलपुर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अरुण उनियाल ने 4 बिहार गर्ल्स बटालियन का निरीक्षण

## 4 बिहार गर्ल्स बटालियन की कैडेट्स अनुशासन और एकता की मिसालः अरूण उनियाल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भागलपुर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अरुण उनियाल ने गुरुवार को 4 बिहार गर्ल्स बटालियन सहरसा के इकाई का निरीक्षण किया। बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल आर रवि शंकर ने अपने समस्त सहयोगियों के साथ ग्रुप कमांड का स्वागत किया गया। बटालियन से संबद्ध समस्त कॉलेज की सीनियर विंग की कैडेट के द्वारा ब्रिगेडियर को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके बाद ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अरुण उनियाल ने बटालियन के कार्यालय और स्टोर का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कैडेट की ट्रेनिंग कैंप की गतिविधियों की जानकारी, उपलब्ध हथियार डीबीटी अंशदान, फायरिंग इत्यादि से संबंधित जानकारी प्राप्त की। और बटालियन की कार्य प्रणाली की सराहना की ।तत्पश्चात ग्रुप कमांडर द्वारा कैडेट से सीधा संवाद किया गया जिसमें ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अरुण उनियाल को कैडेट ने अपने उपलब्धि और अपनी समस्या से अवगत कराया, और भारतीय सेवा में सम्मिलित होने की अपनी कोशिश और इच्छा भी जाहिर की। ग्रुप कमांडर के द्वारा उनकी भविष्य हेतु जानकारी, और भारतीय सेवा में सम्मिलित होने हेतु तैयारी और अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही कैडेट्स के अनुशासन और एकता तथा देश के प्रति उनके जज्बे की सराहना की गई। ब्रिगेडियर ने बताया कि 4 बिहार गर्ल्स बटालियन की कैडेट्स अनुशासन और एकता की मिसाल है। इसके बाद कमांडिंग आफिसर कर्नल आर रवि शंकर द्वारा मिलन परेड का आयोजन किया गया जिसमें ग्रुप कमांडर ने सभी एएनओएस, जीसीआई पीआई स्टाफ, सिविल स्टाफ इत्यादि के साथ परिचय प्राप्त किया, और सबो से बातचीत की। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर आर रवि शंकर के द्वारा एक टी पार्टी भी आयोजित थी जिसमें ग्रुप कमांडर समस्त सहयोगियों और कैडेट के साथ टी पार्टी में सम्मिलित हुए और बटालियन के कार्य प्रणाली की भरपूर सराहना की। उ



ग्रुप कमांड का स्वागत करते कैडेट्स।

# सुपर बाजार स्थित विज्ञान भवन को पटना के तारामंडल के तर्ज पर विकसित करने की मांग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल सुपर मार्केट में विज्ञान भवन,प्रेस क्लब,मार्केट कॉम्प्लेक्स,तालाब निर्माण कराया गया।लेकिन भवन निर्माण भी हुआ लेकिन उसका उद्घाटन किसी ऊद्धारक की तलाश में है। जबकि परमहंस लक्ष्मीनाथ गोसाई कला भवन देखरेख के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो रहा है। कोशी विकास संघर्ष मोर्चा ने सहरसा जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मांग किया कि सुपर बाजार स्थित विज्ञान भवन, जो कभी कोशी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान शिक्षा और नवाचार का महत्वपूर्ण केंद्र था, आज उपेक्षा और लापरवाही का शिकार होकर बंद पड़ा है।ज्ञात हो कि वर्ष 2007 में तत्कालीन स्थानीय विधायक संजीव कुमार झा और तत्कालीन विज्ञान मंत्री अनिल कुमार के प्रयासों से इस विज्ञान भवन का निर्माण किया गया था, ताकि कोशी क्षेत्र के बच्चों को विज्ञान की आधुनिक शिक्षा मिल सके। प्रारंभिक दिनों में यह भवन बच्चों के लिए विज्ञान सीखने का प्रमुख केंद्र बना, लेकिन बाद में सभी आवश्यक उपकरणों को हटा दिया गया और भवन को निष्क्रिय कर दिया गया।कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष विनोद कुमार झा और संरक्षक प्रवीण आनंद पूर्व जिला पार्षद ने कहा कि यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि कोशी क्षेत्र के लाखों बच्चों के सपनों का केंद्र है, जिसे पुनर्जीवित करना समय की मांग है।मोर्चा यह मांग करता है कि सुपर बाजार स्थित इस विज्ञान भवन को पटना के तारामंडल की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए, ताकि बच्चों को विज्ञान, अंतरिक्ष और तकनीकी शिक्षा का लाभ स्थानीय स्तर पर ही मिल सके।यदि शीघ्र ही इस दिशा में ठोस पहल नहीं की गई, तो कोशी विकास संघर्ष मोर्चा चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।



# पिपरा में दो पैक्स अध्यक्ष की गई कुर्सी एक पैक्स अध्यक्ष ने पुन: की जीत दर्ज

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)** । प्रखंड क्षेत्र के तीन पैक्सों में बुधवार को हुए मतदान के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच मतों की गिनती देर शाम शुरू हुई पूरी तरह मतगणना की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ अमरेन्द्र पंडित ने तीनों पैक्स से जीते हुए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा किए।

जिसके बाद चुनाव में जीत दर्ज करने वाले उम्मीदवारों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

तीन पंचायत के पैक्स चुनाव में दो पुराने पैक्स अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने में नाकाम रहे वहीं एक पूर्व अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाकर पुनः वर्तमान पैक्स अध्यक्ष बने है ।

तीन पैक्सों के लिए हुए चुनाव और मतगणना के बाद कटैया माहे पैक्स से बाबुल कुमार को 1 हजार 16 मत मिले जबकि प्रतिद्वंद्वी पूर्व पैक्स अध्यक्ष को मात्र 443 मत प्राप्त हुए इस प्रकार कटैया माहे पैक्स अध्यक्ष पद के लिए बाबुल कुमार विजयी घोषित किए गए ।

अमहा पैक्स से अनिल कुमार को 611 वोट मिले जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे चन्द्रशेखर को मात्र 393 मत मिले इस तरह से अमहा पैक्स अध्यक्ष पद पर एकबार फिर से अनिल कुमार ने अपना कब्जा जमाया।

वहीं ठाडी भवानीपुर पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अनिता देवी विजयी घोषित हुए अनिता देवी को 854 मत प्राप्त हुए जबकि पूर्व पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार 543 मत लाकर दूसरे स्थान पर रहे। मतगणना के दौरान बीडीओ अमरेन्दर पंडित थाना अध्यक्ष राजेश कुमार झा दल-बल के साथ मौजूद थे ।


जीत का जश्न मनाते समर्थक।

# 25 वर्ष पूरे होने पर पाटलिपुत्रा सेंट्रल स्कूल ने मनाया सिल्वर जुबली समारोह


दीप प्रज्वलित करते नगर पंचायत अध्यक्ष।



कला प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे।

**राघोपुर / सुपौल (एनएसबी)** । प्रखंड अंतर्गत सिमराही स्थित पाटलिपुत्र सेंट्रल स्कूल में बुधवार को विद्यालय के 25 वर्ष पूरे होने पर सिल्वर जुबली समारोह बड़े उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल दिखा। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और स्थानीय लोगों की अच्छी-खासी भागीदारी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत सिमराही की मुख्य पार्षद यशोदा देवी, उप मुख्य पार्षद विनीता देवी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, बुके और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

शाम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत और गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना, लोकनृत्य, नाटक, बलीवुड डांस, शिव तांडव, सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां और छठ पूजा झांकी जैसे रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और साथ ही सामाजिक संदेश भी दिए।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक डा. जेपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय ने 25 वर्षो में शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। वहीं प्राचार्य बीके सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। यह समारोह विद्यालय की 25 वर्षो की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक बना। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा ।

# सुपौल नगर परिषद के सफाई कर्मियों का हड़ताल जारी, नगर परिषद क्षेत्र में गंदगी का लगा अंबार, बीमारी फैलने की आशंका

**सुपौल (एनएसबी)** । सुपौल नगर परिषद के सफाई कर्मीयों के द्वारा पिछले कई दिनों से हड़ताल पर चले जाने से शहर में जगह जगह कचरे का ढेर लग गया है, जिससे कई तरह के बीमारी फैलने की आशंका जताई जा रही हैं।

सुपौल वार्ड 7, चकला निर्मली स्थित न्यू कलोनी मुहल्ला जहाँ दो विद्यालय उर्दू प्राथमिक विद्यालय चकला निर्मली एवं एक निजी विद्यालय मां आभा पब्लिक स्कूल के बीच सड़क की तस्वीरे स्वच्छ सुपौल सुंदर सुपौल के दावों की पोल खोल रही है। जहां सड़क पर कई दिनों से कचड़े का उठाव नहीं होने से कचड़े का ढेर लग गया है। हैरानी कि बात ये है कि आज से हिंदुओं का पर्व चैती नवरात्र (दुर्गापूजा) शुरू हो रहा हैं, जिस पर्व मे साफ सफाई काफी मायने रखती हैं, वही पास मे ही इदगाह और मस्जिद भी है, जहां अल्पसंख्यक समाज का आगामी महत्वपूर्ण पर्व ईद का नवाज अदा किया जाएगा , दोनों समुदाय के महत्वपूर्ण पर्व को देखते हुए मुहल्ले से कचरे का उठाव नहीं होने से लोग परेशान हैं।

वही इस कचरे से बदबू एवं तरह - तरह की बीमारी की आशंका जताते हुए डाक्टर दिलीप कुमार ने बताया कि वातावरण में इस दुर्गंध से कई तरह की बीमारी हो सकती है, खासकर सामने में दो दो स्कूल हैं, जहां से स्कूली बच्चों का आना जाना लगा रहता है, जिससे यहाँ के बच्चों को डायरियां , इन्फुलिंजा, निमोनिया जैसे बीमारी हो सकती है, इसलिए समय रहते इस समस्या का समाधान निकलना चाहिए, ताकि स्कूली बच्चों सहित स्थानीय लोगो की जिंदगी नारकीय होने से बच सके।


सड़क पर फैली गंदगी ।

# एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए पदाधिकारी द्वारा की जा रही है जांच पड़ताल

**सुपौल (एनएसबी)** । जिले में घरेलू एलपीजी गैस की कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने तथा ग्राहकों के बीच घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी अनुमंडल पदाधिकारीयों, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारीयों, थाना अध्यक्षों के साथ-साथ अन्य पदाधिकारीयों के द्वारा भ्रमण एवं जांच की गई। इस दौरान जमाखोरी एवं कालाबाजारी को रोकने हेतु विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों में गहन जांच की गई एवं एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरों को नियमानुसार पात्र उपभोक्ताओं को घरेलू एलपीजी गैस उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया ।


गोदाम में गैस सिलेंडर की जांच करते पदाधिकारी।

## खबरें : एक नजर में

### द फरफेक्ट इंग्लिश एकेडमी का छात्र हिन्दुस्तान ओलंम्पियाड परीक्षा में आया जिला टॉप

**सिमराही / राघोपुर (एनएसबी)** । सिमराही नगर पंचायत के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि द फरफेक्ट इंग्लिश एकेडमी के प्रतिभाशाली छात्र अस्मित कुमार , वर्ग चार ने हिंदुस्तान ओलम्पियाड परीक्षा में जिला टाप कर विद्यालय, परिवार एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अस्मित कुमार, जो विपिन बिहारी जी के पोते हैं। प्रारंभ से ही विद्यालय में अध्ययनरत रहते हुए अपनी लगन, परिश्रम और उत्ष्ट प्रदर्शन के कारण सदैव अपनी कक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करते आए हैं। उनकी यह उपलब्धि उनके निरंतर प्रयास, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर विनय चांद, मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक कुमार, प्रिंसिपल अमित कुमार एवं समस्त शिक्षकों द्वारा उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है । कहा अस्मित कुमार इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करते रहें और अपने परिवार, विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम देश-विदेश में ऊँचा करते रहे यही हम सबो की अभिलाषा है ।


अस्मित।

### डीएम ने पत्र जारी कर ईद, नवरात्र एवं रामनवमी में डीजे पर लगाया प्रतिबंध

**सुपौल (एनएसबी)** । डीएम सावन ने ईद नवरात्र एवं रामनवमी के अवसर पर डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है । उन्होंने पत्र जारी करते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल धिकारी एवं सभी थाना अध्यक्ष को निर्देशित कर कहा है कि जहां कहीं भी डीजे बजता दिखे उसे जप्त कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाए । प्रशासन के इस कार्रवाई से पर्व थोड़ी फीकी जरूर रहेगी परंतु विवाद की संभावनाएं काफी कम हो जाएगी । बता दे कि यह कार्रवाई शांतिपूर्ण पर्व संम्पन्न कराने के उद्देश्य को लेकर सुनिश्चित की गई है ।

### बैजनाथपुर में गर्भवती विवाहिता की मौत, पति पर जहर देने का लगा आरोप

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । थाना क्षेत्र के अन्दौली पंचायत के वार्ड एक स्थित बैजनाथपुर गांव में पति के ऊपर गर्भवती महिला को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी अनुसार प्रतापगंज थाना क्षेत्र के भवानीपुर उत्तर वार्ड 10 के दुअनिया निवासी स्वर्गीय सदानंद यादव के पुत्र नवनीत कुमार ने बताया कि साढ़े आठ बजे के करीब मेरे जीजा अन्दौली पंचायत के वार्ड एक स्थित बैजनाथपुर निवासी रंजीत कुमार यादव ने फोन कर कहा की बैजनाथपुर आइए, लेकिन मैंने उसपर कोई खास ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद दस बजे पुनः फोन कर कहा कि ईमर्जेन्सी है। इसलिए मां को साथ कर आइए। हमको लगा कि बहन गर्भवती है। हमलोग यहां आए तो देखा कि मेरी बहन 23 वर्षीय शिम्पा रानी मृत परी हुई है। जिसके बाद मैं अपने परिजन को भी जानकारी दिया। तब तक ये सभी लोग घर छोड़कर भाग गए। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। बताया कि मेरी बहन शिम्पा रानी को डेढ़ वर्ष की एक पुत्री है। जबकि मेरी बहन नौ माह की गर्भवती भी थी। उन्होंने अपने जीजा पर बहन को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है । इस बाबत थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन कुमार ने बताया कि परिजन घर छोड़कर फरार है। मृतका के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । र परिजन से अभी कोई आवेदन नहीं मिला है आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

### ब्लाक परिसर में बनी शौचालय में लटका ताला, महिला सुरक्षाकर्मियों की बढ़ी परेशानी

**सुपौल (एनएसबी)** । ब्लाक परिसर में हाल के दिनों में ही लाखों की लागत से बनाए गए शौचालय में ताला लटके रहने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है वहीं जिम्मेवार मौन धारण पर है । बता दें कि गुरुवार को ईद नवरात्रि एवं रामनवमी में विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला से करीब आठ दर्जन महिला पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है । जिसे ठहरने के लिए प्रखंड मुख्यालय का भवन आवंटित किया गया है परंतु ब्लाक परिसर में बने शौचालय में ताला लटके रहने के कारण उन लोगों के समक्ष बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है । गुरुवार की संध्या थाना स्तर से ताला खोलने को लेकर काफी जद्दोजहद की गई । बाद में पता चला कि इसमें पानी बिजली की भी कोई ठोस इंतजाम नहीं है । ऐसे में महिला सुरक्षा कर्मियों के समक्ष एक अलग ही चुनौती खड़ी हो गई । हालांकि आसपास बने शौचालय के उपयोग हेतु महिला बल को निर्देशित किया गया है । वहीं थाना स्तर से प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर शौचालय को खुलवाने की कोशिश की जा रही थी । बता दें कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर निवर्तमान प्रखंड विकास प्राधिकारी श्वेता के निर्देशन में शौचालय निर्माण कार्य संपन्न कराया गया था लेकिन उनके जाने के बाद ही तीन अदद शौचालय के कमरों में ताला लटक गया ।



शौचाल में लटका है ताला।

# वाहन चेकिंग के दौरान किशोर से 28.74 ग्राम स्मैक बरामद

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)** । थाना क्षेत्र के लालपट्टी में बुधवार देर संध्या पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वाहन चौकिंग अभियान के दौरान एक किशोर के पास से भारी मात्रा में स्मैक बरामद किया गया। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार, लालपट्टी स्थित मल के समीप पुलिस टीम के द्वारा नियमित रूप से वाहन चौकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान एक ई-रिक्शा पर सवार एक संदिग्ध किशोर को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उसके पकेट से प्लास्टिक के दो काली पोटलियों में रखी स्मैक बरामद हुई।

थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि बरामद स्मैक का वजन 2441 ग्राम था, जबकि 18 छोटी पुरिया में 433 ग्राम स्मैक अलग से मिला। इस प्रकार कुल 2874 ग्राम स्मैक जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि विधि विरुद्ध बालक को हिरासत में लेकर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को जब्त करते हुए संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गुरुवार को किशोर को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# 1479 परमिट के विरुद्ध 666 कृषकों ने कृषि यंत्र का किया क्रय

## डीएम ने जिला कृषि यांत्रीकरण मेला का किया शुभारंभ, कृषकों को नए तकनिक से अवगत कराने का दिया निर्देश



कृषि संयंत्र की चाभी प्रदान करते डीएम।


दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला का विधिवत उद्घाटन सावन कुमार, जिलाधिकारी सुपौल की अध्यक्षता में द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।

**सुपौल (एनएसबी)** । दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला का विधिवत उद्घाटन सावन कुमार, जिलाधिकारी सुपौल की अध्यक्षता में द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मेला में एक कस्टम हायरिंग केंद्र एवं कृषि यंत्र बैंक उठाव हुआ । श्रीमती साकित देवी को चार लाख और बाबा लोटन दस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को आठ लाख अनुदान का डमी चेक प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने मेला में उपस्थित कर्मियों को नए तकनीक वाले यंत्रों के बारे में षकों को जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित षक बंधु को समय पर खेती करने हेतु यंत्र का उपयोग करने को कहा गया ।

मेला में जिला कृषि पदाधिकारी, सुपौल, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान कृषि विज्ञान केंद्र, सुपौल, उप निदेशक, षि अभियंत्रण, सुपौल, जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामचंद्र प्रसाद यादव, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार आदि उपस्थित थे। मेला में अब तक कुल 1479 परमिट निर्गत हुआ, जिसमें कुल 666 कृषक द्वारा यंत्र का क्रय कर लिया गया है।

# हिन्दू नववर्ष पर सिमराही में गूंजा जय श्रीराम, 28 मार्च को विराट शोभा यात्रा

**सिमराही (सुपौल) (एनएसबी)** । विक्रम संवत 2083 हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर नगर पंचायत सिमराही में गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा सह प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। यह यात्रा रामजानकी ठाकुरबाड़ी परिसर से प्रारंभ होकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए पुनः वहीं संपन्न हुई। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

रामनवमी शोभा यात्रा समिति, नगर पंचायत सिमराही के तत्वाधान में निकली यह शोभा यात्रा ठाकुरबाड़ी परिसर से शुरू होकर एनएच-27 के रास्ते जेपी चौक पहुंची। वहां से यह यात्रा पिपराही रोड होते हुए एनएच-106 स्थित पेट्रोल पंप तक गई। इसके बाद यात्रा पुनः एनएच-106, जेपी चौक, हस्पिटल रोड, रामनगर मोड़ और करजाइन रोड होते हुए निर्धारित मार्ग से गुजरकर ठाकुरबाड़ी परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से पूरा नगर गूंज उठा। समिति के सदस्यों ने इस अवसर पर नगरवासियों से अपने घरों, दुकानों एवं मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर हिन्दू नववर्ष का स्वागत करने की अपील की।

समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि आगामी 28 मार्च को रामनवमी के अवसर पर रामजानकी ठाकुरबाड़ी सिमराही परिसर से एक और भव्य एवं विराट शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपने परिवार के साथ इस धार्मिक आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया है।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो गया ।


शहर में निकली शोभा यात्रा।


शहर में निकली शोभा यात्रा।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. हेडगेवार को याद करते हुए की ध्वज पूजा



**बेलदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता हिंदू नव वर्ष को लेकर पूर्ण गणवेश में संघ स्थान पर एकत्रित हुये। इस अवसर पर संघ सेवकों ने पवित्र भगवा ध्वज को प्रणाम किया और सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार को याद करते हुए ध्वज पूजन किया गया। मालूम हो कि उक्त कार्यक्रम गांधी इंटर विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को भारतीय संस्कृति के बारे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने बताया। स्वयंसेवक श्याम सुंदर ने कहा कि आने वाले पीढ़ी को यह बताना जरूरी है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपाद्य के दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इस दिन को कई कामों के लिए याद किया जाता है। लोग अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। जिस अंग्रेज को भारत से भगाने के लिए लाखों लोगों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए आज उस अंग्रेज का नया साल मनाने की परंपरा हावी है। मालूम हो कि 1 जनवरी को कोई ऐसा काम नहीं हुआ जिसके लिए उस तिथि को याद किया जाए। समय रहते नहीं चेते तो अपनी संस्कृति को नहीं बचा पाएंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह सन्नी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक अर्थात प्रथम सर संघ संचालक डॉ. केशव राव बाली हेडगेवार का जन्म वर्ष प्रतिपदित चैत्र शुक्ल पक्ष को हुआ था। इसके अलावा आज ही पृथ्वी का उदय, युधिष्ठिर का राज्याभिषेक प्रकृति में बदलाव आदि ऐतिहासिक महत्व दिखता है। आज से सात्विकता का प्रयास नवरात्र आरंभ कन्या पूजन जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के लिए नव वर्ष प्रसिद्ध है। मौके पर गुरुदेव, अनिल सोनी, आलोक, संजय, मनोज, सोनू, केशव, गुड्डू, किशोर समेत दर्जनों कार्यकर्ताएं मौजूद थे।

### छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, प्रतियोगिताओं में उत्साह

**खगड़िया।** उच्च माध्यमिक विद्यालय मथुरापुर में बिहार दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य अनुराधा कुमारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मैथ ओलंपियाड, पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के बाद निर्णायक टीम के सदस्य शिक्षक अमर कुमार सुधांशु, जैनेन्द्र कुमार तथा सुधांशु शेखर राजहंस ने रेटिंग के आधार पर परिणाम घोषित किया। मैथ ओलंपियाड में कक्षा नवम के छात्र करण कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं हीना कुमारी एवं अलीशा कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा श्रुष्टि कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में शिखा कुमारी प्रथम, हीना कुमारी द्वितीय एवं साल्लू कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। क्विज प्रतियोगिता में श्रुष्टि कुमारी ने प्रथम, अमित कुमार ने द्वितीय तथा करण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शंभु कुमार गुप्ता, आरती कुमारी, रितेश राज, पूनम कुमारी, अमरजीत कुमार, अविनाश कुमार त्रिपाठी, रजनीश कुमार, अंजना कुमारी, प्रिया राज, सौम्या, रंजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### भारतीय नववर्ष पर स्वर्वेद यात्रा महोत्सव सम्पन्न

**खगड़िया।** भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत् 2083 के पावन अवसर पर एक-बैनर, एक-दिन, एक-समय के संकल्प के साथ सम्पूर्ण भारत वर्ष के अवसर पर स्वर्वेद यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, शिष्य एवं अध्यात्म प्रेमियों ने भाग लिया। भारत की समृद्ध संस्कृति में भारतीय नववर्ष का विशेष महत्व है। यह दिन प्रत्येक व्यक्ति में नव ऊर्जा, उत्साह एवं उल्लास का संचार करता है। वर्तमान समय में जब विश्व अशांति, भय और असुरक्षा की स्थिति से गुजर रहा है, ऐसे में स्वर्वेद के दिव्य मंत्र एवं आध्यात्मिक संदेश मानवता को शांति और समृद्धि का मार्ग प्रदान करते हैं। अनन्त श्री सुरू महर्षि सदाफलदेव जी महाराज द्वारा प्रदत्त स्वर्वेद एक अद्वितीय आध्यात्मिक महाग्रंथ है, जो उनके दीर्घकालीन साधना एवं योगाभ्यास का सार है। इसके प्रत्येक शब्द में आध्यात्मिक शक्ति निहित है, जो मानव जीवन को उन्नति एवं आत्मिक शांति की ओर अग्रसर करती है। स्वर्वेद के प्रचार-प्रसार हेतु इस प्रकार की यात्राएं समय-समय पर आयोजित की जाती हैं। विशेष रूप से भारतीय नववर्ष एवं 9 सितम्बर को यह आयोजन व्यापक स्तर पर किया जाता है, जिससे अधिक से अधिक लोग इसके दिव्य संदेश से जुड़ सकें। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में रविन्द्र दास, सुशील दास, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार,पंकज दास, महेश्वर दास, उमाकांत दास, गोविंद दास, भूषण दास, मनोरंजन कुमार, मिथिलेश शर्मा,मिथुन दास,बीपीन दास,नीतेश दास, राजकुमार, रंजीत यादव का योगदान सराहनीय रहा।महिलाओं में रीमा देवी, रंजनी देवी, अढूला देवी, सीमा कुमारी सहित अनेक श्रद्धालु मातृशक्ति ने भी बढ़-चढ़कर भाग लियइ्रं इस अवसर पर स्वर्वेद के मंत्रों से वातावरण गुंजायमान हो उठा और सभी ने विश्व शांति, सुख एवं समृद्धि की कामना की।

# गैस सिलेंडर की अनावश्यक बुकिंग अथवा भंडारण से बचें

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी की अध्यक्षता में वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिले के संबंधित तेल कंपनियों के प्रबंधकों एवं एलपीजी वितरकों के साथ समीक्षा की गई।

वीडियो कन्फ्रेंसिंग में उपस्थित भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और इंडियन अयल के क्षेत्रीय प्रबंधकों ने बताया कि जिले में एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी गैस वितरकों को उनकी मांग के अनुरूप ससमय गैस की आपूर्ति की जा रही है। सभी गैस एजेन्सी ने भी तेल कंपनियों के प्रबंधकों की इस बात का समर्थन किया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से गैस की संभावित कमी संबंधी भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं, जिससे आम लोगों में अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान नहीं दें।

**एलपीजी की आपूर्ति सामान्य : जिला आपूर्ति पदाधिकारी**

**अब तक कुल 31 शिकायतों का किया गया निवारण**

गैस उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लेते हुये संबंधित एजेंसी से इस संबंध में सूचना प्राप्त की जा रही है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे संयम बनाए रखें, अफवाहों से दूर रहें तथा प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आज की समीक्षा बैठक में तेल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य चल रही है और किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पुनः कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार का अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित कर भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वाले एवं जमाखोरी करने वाले या गैस की कालाबाजारी करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि जैसा कि तेल कंपनियों के प्रबंधकों ने गैस की पूर्ण उपलब्धता की जानकारी दी है उसके आलोक में गैस उपभोक्ता अनावश्यक रूप से अतिरिक्त गैस सिलेंडर की बुकिंग या घरों में गैस सिलेंडरों का भंडारण न करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से गैस उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग, अनधिकृत भंडारण या अवैध वितरण करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी गैस वितरकों को निर्देश दिया कि वे उपभोक्ताओं को निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता न होने दें। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को एलपीजी गोदामों, वितरण केंद्रों एवं अन्य संदिग्ध स्थलों पर नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए तथा आवश्यकता पड़ने पर तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई करने को कहा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अनुमंडल पदाधिकारी खगड़िया सदर, अनुमंडल पदाधिकारी गोगरी एवं सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परियोजना अभियंता आपूर्ति सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**अफवाह फैलाने वालों और जमाखोरी करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत की जा रही कड़ी कार्रवाई**

## चेतक रेस घुड़दौड़ प्रतियोगिता 30 को

**चैती दुर्गा पूजा पर जुटेंगे आसपास के घुड़सवार**

**परबत्ता (एनएसबी)।** प्रखंड के माधवपुर पंचायत के विष्णुपुर गांव में 30 मार्च को चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता लालरतन सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि महान योद्धा महाराणा प्रताप के त्याग, तपस्या, अदम्य साहस और स्वाभिमान को नमन करते हुए चेतक रेस घुड़दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

यह प्रतियोगिता माधवपुर पंचायत स्थित कारू बाबा के समीप किसान अनिल मिश्र के खेत में आयोजित होगी। आयोजन के दौरान गांव-समाज के प्रबुद्ध जन, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए अनुभवी घुड़सवारों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

बताते चलें कि पिछले चार वर्षों से इस तरह का आयोजन माधवपुर में लगातार किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करने के साथ-साथ हमारी ऐतिहासिक चेतना और सांस्कृतिक पहचान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।

## दामाद के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

**बेलदौर (एनएसबी)।** दिघौन पंचायत के वार्ड नंबर 12 मेहता वासा निवासी 27 वर्षीय सिफत खातून को निर्मम हत्या कर बाबा विशु स्थान समीप बने उच्च स्तरीय पुल के निकट शव को फेंक दिया था। इस मामले में सिफत खातून के पिता चौढ़ली पंचायत निवासी इंसान ने तालीम एवं शमशाद समेत पांच व्यक्ति पर हत्या कर शव छुपाने का आरोप लगाते हुए नामजद आरोपी बनाया। इस संबंध में इंसान ने बताया कि मेरा बेटी को मेरे दामाद समेत उनके परिजन षडयंत्र रचकर घर में हत्या कर शव को छुपाने की नीयत से पुल के नीचे फेंक दिया। जब इंसान अपने नाती से पूछताछ की तो नाती ने बताया कि मेरी मां की मेरे अब्बा और मेरे दादा ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। वे मेरी भी हत्या करने वाले थे लेकिन मैं घर से भाग गया। बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि जल्द हत्यारों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# 164 स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती

**ईद-उल-फितर और चैत्र नवरात्र को लेकर जिला प्रशासन पूर्णतः सतर्क**

**खगड़िया (एनएसबी)।** ईद-उल-फितर एवं चैत्र नवरात्र को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारी की है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने इस संबंध में संयुक्त आदेश जारी कर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, ईद एवं नवरात्र के दौरान संभावित भीड़ एवं संवेदनशीलता को देखते हुए जिले के कुल 164 चिह्नित स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। विशेषकर मिश्रित आबादी वाले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र में समय पर पहुंचकर स्थानीय प्रमुख लोगों से समन्वय स्थापित करें तथा शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



पर्व के मौके पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी।

**कंट्रोल रूम एवं निगरानी व्यवस्था**

जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष 20 मार्च की सुबह छह बजे से 24 घंटे कार्यरत रहेगा। गोगरी अनुमंडल में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। सभी थानों एवं वायरलेस केंद्रों को निरंतर सक्रिय रखा गया है।

**सोशल मीडिया पर सख्ती**


फेसबुक, व्हाट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भ्रामक सूचना या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**शांति समिति एवं क्षेत्रीय भ्रमण**

प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठकें आयोजित कर दोनों समुदायों के बीच संवाद एवं विश्वास कायम रखने पर बल दिया जा रहा है। वरीय पदाधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति की समीक्षा करेंगे।

जिला एवं अनुमंडल स्तर पर एम्बुलेंस, चिकित्सक एवं पारा मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति की गई है। अग्निशमन एवं विद्युत विभाग को भी अलर्ट मोड में रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से त्वरित निपटा जा सके। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें एवं पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं।

# साइबर फ्रॉड से सुरक्षा के लिए किया जागरूक



**चौथम (एनएसबी)।** बिहार ग्रामीण बैंक चौथम शाखा की ओर से लगमा गांव में शिविर आयोजित की गई। यह शिविर भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार स्थानीय बैंक कर्मियों ने लगाई थी। शिविर में मुख्य रूप से साइबर सुरक्षा एवं ठगी से बचने के लिए आम लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित महिला पुरुषों से बैंक कर्मियों ने साफ तौर पर कहा कि, बैंक किसी भी प्रकार कि जानकारी मोबाइल पर नहीं लेती है ना ही बैंक द्वारा ओटीपी मांगी जाती है, तथा कोई भी वेरिफिकेशन मोबाइल के माध्यम से बैंक कर्मियों द्वारा नहीं किया जाता है। अगर ऐसी स्थिति फ्रॉड कल्स के माध्यम से किसी भी आम लोगों के साथ होती है तो उसे साफ तौर पर फ्रॉड माना जा सकता है, तथा ऐसे फ्रॉड कल से लोगों को परहेज करना चाहिए। अन्यथा वह ठगी के शिकार हो सकते हैं। मौके पर बैंकिंग पॉलिसी के बारे में समझाया गया इसके लाभ भी लोगों को बताए गए। बैंक संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए इसके लाभ के बारे में आम लोगों को समझाया गया। इस योजना में किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं होने की बात बताई गई। शिविर में चौथम ग्रामीण बैंक शाखा के प्रबंधक अमित कुमार जायसवाल, कैशियर अंशु कुमार, शक्ति कुमार के अलावा सैकड़ो ग्रामीण महिला-पुरुष मौके पर उपस्थित थे।

## 31 मार्च तक जीवन प्रमाणीकरण नहीं करवा पाये तो बंद हो सकती है पेंशन

**खगड़िया (एनएसबी)।** सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा संचालित छह प्रकार की पेंशन योजनाओं के अंतर्गत समाज के वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग पेंशनधारियों के लिए 31 मार्च तक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण कराया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि तक जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराने वाले पेंशनधारियों की पेंशन बंद हो सकती है। 31 मार्च 2026 के बाद केवल उन पेंशनधारियों की पेंशन जारी की जाएगी जिनका जीवन प्रमाणीकरण अपडेट हो चुका है। जानकारी हो कि 22 दिसंबर 2025 से जिले के सभी सीएससी पर निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण किया जा रहा है। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 190767 पेंशनधारी हैं। इनमें से 61408 पेशनधारियों ने अब तक जीवन प्रमाणीकरण (लाइफ सर्टिफिकशन) नहीं किया है। सबसे अधिक 13433 पेंशनधारी सदर प्रखंड से हैं, जिनका प्रमाणीकरण अब भी लंबित है। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग की सहायक निदेशक शशि प्रिया ने सभी पेंशनधारियों से आग्रह किया कि वे 31 मार्च तक निश्चित रूप से जीवन प्रमाणकरण करवा लें ताकि उनके खाते में ससमय निर्बाध रूप से पेंशन की राशि भेजी जा सके, अन्यथा पेंशन बाधित हो सकती है।

## पंचायत से जिलास्तर तक मनेगा बिहार दिवस

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर खगड़िया जिला में इस वर्ष भव्य एवं आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर तक व्यापक रूप से संपन्न होगा।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 मार्च को जेएनकेटी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या चार बजे विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी के उद्घाटन से होगा। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच क्विज, वाद-विवाद एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही रस्साकशी (टग अफ वर) एवं कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। संध्या सात बजे कलेक्ट्रेट परिसर में रंगोली निर्माण एवं दीपोत्सव के माध्यम से बिहार दिवस का उत्सव मनाया जाएगा।

दूसरे दिन 23 मार्च को प्रातः 11 बजे से पुनः प्रदर्शनी को आमजन के लिए खोला जाएगा। इस दौरान लगभग 23 विभागीय स्टॉल प्रदर्शित किए जाएंगे, साथ ही व्यंजन मेला का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आमजन की सुविधा हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा तथा दिनभर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रहेगा। संध्या पांच बजे से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

**जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 मार्च को जेएनकेटी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा**

पंचायत स्तर पर सभी सरकारी एवं सामुदायिक भवनों को नीली रोशनी से सजाकर बिहार दिवस मनाया जाएगा। इसके साथ ही, जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल-जीवन-हरियाली से संबंधित जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों, स्वयं सहायता समूहों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी इस आयोजन को और अधिक जीवंत बनाएगी।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं आमजन की सुविधा हेतु समुचित प्रबंध किए गए हैं।

# बाल विवाह सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है

**बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण**

**18 साल से कम उम्र में लड़की और 21 साल से कम उम्र में लड़के की शादी अपराध है**



**बेलदौर (एनएसबी)।** आईटी भवन के सभागार कक्ष में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। किसी लड़की की शादी जब 18 से कम और लड़के की शादी 21 साल से कम में हो तो वो बाल विवाह है। यह सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है जो बच्चों के स्वास्थ्य शिक्षा और भविष्य को बुरी तरह से प्रभावित करता है। भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत दंडनीय है। बेलदौर थाने के एसआई अभिषेक कुमार ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरंतर निगरानी और व्यापक जन जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिका सबसे अहम है, क्योंकि वह सीधे परिवार और बच्चों से जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनी अपराध है। इससे शिक्षा रुक जाती है और भविष्य के अवसर कम हो जाते हैं। कम उम्र में शादी होने से गर्भावस्था और प्रसव के कारण स्वास्थ्य जोखिम बढ़ता है जिससे शिशु मृत्यु दर भी बढ़ सकती है, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, घरेलू हिंसा और शोषण का खतरा होता है। मौके पर बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका ऐश्वर्या कुमारी, बीणा कुमारी, मनी प्रभा कुमारी, निक्की कुमारी, सुप्रिया कुमारी, ईशा कुमारी, संगीता कुमारी, मनीषा कुमारी समेत आंगनबाड़ी केंद्र की कई सेविकाएं मौजूद थीं।

# रानी सकरपुरा पंचायत में गूंजा जय श्री राम का नारा

**651वीं कलश शोभा यात्रा के साथ श्रीश्री 108 राम जानकी मेला का शुभारंभ**

**खगड़िया (एनएसबी)।** सदर प्रखंड क्षेत्र के रानी सकरपुरा गांव में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला जब श्रीश्री 108 राम जानकी मेला का शुभारंभ 651वीं कलश शोभा यात्रा के साथ हुआ। यात्रा राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर छोटी रानीसकरपुरा, मिडिल स्कूल, स्टेशन रोड और गांव की हर गली से होते हुए पुनः राम जानकी परिसर में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए लस्सी, ग्लूकोज पानी और ठंडे पानी की व्यवस्था की। युवाओं और ग्रामीणों में विशेष जोश देखने को मिला। इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा गांव भक्ति में सराबोर हो गया। कलश शोभा यात्रा का उद्घाटन राम जानकी मठ के महंत श्वेत दास ने फीता काटकर किया। सगुण कुमारी, कामनी कुमारी, सोनम कुमारी, पूजा कुमारी, अन्नू कुमारी, अंजली कुमारी, कोमल कुमारी, सत्यम कुमारी, चंदू कुमारी, रोशनी कुमारी, सपना कुमारी समेत दर्जनों कन्याएं कलश यात्रा में शामिल हुईं। कन्याओं की सहभागिता ने यात्रा को और भी पवित्र और आकर्षक बना दिया। गांव के हर कोने में खड़े होकर श्रद्धालु कलश यात्रा का स्वागत करते रहे। इस दौरान सामाजिक एकता और सहयोग का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। ग्रामीणों का सहयोग और युवाओं का उत्साह इस आयोजन की विशेषता रहा। इस कार्यक्रम में महंत श्वेत दास, विनोद महतो, अनिल कुमार सिंह, गुड़न झा, दिग्विजय कुमार, वकील गोस्वामी, रंजीत साहनी, प्रमोद साहनी, कुंदन साहनी, अजीत कुमार, राजकिशोर महतो, विजय साहनी, पंकज साहनी, सौरभ कुमार, विद्या सागर कुमार, विक्की सिंह, मुरारी रस्तोगी, कुंदन कुमार एवं दर्जनों अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



कलश षोभायात्रा में षामिल महिलाएं।

## चैत्र नवरात्र का पहला दिन : भक्तों ने की शैलपुत्री की पूजा

**महेशखूंट (एनएसबी)।** चैती नवरात्र के पहले दिन दुर्गा मंदिरों में मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना गुरुवार को की गयी। पुरोहित विजय ठाकुर ने बताया कि मां के नौ रूपों में प्रथम रूप में मां शैलपुत्री की पूजा होती है। नवरात्रि के प्रत्येक दिन विभिन्न रूप में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है। मां दुर्गा की विशेष तौर पर भक्त शक्ति के लिए आराधना करते हैं। माना जाता है कि चैत्र नवरात्र में जो लोग मां दुर्गा की पूजा आराधना करते हैं उनकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होतीं हैं और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**बलहा प्रज्ञापीठ में कलश स्थापित**

**खगड़िया।** चैत्र नवरात्र पर गायत्री प्रज्ञापीठ छोटी बलहा में गुरुवार को कलश स्थापित की गई। ऋषिपुत्र सुदाम कुमार के पुरोहित्व में मुख्य यजमान मुकेश सिंह ने मंत्रोच्चार के साथ कलश की पूजा अर्चना की। कलश स्थापित कर गायत्री साधकों ने नौ दिवसीय अनुष्ठान व्रत का संकल्प लिया। इसके बाद हवन यज्ञ किया गया। बासंतिक नवरात्र के अनुष्ठान, व्रत की पूर्णहुति पर कन्या पूजन किया जायेगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मानसी प्रखंड संयोजक संतोष कुमार ने कहा कि श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर 28 मार्च को अमृतासन का भंडारा किया जायेगा। मौके पर श्रवण आर्य, अयांश राज, पीयूष कुमार सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

**निकली भव्य कलश शोभा यात्रा**

**चौथम।** चैती नवरात्र को लेकर धुतौली पंचायत के मालपा टोला तिलकपुर स्थित मां वैष्णवी चैती दुर्गा स्थान से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आसपास क्षेत्र की महिलाएं एवं युवतियों ने मंदिरसे कलश उठाकर बागमती तट पर जल भरकर गांव को भ्रमण करते हुए पुनः पूजा स्थल पर कलश को स्थापित किया। कलश यात्रा में महिलाओं और कन्याओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सिर पर कलश लेकर वे श्रद्धा और आस्था के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुईं। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मुंद्रिका प्रसाद शाह, पूर्व प्रमुख प्रभाकर प्रसाद सिंह, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. रमाकांत कुमार, नवीन कुमार, एसके बबलू, निरंजन प्रसाद सिंह, जयकांत ठाकुर, राकेश कुमार, मनोज कुमार सहित मेला कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों और मेला समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान लखीसराय जिले को दी 326 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात

वीरेन्द्र विजय सिंह

**लखीसराय (एनएसबी)।** गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी समृद्धि यात्रा के क्रम में लखीसराय जिले का दौरा किया और क्षेत्र के विकास के लिए 326 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उपहार दिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विकास कार्यो का जायजा लिया और अधिकारियों को प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं को तेजी से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कुल 118 करोड़ रुपये की लागत वाली 117 योजनाओं का उद्घाटन किया, जबकि 208 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 144 नई योजनाओं का शिलान्यास भी किया। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने लखीसराय स्थित कजरा सोलर पावर प्लांट का विशेष निरीक्षण किया। उन्होंने वहां थ्री-डी मडल के माध्यम से पावर जनरेशन हाइब्रिड एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि कजरा में प्रथम चरण के तहत 185 मेगावाट सौर ऊर्जा और 282 मेगावाट आवर बैटरी स्टोरेज का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि दूसरे चरण में 116 मेगावाट सौर ऊर्जा और 241 मेगावाट आवर की परियोजना पर काम जारी है।


सीएम को कॉफी टेबुल बुक देते लखीसराय डीएम।


योजनाओं का शिलापट।


कजरा सोलर पावर प्लांट ।

मुख्यमंत्री ने प्लांट की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में बिहार काफी बेहतर कार्य कर रहा है। प्लांट परिसर से ही रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उन्होंने जिले की सैकड़ों योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री से मिलकर महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यो के प्रति आभार जताया, जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने 4,840 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 123 करोड़ 80 लाख रुपये का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, खेल, कृषि और उद्योग सहित कई विभागों के स्टालों पर जाकर लाभार्थियों और छात्र-छात्राओं से संवाद किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, जिले के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार सहित शासन और प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीविका दीदियों को सौंपा 123 करोड़ का चेक

**लखीसराय (एनएसबी)।** समृद्धि यात्रा के चौथे चरण के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा प्रखंड स्थित कजरा गांव पहुंचे। इस ऐतिहासिक दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित सोलर प्लांट का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिले में काफी उत्साह देखा गया। सोलर प्लांट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई विकासात्मक प्रदर्शनियों और स्टलों का बारीकी से अवलोकन किया। विशेष रूप से जीविका स्टाल पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की। उन्होंने गैर-कृषि गतिविधियों, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, मशरूम उत्पादन और हस्तशिल्प प्रदर्शनी को देखते हुए जीविका दीदियों से उनके व्यापार और आय के बारे में जानकारी ली। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को दीदी सिलाई केंद्र की सांकेतिक चाभी सौंपी। साथ ही, उन्होंने 4840 महिला स्वयं सहायता समूहों के बीच 123 करोड़ 80 लाख रुपये के बैंक ऋण का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इस अवसर पर जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। लाभार्थी नीतू देवी द्वारा बांस से निर्मित बड़हिया के प्रसिद्ध त्रिपुर सुंदरी महारानी मंदिर का प्रतिरूप मुख्यमंत्री को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। महिलाओं ने राज्य में महिला स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया, जिसमें 5 हजार से अधिक जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया। अंत में विभागीय समीक्षा बैठक कर मुख्यमंत्री पटना के लिए रवाना हो गए।


जीविका दीदी को चेक सौंपते सीएम ।

## अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लखीसराय में विकास योजनाओं की समीक्षा की

**लखीसराय (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान लखीसराय जिले के कजरा सोलर पावर प्लांट परिसर में आयोजित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में जिले से संबंधित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया।

इस बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली।

लखीसराय के जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्रा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को सात निश्चय-2 और सात निश्चय-3 की योजनाओं के साथ-साथ जिले में चल रहे अन्य विकास कार्यो की विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन योजनाओं की स्वीति दी जा चुकी है, उनके क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-2 के तहत जारी कार्यो को बेहतर ढंग से पूरा करें और सात निश्चय-3 के तहत निर्धारित योजनाओं पर तत्काल कार्य शुरू करें।


संबोधित करते सीएम।


उपस्थित लोग।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पूरी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ काम करने की अपील की ताकि सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यो का लाभ सीधे जनता तक पहुँच सके। रोजगार के मुद्दे पर बड़ा विजन साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने बताया कि राज्य में नए उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए कई सुविधाएं दी जा रही हैं। बिहार में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जा रहा है और स्टार्टअप नीति के माध्यम से युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने में मदद की जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य बिहार के युवाओं को दक्ष और आत्मनिर्भर बनाना है ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

मुख्यमंत्री ने सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि इसका मुख्य मकसद राज्य के सभी नागरिकों की दैनिक कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को सुगम बनाना है।

उन्होंने कहा कि हम राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार सहित विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक सुधांशु कुमार और मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त व पुलिस उप महानिरीक्षक समेत कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार को बनाने को लेकर मुख्यमंत्री ने 20 वर्षों में की 18 यात्राएं

### समृद्धि यात्रा में दिखा आधी आबादी का भीड़, महिलाओं का विश्वास अभी भी नीतीश कुमार में

**मुंगेर (एनएसबी)।** नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के तहत मुंगेर में बड़ा राजनीतिक और विकासात्मक जमावड़ा देखने को मिला। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, मंत्री विजय कुमार चौधरी और संजय पासवान भी मौजूद रहे।

इस दौरान करोड़ों की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया, वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने विकास और आगामी योजनाओं को लेकर बड़े दावे किए।

सफियाबाद हवाई अड्डा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पिछले 20 वर्षों में करीब 18 यात्राएं की हैं और हर यात्रा में विकास की नई योजनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि गंगा का पानी बडुआ और खड़गपुर तक पहुंचाने की योजना पर काम चल रहा है, साथ ही डकरा नाला और सिंधवारे जलाशय योजना को भी तेजी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अगले 5 वर्षों में बिहार को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा किया जाएगा और जनता से एनडीए को समर्थन देने की अपील की।


माला पहना कर मुख्यमंत्री का स्वागत करते लोग।


योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 2005 से पहले बिहार की स्थिति खराब थी, लेकिन आज राज्य तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने बताया कि बजट 23 हजार करोड़ से बढ़कर 3 लाख करोड़ हो गया है और सड़कों का जाल गांव-गांव तक बिछाया गया है। मुंगेर में मरीन ड्राइव, घाटों का निर्माण, और पर्यटन स्थलों जैसे चंडिका स्थान, सीता कुंड और भीम बांध के विकास पर काम हो रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि एक महीने के भीतर 18 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये भेजे जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री और मुंगेर सांसद राजीव रंजन सिंह ने मुख्यमंत्री को विकास पुरुष बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मुंगेर भयमुक्त हुआ है और यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल के क्षेत्र में बड़े काम हुए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बचे हुए सभी विकास कार्यो को भी जल्द पूरा किया जाएगा।वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 2005 से पहले बिहार में कानून व्यवस्था और विकास की स्थिति खराब थी, लेकिन अब माहौल पूरी तरह बदल चुका है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और रोजगार के क्षेत्र में किए गए कार्यो का जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में अब 5 लाख से अधिक शिक्षक बहाल किए जा चुके हैं, हर घर बिजली पहुंच चुकी है, और 50 लाख घरों पर सोलर लगाने की योजना पर काम हो रहा है। साथ ही 10 लाख नौकरी और 1 करोड़ रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण, वृद्ध, दिव्यांग और विधवाओं की पेंशन बढ़ाकर 1100 रुपये की गई है, और राज्य में जाति आधारित गणना कर गरीब परिवारों की पहचान की गई है। इस कार्यक्रम के जरिए जहां एक ओर विकास योजनाओं की झड़ी लगाई गई, वहीं दूसरी ओर एनडीए नेताओं ने जनता से आगामी चुनावों में समर्थन की अपील भी की। अब देखना होगा कि इन घोषणाओं का जमीनी असर कितना दिखता है।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री संजय कुमार, मुंगेर विधायक कुमार प्रणय, जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल, विधान पार्षद सदस्य लालमोहन गुप्ता, जिलाध्यक्ष सौरभ निधि, ज्ञानचंद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण पोद्दार, प्रोफेसर अजफर शामसी, प्रमोद पासवान सहित कई मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री के समृद्ध यात्रा को लेकर अलर्ट दिखे आरपीएफ-जीआरपी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** मुंगेर और लखीसराय में सूबे के मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर जमालपुर एवं किऊल रेलखंड पर आरपीएफ के साथ रेल पुलिस काफी मुस्तैद दिखी।

स्टेशन के साथ रेलवे प्लेटफार्म पुत्री पर गश्ती करते हुए आरपीएफ जीआरपी के पदाधिकारी ने कहा कि मुंगेर एवं लखीसराय जिले में मुख्यमंत्री के समृद्धि यात्रा को लेकर वरीय पदाधिकारी के द्वारा मिले निर्देश के तहत रेल खंड पर गस्ती किया जा रहा है और संदिग्ध गतिविधि पर नजर भी रखी जा रही है।

रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार ने बताया कि जमालपुर के अलावे कजरा स्टेशन पर संयुक्त रूप से जीआरपी एवं आरपीएफ की टीम अलर्ट होकर रेल परिसर में सर्च अभियान किया।

## मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा का नाम अंतिम यात्रा होनी चाहिए : नरेंद्र

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्धि यात्रा के दौरान मुंगेर में लोगों को संबोधित करते हुए करोड़ों रुपए की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया।वहीं इस स्मृति यात्रा को लेकर जमालपुर विधानसभा के पूर्व महागठबंधन इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के उम्मीदवार नरेंद्र ताती ने बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी यह यात्रा मुंगेर में अंतिम यात्रा होनी चाहिए लेकिन यह समृद्धि यात्रा लिखकर आ रहे हैं जो कहीं से उचित नहीं है । उन्होंने कहा कि यह पूरे बिहार का दौरा कर रहे हैं तो सभी भी बिहार के सभी जिलों में उनकी यह समृद्धि यात्रा मुख्यमंत्री का अंतिम यात्रा होनी चाहिए।एक तो शीर्षक गलत है दूसरा इन्होंने निर्णय भी गलत लिया। किसी तरह वोट चोरी कर कुर्सी पर बैठ तो गए अब बीच मझधार में बिहार को छोड़कर दिल्ली भाग रहे हैं। ऐसे मुख्यमंत्री को रणछोड़ मुख्यमंत्री कहा जा सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के गोद में बैठकर मुख्यमंत्री बिहार को रसातल में भेजने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री के इस फैसले को बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेगी।


पूर्व प्रत्याशी नरेंद्र ताती।

## इरिमी जमालपुर के प्रोफेसर देश दुनिया को पढ़ाएंगे डिजास्टर मैनेजमेंट का पाठ


**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** डिजास्टर मैनेजमेंट के क्षेत्र में सेंट्रल ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट बेंगलुरु भारतीय रेल में इसका नेतृत्व कर रहे थे पर रेलवे बोर्ड इस महत्वपूर्ण संस्थान का विलय इरिमी जमालपुर में कर दिया है।

भारत सरकार के इस फैसले से अब इरिमी जमालपुर का कद पहले से और बड़ा हो गया है। कहने का यह मतलब हुआ कि डिजास्टर मैनेजमेंट के बारे में देश दुनिया को इरिमी जमालपुर के प्रोफेसर पाठ पढ़ाएंगे।

एकाएक इरिमी जमालपुर के नाम इस ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ने से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका दायरा तो बड़ा हुआ ही साथ ही जमालपुर बाजार में भी इस उपलब्धि से यहां के बाजार भी गुलजार होंगे।

इरिमी जमालपुर के नाम बड़े-बड़े ख्याति एवं उपलब्धि जुड़ने का एक ही वजह सामने आ रहा है वह यहां के कुशल नेतृत्व कर्ता महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा है जो जब से महानिदेशक के पद पर योगदान दिया है तब से इरिमी के नाम एक के बाद एक उपलब्धि जुड़ रहा है।


महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा।


इरिमी संस्थान , जमालपुर।

इसके पहले आईआईटी पटना के साथ मिलकर इरिमी जमालपुर के प्रोफेसर वंदे भारत ट्रेन के स्पीड को बरकरार करने को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया था।

इसके अलावे फारेन कंट्री में अपनी दबदबा को बनाए रखने को लेकर तंजानिया के साथ व्यावसायिक रिश्ते को मजबूत करने को लेकर उन्नत आपदा प्रबंधन का गुर सीखने का एक अनूठा पहल भी महानिदेशक के नेतृत्व वाली टीम के डीन प्रेम प्रकाश अगवानी में किया गया था। जिसका परिणाम यह निकला की तंजानिया के 15 सदस्य डेलीगेट का प्रशिक्षण समाप्त होने के तुरंत बाद ही इरिमी जमालपुर के नाम एक बड़ा अध्याय जुट गया। वह अध्याय डिजास्टर मैनेजमेंट कोर्स के रूप में शामिल हुआ है। मतलब यह साफ अब हो गया है कि भारतीय रेल मैं डिजास्टर मैनेजमेंट कोर्स के लिए बेंगलुरु के बदले अब इरिमी जमालपुर जाना जाएगा।

**डिजास्टर मैनेजमेंट का मनिटरिंग अब बेंगलुरु में नहीं इरिमी जमालपुर तय करेगा**

**राष्ट्रीयस्तर पर इरिमी जमालपुर को मिला है बड़ा पहचान**

**इंडियन रेलवे इंस्टिट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट बेंगलुरु का विलय इरिमी जमालपुर में किया गया**

**इरिमी में नया कोर्स नेतृत्व करने से जमालपुर बाजार का बढ़ेगा रौनक**

**महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में लगातार इरिमी जमालपुर का बढ़ रहा कद**

## शार्ट सर्किट से कपड़ा के शोरूम में लगी आग, 20 लाख का नुकसान, घटना जमालपुर थाना क्षेत्र मात्री सदन गली का

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के मात्री सदन गली समीप एक कपड़ा के शोरूम में शार्ट सर्किट से लगी आग से अफरा तफरी का माहौल देखा गया। इधर आग लगने से कपड़ा व्यवसाय का लगभग 20 लाख का नुकसान बताया गया। शार्ट सर्किट से लगी आग के बारे में कपड़ा व्यवसाय उत्तम सिंह ने बताया कि गुरुवार की पहले सुबह आसपास के लोगों के द्वारा जानकारी मिली कि आपका कपड़ा शोरूम में आग लग गई है। जब तक हम शोरूम पहुंचते तब तक आग की लपेट तेज हो गई थी। आग लगने की जानकारी जमालपुर थाना के अगिशमन विभाग को दी गई। सूचना के बाद अगिशमन की दो गाड़ी आज को बुझाने के लिए मौके पर पहुंची पर जब तक आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू होती तब तक दुकान का कीमती सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। कपड़ा व्यवसाय ने अभी कहा कि होली के बाद शोरूम में कीमती कपड़ा एवं फर्नीचर लाया गया था जो जलकर राख हो गया। इधर शार्ट सर्किट से लगी आग के मामले को लेकर कपड़ा व्यवसाय कार्रवाई को लेकर थाना में लिखित आवेदन देने की बात कही है।


आग में जलकर राख दुकान का सामान।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा

**आरा।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के पासवान चौक के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने मछली लाने जा रहे बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। मृतक गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ टोला निवासी उपेंद्र यादव का 18 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार है।

### सड़क दुर्घटना में विद्यालय का लिपिक जख्मी

**पीरो।** पीरो थानान्तर्गत जितौरा बाजार के समीप हुई सड़क दुर्घटना में उत्क्रमित मवि लालू के डेरा के कार्यालय सहायक मो मेराज खान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी होने की खबर सुनकर बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतक हालचाल जानने के लिए अस्पताल में जमा हो गए।

### विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग में मवेशी की गई जान

**पीरो।** बरांव पंचायत के कसेढ गांव स्थित एक झोपड़ी में विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग के कारण वहां बंधे दो मवेशी बुरी तरह झुलस गए। इसमें एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। कसेढ निवासी किसान अजय कुमार सिंह ने अपने घर के पास बनी झोपड़ी में मवेशियों को बांध रखा था। झोपडी के उपर से गुजर रहे बिजली के धारा प्रवाहित तार में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी झोपड़ी के उपर गिर गई और देखते ही देखते पूरी झोपडी जलकर हो गई। अगलगी की इस घटना में झोपडी के अंदर बंधे दो मवेशी भी बुरी तरह झुलस गए। जिसमें एक ने मौके पर दम तोड दिया।

### विद्यालय का ताला तोड़कर वाद्य यंत्रों समेत अन्य सामान चोरी

**पीरो।** अगिआंव बाजार थानान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पिपराडीह के वर्ग कक्ष का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने वाद्य यंत्रों समेत कई अन्य उपयोगी सामान चुरा लिये। चोरी की यह घटना बुधवार की रात की बताई जा रही है। इस संबंध में विद्यालय की प्रधान शिक्षिका चांदनी कुमारी ने अगिआंव बाजार थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। प्रधान शिक्षिका के अनुसार गुरुवार की सुबह जब अन्य शिक्षकों के साथ विद्यालय पहुंची तो वर्ग दो के कक्ष का ताला टूटा हुआ पाया।

### कुएं में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**आरा।** पवना थाना क्षेत्र के नरौनी गांव में डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक बुजुर्ग पवना थाना क्षेत्र के नरौनी गांव निवासी स्व देवी दयाल सिंह के 70 वर्षीय पुत्र अवधेश सिंह है। वह गांव स्थित हनुमान मंदिर में पूजापाठ कराने का काम करते थे।

### सड़क हादसे में जख्मी अज्ञात बुजुर्ग की मौत

**आरा।** सड़क हादसे में बुरी तरह जख्मी अज्ञात 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। बीते 12 मार्च को नवादा थाना क्षेत्र के पूर्वी गुमटी के पास सड़क दुर्घटना में जख्मी होकर सड़क किनारे पड़े थे। एक व्यक्ति द्वारा उन्हें जख्मी हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### 69 वाहनों से वसूला गया 3.45 लाख जुर्माना

**कोईलवर।** बबुरा और कोईलवर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुल 69 वाहनों से 3 लाख 45 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है। बबुरा थाना पुलिस ने गलत लेन में वाहन चलाने और नो-एंट्री क्षेत्र में प्रवेश करने वाले 45 भारी वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 2 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों को रोककर उनसे जुर्माना वसूला गया और उन्हें सख्त हिदायत दी गई। वहीं, दूसरी ओर कोईलवर थाना पुलिस ने भी नो-एंट्री उल्लंघन के खिलाफ अभियान चलाकर 24 वाहनों से 1 लाख 20 हजार रुपये का फाइन वसूला। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि यह कार्रवाई विशेष अभियान के तहत की गई।

### शाहपुर में 64 लीटर देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरतार

**शाहपुर।** पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक धंधेबाज को गिरतार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शाहपुर-बनाही पथ पर एक व्यक्ति अवैध देसी शराब की खेप लेकर गुजर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस की गश्ती दल के प्रभारी एसआई हरेंद्र मांझी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मिशन स्कूल के समीप छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से 64 लीटर देसी शराब के साथ एक युवक को धर दबोचा। गिरतार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के गोसाईपुर गांव निवासी चंदन तिवारी के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से एक बाइक भी जब्त की है, जिसका उपयोग शराब की ढुलाई में किया जा रहा था। गिरतारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई, जिसके पश्चात उसे जेल भेज दिया गया।

### किला मैदान में राजद की इफ्तार पार्टी

**जगदीशपुर।** वीर कुंवर सिंह किला मैदान में बीते दिन आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की एक अनुपम मिसाल देखने को मिली। महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी किशोर कुणाल द्वारा आयोजित भव्य 'दावत-ए-इतार' में जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत की। इतार के इस आयोजन में मजहबी दीवारें ढहती नजर आईं। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि पूर्व विधायक राम विशुन सिंह लोहिया और किशोर कुणाल ने खुद अपने हाथों से सभी रोजेदारों को एक समान टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया। यह.श्य देख वहां मौजूद लोग भावविभोर हो गए। पूर्व विधायक की इस पहल को समाज में समानता और एकजुटता के संदेश के रूप में देखा जा रहा है। पूर्व विधायक के नेक कार्य की सराहना-कार्यक्रम में शामिल रोजेदारों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने पूर्व विधायक राम विशुन सिंह लोहिया और किशोर कुणाल के इस नेक कार्य की जमकर सराहना की। लोगों का कहना था कि ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम और विश्वास बढ़ता है।

### ईद एवं रामनवमी को लेकर अलर्ट मोड में प्रशासन

**शाहपुर।** स्थानीय थाना परिसर में ईद एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों की मौजूी में क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार मालाकार ने कहा कि ईद का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाए, उन्होंने सभी समुदायों से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने की अपील की। वहीं रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर उन्होंने समिति के सदस्यों से रूट चार्ट तैयार कर पूर्व में ही प्रशासन को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। ताकि जिन रास्तों से शोभायात्रा गुजरेगी वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार के ऐसे गीत-संगीत का प्रयोग नहीं किया जाए, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। साथ ही सोशल मीडिया पर भी संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि भड़काऊया आपत्तिजनक पोस्ट से बचें, क्योंकि प्रशासन की सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रहेगी। बैठक में भाजपा नेता अंकित पांडे, पूर्व मुख्य पार्षद विजय सिंह, सरपंच बिनोद मिश्र, वार्ड पार्षद मनोज पासवान, शिवशंकर सिंह, बंटी पांडे, कृष्णकांत सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने किया गैस एजेंसियों का निरीक्षण

**संचालकों को सुचारु रूप से आपूर्ति करने के दिए निर्देश**

**आरा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज ने गुरुवार को संयुक्त रूप से पीए एचपी गैस एजेंसी तथा एमएस पुष्पलता इंडेन गैस एजेंसी आरा का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने गैस सिलेंडर के उपलब्ध स्टॉक, वितरण व्यवस्था एवं लाभुकों को समय पर गैस उपलब्ध कराने की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया कि आम लोगों को गैस की निर्बाध एवं सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वितरण प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी हो तथा किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा नही हो। जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि भोजपुर जिले की सभी गैस एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है। अतः आम लोग अनावश्यक रूप से घबराकर बुकिंग नहीं करें और सामान्य तरीके से ही गैस बुकिंग करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।


गैस एजेंसी के डीलर से जरूरी जानकारी लेते डीएम और एसपी।

**वितरण प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी हो तथा किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाए**

## बीरमपुर में भूमि सर्वेक्षण को लेकर विशेष ग्राम सभा

**कोईलवर (एनएसबी)।** गुरुवार को अंचल के बीरमपुर पंचायत अंतर्गत बाकरनगर मौजा (थाना नं.-140) में विशेष भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य को लेकर ग्राम सभा हुई। इसका उद्देश्य किस्तवार प्रक्रिया के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना और सर्वे कार्य में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था। ग्राम सभा में जिला बंदोबस्त पदाधिकारी नीरज कुमार दास ने कहा कि किस्तवार प्रक्रिया के तहत खेतों की मेड़ों के आधार पर जमीन का सटीक नक्शा तैयार किया जाता है, जिससे प्रत्येक भू-स्वामी के अधिकार सुरक्षित रहते हैं। यह प्रक्रिया आगे चलकर अधिकार अभिलेख तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण के प्रारंभिक चरण में आधुनिक तकनीक से राजस्व ग्राम की सीमाएं तय कर त्रि-सीमाओं पर पिलर लगाए जाते हैं। इसके बाद विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा तैयार मानचित्र का सत्यापन किया जाता है, जिसमें रैयतों की उपस्थिति आवश्यक है।

## ईद पर 112 जगह सुरक्षाबल तैनात अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्ती

**उपद्रवियों और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर**

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता, भोजपुर द्वारा ईद-उल-फितर के शांतिपूर्ण आयोजन एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की गई। ईद-उल-फितर का पर्व चांद के दृष्टिगोचर होने के आधार पर 20/21 मार्च को मनाया जाना संभावित है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। जिले के कुल 112 स्थलों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही, जिले के 35 थानों में भी दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं।

**जगदीशपुर।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर जगदीशपुर थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता संयुक्त रूप से जगदीशपुर एसडीएम संजीत कुमार और एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी ईद और रामनवमी के पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराना रहा। सुरक्षा और व्यवस्था पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। बैठक के दौरान प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान उपद्रवियों और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। एसडीएम संजीत कुमार ने कहा कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी शोभायात्रा के लिए निर्धारित रूट का पालन करने और समय सीमा का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। सरकारी दिशा-निर्देशों के पालन की बात कही गई।

## बक्शी विकास ने लिखा बक्सर गौरव गान

**आरा (एनएसबी)।** बक्सर जिले के 36वें स्थापना दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक गुरु बक्शी विकास ने बक्सर गौरव गान लिखा। उन्होंने बक्सर की जनपद को गौरवपूर्ण रचना बक्सर गौरव गान भेंट की।

**गुरु विकास रचित बक्सर गौरव गान में महर्षि विश्वामित्र द्वारा राम-लक्षमण की शिक्षा, बक्सर का ऐतिहासिक युद्ध, मां गंगा का तट, कमलदह व राजकिला स्मारक का विशेष रूप से वर्णन**


बक्सर गौरव गान की प्रथम प्रस्तुति देने वाली छात्राओं के साथ डीएम साहिला।

बक्सर के नगर भवन में आयोजित 36वें बक्सर स्थापना दिवस समारोह में गुरु बक्शी विकास द्वारा लिखित बक्सर गौरव गान की पहली प्रस्तुति जिलाधिकारी सुश्री शाहिला हीर की अध्यक्षता में हुई, जिसे प्लस टू राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। गुरु विकास द्वारा रचित बक्सर गौरव गान में महर्षि विश्वामित्र द्वारा राम-लक्षमण की शिक्षा, बक्सर का ऐतिहासिक युद्ध, माँ गंगा का तट, कमलदह व राजकिला स्मारक का विशेष रूप से वर्णन किया गया है। बक्सर गौरव गान को स्मृति चिन्ह पर अंकित कर जिलाधिकारी सुश्री शाहिला हीर को भेंट किया गया। गुरु बक्शी विकास के इस ऐतिहासिक कार्य का बक्सर की जनपद ने करकर ध्वनियों से अभिनंदन किया, एक इस ऐतिहासिक रचना की प्रस्तुति के लिए गुरु बक्शी विकास की उपलब्धि एवं उनकी छात्राओं को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। इस मौके पर गुरु विकास ने कहा कि बक्सर की धरती पर शिक्षक नही विश्वामित्र स्थापित होते हैं। आरा मेरी जन्मभूमि है, किंतु बक्सर मेरी पैतृक भूमि है। सेवा भाव से मैंने बक्सर गौरव गान की रचना की है। संगीत शिक्षक अजीत पांडेय एवं पवन बैंजो ने स्वर दिया व इसका संगीत एवं नृत्य निर्देशन गुरु बक्शी विकास ने किया है।

## हत्या के मामले में फरार युवती हरियाणा से गिरफ्तार



**आरा (एनएसबी)।** नवादा थाने की पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रही युवती को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी हरियाणा के फरीदाबाद जिले के मुजेसर थाना क्षेत्र इलाके से की गयी। गिरफ्तार युवती मूल रूप से आयर थाना क्षेत्र के बलिगांव निवासी अरविंद सिंह की पुत्री अंकिता सिंह उर्फ अंकिता राजपूत है। वर्तमान में वह हरियाणा के फरीदाबाद जिले के मुजेसर थाना क्षेत्र के संजय कॉलोनी सेक्टर नंबर- 23 एनआईटी गली नंबर-289 में अपना मकान बनाकर रहती थी। बता दें कि नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड के पास से बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी उपेंद्र सिंह के पुत्र सन्नी कुमार सिंह का इंस्टाग्राम पर युवती को गाली-गलौज करने के विवाद हुआ था। 30 जनवरी को लेकर उसे अगवा कर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के बाद साक्ष्य को मिटाने के उद्देश्य से उसके शव को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहियां रेलवे अंडरपास स्थित पुल के नीचे नहर में फेंक दिया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बादल कुमार उर्फ मुखिया को गिरतार किया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने पिपरहिया रेलवे अंडरपास के समीप से नहर से सन्नी कुमार सिंह का शव बरामद किया था। इस संबंध में मृतक के पिता उपेंद्र सिंह के द्वारा अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टाउन थाना क्षेत्र के चारखम्बा गली निवासी सह गिरतार युवती के प्रेमी बादल कुमार उर्फ मुखिया, उसी थाना क्षेत्र के महादेव खरा कुआं निवासी आदर्श कुमार ठाकुर उर्फ नेपाली एवं अजीमाबाद थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव निवासी अनीश कुमार को गिरतार कर जेल भेज दिया था।

## भाजपा नेता ने समस्याओं को लेकर डीएम से की मुलाकात



**शाहपुर (एनएसबी)।** क्षेत्र की जनहित समस्याओं को लेकर भाजपा नेता मुक्तेश्वर ओझा उर्फ भुअर ओझा ने प्रतिनिधिमंडल के साथ भोजपुर जिलाधिकारी से मुलाकात कर विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान दामोदरपुर पंचायत सहित अन्य क्षेत्रों में विकास कार्यो में अनियमितता, बाढ़ राहत, शिक्षा व्यवस्था और अतिक्रमण जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए।

प्रतिनिधिमंडल ने दामोदरपुर पंचायत में विभिन्न योजनाओं के तहत कराए गए विकास कार्यो में अनियमितता का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की। साथ ही बाढ़ प्रभावित ऐसे जरूरतमंद परिवारों को अविलंब सहायता राशि उपलब्ध कराने की बात कही गई, जो अब तक सरकारी अनुदान से वंचित हैं।शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाते हुए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति में हुई कथित गड़बड़ी की जांच कर पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। वहीं क्षेत्र के चकवथ पोखरा को अतिक्रमण मुक्त कर उसके सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इसके अलावे आगामी 25 मार्च को प्रस्तावित मुख्यमंत्री की 'समृद्धि यात्रा' की तैयारियों एवं स्थानीय लोगों की अपेक्षाओं से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही डीडीसी, एडीएम, डीसीएलआर जगदीशपुर तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में विकास कुमार रंजन, पंकज कुमार राय उर्फ पपु राय, पीयूष कुमार सहित कई लोग शामिल रहे।

**25 मार्च को प्रस्तावित है जिले में मुख्यमंत्री की 'समृद्धि यात्रा'**

## पूरी तरह डिजिटाइज्ड होगी 2027 की जनगणना

**आरा (एनएसबी)।** निदेशक, जनगणना कार्य एम रामचंद्रुडु (आईएएस) द्वारा भोजपुर जिला में जनगणना 2027 हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया गया तथा प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त किया गया। उन्होंने ने बताया कि इस बार की जनगणना वर्ष 2011 की जनगणना से काफी भिन्न होगी। इसे पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, ताकि फील्ड में कार्य करने में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही, उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शंका होने पर विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए मैनुअल एवं दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन करें। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण रूप से प्रशिक्षित हों तथा जनगणना के दौरान गुणवत्तापूर्ण डेटा संकलन सुनिश्चित करें। उन्होंने जनगणना कार्य में शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 से प्राप्त आंकड़े अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे, जिनमें मकानों की स्थिति एवं सुविधाएं, संपत्तियां, जनसांख्यिकी विवरण, धर्म, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, साक्षरता, शिक्षा तथा आर्थिक गतिविधियों से संबंधित विस्तृत जानकारी शामिल होगी।

## हत्या के मामले में फरार पति और सास गिरफ्तार

**आरा (एनएसबी)।** टाउन थाना पुलिस द्वारा हत्या के मामले में फरार आरोपी पति व सास को गिरतार किया गया। उसकी गिरतारी टाउन थाना क्षेत्र इलाके से की। गिरतार आरोपियों में टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा मुसहर टोली निवासी मो शाहिद एवं उसकी मां मुनिया मुनिया खातून उर्फ नन्हकी खातून है। बता दें कि मंगलवार की दोपहर पति से झगड़ा के बाद टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा मुसहर टोली निवासी मो शाहिद की पत्नी नाजिया खातून ने विषपान कर लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतका के पिता मो मुस्तकीम कलंदर के बयान पर उसके पति मो शाहिद एवं सास मुनिया खातून उर्फ नन्हकी खातून के खिलाफ दहेज का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़

**पीरो (एनएसबी)।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन अनुमंडल क्षेत्र के देवी मंदिरों में माता भगवती की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड उमड पड़ी। पीरो नगर के अधिष्ठात्री देवी मां पीटन देवी के मंदिर में गुरुवार की अहले सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया था, जो दोपहर तक जारी रहा। शहर के योगेश्वरी भवानी मंदिर, मां तारा मंदिर, हरिहर धाम मंदिर, सती चौरासी रानी मंदिर, बुढिया माई मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भी बड़ी तादाद में भक्तजन पहुंचे थे। इधर कुछ घरों में कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय पूजा अनुष्ठान शुरु किया गया। इस दौरान पूजा स्थलों पर गूंजते मंत्रोच्चार व भक्ति गीतों से वातावरण पूजामय हो गया था। मां पीटन देवी मंदिर के प्रधान पुजारी मंटू उपाध्याय ने बताया कि पूरे नवरात्र के दौरान यहां विशेष पूजा अनुष्ठान व संध्या पहर नियमित रूप से मां की महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

**शाम चार बजे से रात आठ बजे तक महिलाओं और युवतियों ने माता के मंदिर में दीप जलाये**

**मंदिरों में सुबह से गूंजने लगा माता का जयकारा**

### आरण्य देवी के दर्शन के लिए भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**आरा (एनएसबी)।** चौत्र नवरात्र के प्रथम दिन गुरुवार को देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। पूजन करने के लिए मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में पूजन एवं दर्शन को लेकर गुरुवार की अहले सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पडी। लोग देवी दर्शन के लिए कतार में खड़े दिखे। मां आरण्य देवी की मूर्ति को आकर्षक ढंग से सजाया गया। 'आरण्य देवी मैया की जय' तथा 'सच्चे दरबार की जय' के जयकारे से पुरा वातावरण गुंजायमान रहा। शाम में महिलाओं और युवतियों ने माता के मंदिर में दीप जलाया। दीप जलाने का सिलसिला शाम 4 बजे से संध्या 8 बजे तक चलता रहा। 8 बजे मां आरण्य देवी की संध्या आरती हुई। इस दौरान मां को मेवा, दूध से निर्मित खीर का भोग लगाया गया। आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण श्रद्धालु-भक्तों में हुआ।

### कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र शुरू, माहौल हुआ भक्तिमय

आरा (एनएसबी)। कलश स्थापना के साथ ही गुरुवार को चौत्र नवरात्र शुरू हो गया। इस दौरान घर एवं मंदिर में कलश स्थापित हुआ। जहां ब्राह्मणों ने विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा करवाया। इसके साथ ही माहौल भक्तिमय हो गया। कलश स्थापना के दौरान भक्तगण पीले वस्त्र धारण कर पूजन पाठ किए। चौत नवरात्र के प्रथम दिन देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की गई। नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने उपवास रखा। इस दौरान कई श्रद्धालु फलाहार एवं जलाहार पर रहें। वही शहर के विभिन्न मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई।

## हिन्दू नववर्ष पर निकाली गई प्रभातफेरी



**उदवंतनगर (एनएसबी)।** सरस्वती शिशु मंदिर बागर में नववर्ष प्रतिपदा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। हिन्दू नववर्ष के अवसर पर विद्यालय द्वारा झांकी निकाली गई तथा राष्ट्रभक्ति नारे लगाए गए। हाथों में केसरिया ध्वज लेकर झाँकी पूरे गांव की गलियों का भ्रमण किया। वन्दे मातरम,नववर्ष मंगलमय हो,भारत माता की जय आदि जयघोष विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा लगाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार द्वारा भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन करके विद्यालय परिवार को चौत्र शुक्ल नव वर्ष की बधाई। प्रधानाचार्य के द्वारा चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के महत्व को बच्चों के बीच बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैया बहनें एवं आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।सभी के बीच प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई। वहीं उदवंतनगर सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक व छात्र छात्राओं द्वारा हिन्दू नववर्ष पर गांव की गलियों में झांकी निकाली गई। शिक्षिका सीमा दूबे ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को हिन्दू नववर्ष मनाने की परंपरा है।इस वर्ष भी विद्यालय परिवार द्वारा नववर्ष धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। प्रभात फेरी में वंदे मातरम, भारत माता की जय के जयघोष गूंजते रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लखीसराय में मद्यनिषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई, शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार, चार पियक्कड़ भी धराए

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मद्य निषेध विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। इसी कड़ी में 18 मार्च 2026 को मद्यनिषेध थाना लखीसराय द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद करते हुए कुल सात लोगों को हिरासत में लिया गया है। पहली कार्रवाई किऊल थाना क्षेत्र के अंतर्गत किऊल रेलवे पुल के समीप की गई। यहाँ से टीम ने अवैध विदेशी शराब की बिक्री करने वाले तीन धंधेबाजों को रंगे हाथ दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों में बेगूसराय जिले के नगर थाना अंतर्गत पुरानी मछली बाजार निवासी स्व. जगन्नाथ पासवान का पुत्र विकाश कुमार, जगदीश पासवान का पुत्र गौरव कुमार और जागीर मोहल्ला निवासी श्री गिरीश पासवान का पुत्र अनुराग कुमार शामिल है। पुलिस ने इनके पास से क्रमशः 11.320 लीटर, 09.520 लीटर और 03.240 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है। ये तीनों अभियुक्त बेगूसराय से आकर यहाँ शराब की खेप खपाने की फिराक में थे। वहीं दूसरी ओर, विभाग ने बड़हिया थाना क्षेत्र के बड़हिया में छापेमारी कर शराब का सेवन करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए पियक्कड़ों की पहचान पटना जिले के अथमल गोला थाना अंतर्गत बुधुआ चक निवासी रंजीत कुमार (पिता- लालो महतो), धर्मराज कुमार (पिता- विजय महतो), अमित कुमार (पिता- प्रमोद महतो) और विकाश कुमार (पिता- अवधेश प्रसाद) के रूप में हुई है। विभाग द्वारा सभी अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मद्य निषेध विभाग की इस सक्रियता से शराब माफियाओं और पियक्कड़ों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।





### लखीसराय से 500 युवा बापू सभागार में भरेंगे हुंकार, 'लेट्स इंस्पायर बिहार' के वार्षिकोत्सव को लेकर बैठक संपन्न

**लखीसराय (एनएसबी)।** आगामी 22 मार्च 2026 को पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले 'लेट्स इंस्पायर बिहार' के पंचम वार्षिकोत्सव समारोह की तैयारियों को लेकर लखीसराय चैप्टर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विकास वैभव जी के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान को गति देने के लिए जिले के सक्रिय सदस्यों ने रणनीति तैयार की। बैठक में मुख्य रूप से इस बात पर चर्चा की गई कि किस प्रकार लखीसराय जिले से अधिक से अधिक संख्या में लोग पटना पहुँचकर इस मुहिम का हिस्सा बनें। बैठक के दौरान जिला कोऑर्डिनेटर सोनू राज और जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर आशुतोष कुमार के साथ टीम के सक्रिय सदस्यों कन्हैया भारद्वाज, प्रवीन सिंह, सुदर्शन, हर्ष सिंह, मुकेश, रूपेश और कुणाल जी ने अपने विचार साझा किए। टीम ने सर्वसम्मति से यह लक्ष्य निर्धारित किया कि लखीसराय जिले से लगभग 500 लोग इस गौरवशाली कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सदस्यों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा गया और सभी ने एक स्वर में बिहार के उज्ज्वल भविष्य के लिए लोगों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में 'आइए मिलकर प्रेरित करें बिहार' के नारे के साथ कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।



आह्वान करते युवा।

### 01 से 15 मार्च, 2026 तक चेन पुलिंग करने वाले 514 लोग तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 1570 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

**हाजीपुर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन समय पालन के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो। ऑपरेशन समय पालन के तहत मार्च माह में 01.03.2026 से 15.03.2026 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 514 लोगों को हिरासत में लिया गया तथा इनसे जुमार्ने के रूप में 01 लाख 46 हजार रुपये वसूल किये गए। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन समय पालन के तहत इस दौरान सर्वाधिक 230 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 101, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 73, सोनपुर मंडल में 66 तथा धनबाद मंडल में 44 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन महिला सुरक्षा के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन महिला सुरक्षा मे तहत जनवरी माह में 01.03.2026 से 15.03.2026 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 1570 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया तथा इनसे जुमार्ने के रूप में 03 लाख 61 हजार रुपये वसूल किये गए। इनमें सर्वाधिक 840 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 278, धनबाद मंडल में 205, समस्तीपुर मंडल में 130 तथा सोनपुर मंडल में 117 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

### कॉमरेड एस.डी. बोस की याद में जगदीशपुर में एक स्मृति/ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**जगदीशपुर (पश्चिम चम्पारण) (एनएसबी)।** आज 19 मार्च, 2026 को सीपीआई (एमएल) के पूर्व प्रांतीय कमिटी सचिव तथा लम्बे समय तक केन्द्रीय कमिटी के सदस्य रहे कॉमरेड एस.डी. बोस की याद में जगदीशपुर में एक स्मृति/ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता कॉ. नागेंद्र प्रसाद और संचालन जिला कमिटी के सचिव सुरेन्द्र प्रसाद ने किया। शुरूआत में कॉ. एस.डी. बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इसकी शुरूआत पार्टी की केन्द्रीय कार्यकारिणी कमिटी के सदस्य कॉ. अरविन्द सिन्हा ने किया और उसके बाद सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। दो मिनट का मौन रखकर कॉ. एस.डी. बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्मृति सभा को सम्बोधित करने वाले प्रमुख नेताओं में कॉ. अरविन्द सिन्हा, प्रांतीय कमिटी के सचिव कॉ. नन्द किशोर सिंह, प्रांतीय सचिव मंडल के सदस्य कॉ. अशोक बैठा, राज्य कमिटी सदस्य कॉ. त्रिभुवन राय, मुजफ्फरपुर जिला कमिटी के सचिव साथी उदय चौधरी, सीपीआई (एमएल) रेड फ्लैग के नेता रविन्द्र कुमार रवि, सीपीआई(एम) के नेता प्रभु राज नारायण राव, सीपीआई (एमएल) एस.आर.भाईजी ग्रुप के जिला स्तरीय नेता साथी सुभाष सहनी, सीपीआई के नेता साथी बाबूलाल चौरसिया, आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

# लूटपाट के दौरान बुजुर्ग महिला की ईंट-पत्थर से कूच कर हत्या

## लखीसराय : हलसी में अपराधियों का तांडव

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले के हलसी थाना क्षेत्र अंतर्गत कैंदी गांव में बीती देर रात अज्ञात अपराधियों ने भीषण लूटपाट के दौरान एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की निर्मम हत्या कर दी। मृतका की पहचान कैंदी निवासी स्वर्गीय जोगी पासवान की पत्नी सुनैना देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद से इलाके में भारी तनाव व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेखौफ अपराधियों ने गांव की कई दुकानों को अपना निशाना बनाया और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। इसी क्रम में अपराधी सुनैना देवी की दुकान में भी दाखिल हुए, जहां वह सोई हुई थीं। आशंका जताई जा रही है कि लूटपाट के दौरान महिला की नींद खुल गई और उन्होंने अपराधियों को पहचान लिया। साक्ष्य मिटाने और अपनी पहचान छुपाने के उद्देश्य से अपराधियों ने बुजुर्ग महिला के सिर पर ईंट-पत्थर से जोरदार वार किया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना का पता गुरुवार की सुबह तब चला जब आसपास के लोग सोकर जगे और महिला के लहूलुहान शव पर उनकी नजर पड़ी। देखते ही देखते गांव में कोहराम मच गया और भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सिकंदरा-लखीसराय मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया।सड़क जाम कर रहे प्रदर्शनकारियों की मांग है कि अपराधियों की जल्द से जल्द शिनाख्त कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है और आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और मामले की गहन तफ्तीश में जुट गई है।



घटना के बाद मौका ए वारदात पर जुटे लोग।

### रेलवे ट्रैक पर गिरने से अज्ञात वृद्ध की मौत

**लखीसराय (एनएसबी)।** रेल थाना किऊल (डुमरी रेलवे हॉल्ट) के समीप रेल पटरी पर गिरने से एक लगभग 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटनास्थल डुमरी रेलवे हॉल्ट के पोल संख्या 431/21-23 के पास अप लाइन ट्रैक बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा तैयार की गई मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट (इन्वेस्ट रिपोर्ट) के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला किसी अज्ञात ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल होने और शरीर के क्षत-विक्षत हो जाने के कारण मौत का प्रतीत होता है। मृतक ने सफेद रंग की धोती, सफेद गंजी और हल्के गेरुआ रंग का गमछा पहना हुआ था। साथ ही कमर में एक लाल धागा बंधा मिला। शरीर की बनावट और स्थिति को देखते हुए मृतक की उम्र करीब 65 वर्ष आंकी गई है। रेल पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, लखीसराय भेज दिया है। घटना को लेकर रेल पुलिस ने कांड संख्या 01/26 दर्ज करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# पटना में 442 स्थानों पर तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट व पुलिस अफसर

**पटना (एनएसबी)।** जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने कहा है कि ईद-उल-फित्र (ईद), 2026 के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी सम्बद्ध पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहेंगे। अधिकारीद्वय ने कहा कि सभी स्तर- अंचल, अनुमंडल एवं जिला- के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत कर्तव्य के प्रति मुस्तैद रहेंगे तथा उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, अचूक सुरक्षा व्यवस्था तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी संयुक्त जिलादेश में वर्णित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करेंगे।

विदित हो कि इस वर्ष चाँद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार ईद का त्योहार दिनांक 20 मार्च, 2026/21 मार्च, 2026 को मनाया जाएगा। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी प्रशासनिक तैयारियाँ पूरी कर ली गयी हैं। सार्वजनिक स्थानों पर भीड़-नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था संधारण के मानकों एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण स्थानों पर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी अनुमण्डल पदाधिकारियों एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारियों को अपने स्तर से भी स्थानीय आवश्यकता का आकलन करते हुए दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त करने का निदेश दिया गया है। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय पहुँच जाएंगे तथा कार्यक्रम की शांतिपूर्ण समाप्ति तक कर्तव्य पर मुस्तैद रहेंगे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। अफवाह फैलानेवालों के विरूद्ध त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यथेष्ट प्रशासनिक सतर्कता, निरोधात्मक एवं सुरक्षामूलक कार्रवाई की जाएगी। भारतीय न्याय संहिता/भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अशांति फैलाने वाले तत्वों के विरूद्ध दण्ड देने का समुचित प्रावधान है। ये धाराएँ संज्ञेय और गैर जमानती है। सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप के माध्यम से संदेहास्पद सूचनाओं के आदान-प्रदान पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके द्वारा अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध समुचित कार्रवाई की जाएगी।

**ईद के मौके पर विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से आसूचना तंत्र को सुदृढ़ एवं सक्रिय रखने का जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने दिया निर्देश**

**सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने का आदेश**

जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर 442 (चार सौ बियालीस) स्थानों पर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनके साथ सशस्त्र बल तथा लाठी बल को भी लगाया गया है। पटना सदर अनुमंडल में 65 स्थानों, पटना सिटी अनुमंडल में 153 स्थानों, दानापुर अनुमंडल में 79 स्थानों, बाढ़ अनुमंडल में 59 स्थानों, मसौढ़ी अनुमंडल में 39 स्थानों तथा पालीगंज अनुमंडल में 47 स्थानों पर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी एसडीओ एवं एसडीपीओ क्षेत्रीय आवश्यकतानुसार अतिरिक्त प्रतिनियुक्ति करेंगे।

जिला प्रशासन का 24७7 जिला नियंत्रण कक्ष क्रियाशील रहेगा। इसकी दूरभाष संख्या 0612-2219810/ 2219234 है। आपात नंबर सेवा 112 एवं आवश्यकतानुसार जिला नियंत्रण कक्ष तथा पुलिस नियंत्रण कक्ष, पटना से भी दूरभाष सं0-9031825979 पुलिस हेल्प लाईन पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

जिला नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में 26 सुरक्षित दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। गाँधी मैदान, पटना स्थित नमाज स्थल पर 11 सुरक्षित दण्डाधिकारियों को तैनात किया गया है। पटना सिटी नियंत्रण कक्ष में 18 सुरक्षित दण्डाधिकारियों, दानापुर अनुमंडल नियंत्रण कक्ष में 12 सुरक्षित दण्डाधिकारियों, बाढ़ अनुमंडल में 05 सुरक्षित दण्डाधिकारियों, मसौढ़ी अनुमंडल नियंत्रण कक्ष में 15 सुरक्षित दण्डाधिकारियों तथा पालीगंज अनुमंडल नियंत्रण कक्ष में 08 सुरक्षित दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी स्तरों पर शांति समिति की बैठक कर ली गयी है। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने पदाधिकारियों को सभी भागीदारों (स्टेकहोल्डर्स) से स्वस्थ एवं सार्थक संवाद बनाए रखने को कहा है।

# अल्ट्राटेक सिमेंट बिहार में करेगी 1,200 करोड़ निवेश, 1000 रोजगार का सृजन




**पटना (एनएसबी)।** बिहार का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से गति पकड़ रहा है, जहां नए निवेश सीधे तौर पर बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों में परिवर्तित हो रहे हैं। माननीय उद्योग मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल के निदेर्शानुसार परियोजना स्वीकृति समिति (PCC) के हालिया निर्णय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जिनके तहत अल्ट्राटेक सिमेंट की परियोजना को भूमि आवंटन के माध्यम से लगभग 1,200 करोड़ का निवेश और लगभग 1000 रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं।

उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक श्री कुंदन कुमार ने कहा कि परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा हाल ही में लिए गए निर्णय राज्य में निवेश को धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये परियोजना राज्य में तेजी से बढ़ रही औद्योगिक गतिविधियों की व्यापक लहर का हिस्सा हैं, जिसके तहत बिहार विभिन्न क्षेत्रों में विविध निवेश आकर्षित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बांका में व'३१ळ्यूँ ऊीश्ल३ के द्वारा लगभग 1,200 करोड़ का निवेश हो रहा है, जिससे लगभग 1000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि ये परियोजना राज्य के औद्योगिक ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराएंगी। बांका जिले के कटोरिया औद्योगिक क्षेत्र में अल्ट्राटेक सीमेंट 59.47 एकड़ भूमि पर लगभग 1,200 करोड़ के निवेश से एक सीमेंट निर्माण इकाई स्थापित कर रही है। यह परियोजना लगभग 1000 लोगों के लिए रोजगार सृजन करेगी, जिससे न केवल औद्योगिक आधार मजबूत होगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

आधारभूत संरचना क्षेत्र का प्रमुख हिस्सा होने के कारण सीमेंट उद्योग लॉजिस्टिक्स, निर्माण एवं अन्य सहायक सेवाओं को भी प्रोत्साहित करता है, जिससे व्यापक आर्थिक प्रभाव उत्पन्न होता है। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (BIADA) इस पूरी प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है, जो उद्योगों को तैयार बुनियादी ढांचा, पारदर्शी भूमि आवंटन और सरल स्वीकृति प्रक्रिया उपलब्ध करा रहा है। इससे निवेश प्रस्ताव से लेकर परियोजना के क्रियान्वयन तक का समय काफी कम हो गया है।

## पूर्व पीएम वाजपेयी की स्मृति में स्वरांजलि का आयोजन

**नई दिल्ली (एनएसबी)।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पावन स्मृति में अटल स्वरांजलि कार्यक्रम का भव्य आयोजन दिनांक 20 मार्च 2026 को सायं 04:00 बजे तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य अटल जी के साहित्य, विचार एवं सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाना है।

यह कार्यक्रम राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति न्यास एवं अटल विचार परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता देश के प्रख्यात शिक्षाविद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्म विभूषण डॉ मुरली मनोहर जोशी करेंगे। आयोजन के संरक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे हैं, जबकि कार्यक्रम के संयोजक श्री पंकज नारायण एवं अध्यक्ष श्री नीरज कुमार हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसादकेंद्रीय मंत्री श्रीपद नायक सहित गोपाल जी ठाकुर सहित अनेक सांसद, विधायक एवं रेखा गुप्ता (दिल्ली की मुख्यमंत्री) तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

इस आयोजन की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि पहली बार एक ही मंच पर भारतीय संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में भारत का लोक संगीत प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, अटल जी की 22 प्रसिद्ध कविताओं का 22 विभिन्न भारतीय भाषाओं में गायन किया जाएगा, जो भारत की भाषाई एकता और सांस्कृतिक विविधता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करेगा। प्रसिद्ध गायिका प्रिया मलिक इस अवसर पर अपने विशेष गायन से कार्यक्रम को संगीतमय बनाएंगी।

आयोजकों ने देशभर के नागरिकों, साहित्य प्रेमियों एवं संगीत प्रेमियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में अटल जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करें। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना से प्रेरित है। आयोजकों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा विभिन्न भारतीय भाषाओं के समन्वय एवं संवाद को बढ़ावा देने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

# विकृत हो गयी है आज की राजनीति

## ... जब अटल बिहारी वाजपेयी ने एक वोट का इंतजाम नहीं किया और सरकार कुर्बान कर दी

**वी शांडिल्य**

**पटना।** पिछले 30 वर्षों में देश की राजनीति बहुत बदल गयी है। या यूं कहें कि इसका चरित्र बहुत विकृत हो गया है तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आज जिनकी उम्र 45 साल या उससे अधिक है उन्हें 28 मई, 1996 को लोकसभा में दिया गया अटल बिहारी वाजपेयी का वो भाषण जरूर याद होगा जब उन्होंने एक मत का इंतजाम अवैध तरीके से नहीं किया और अपनी 13 दिन की सरकार को कुर्बान कर दिया था। विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के पूर्व अपने जवाबी भाषण के अंत में उन्होंने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपने की पेशकश की और सिंहासन खाली कर दिया।

राज्यसभा चुनाव के लिए बिहार में हुई वोटिंग के दौरान जो राजनीतिक चरित्र सामने आया है वह देश के आमलोगों को पच नहीं रहा है। बिहार का विपक्ष अपने एक उम्मीदवार की जीत के लिए जरूरी 41 मतों का इंतजाम कर चुका था फिर भी वह हार गया जबकि सत्ता पक्ष जिसके लिए तीन मत जुटाना असंभव लग रहा था उसने बाजी मार ली। यहां असंभव शब्द पर बहुत लोगों को आपत्ति हो सकती है पर संख्या बल देखें तो विपक्ष के लिए घोषित 41 मतों के बाद सत्ता पक्ष के लिए जरूरी तीन मत बचते ही नहीं है। यहां तक कि सत्ता पक्ष के पांचवें उम्मीदवार को तीन मत मिले भी नहीं फिर भी जीत उसी की हुई। यह इसलिए संभव हुआ कि सत्ता पक्ष ने एक बार फिर विपक्षी खेमे में सेंधमारी की और उसके चार विधायक अपने उम्मीदवार के पक्ष में वोट डालने बिहार विधानसभा में बनाए गए मतदान केंद्र तक पहुंचे ही नहीं। नतीजा हुआ कि सत्ता पक्ष को जहां कुल 38 मत मिले वहीं विपक्ष सिर्फ 37 मत ही हासिल कर सका और उसके सीटिंग राज्यसभा सदस्य अमरेंद्र धारी सिंह चुनाव हार गए।

**समसामयिक**

**आज सत्ता के लिए हर कर्म किए जा रहे**

वोटिंग के एक दिन पहले तक विपक्षी महागठबंधन के पास कुल 35 विधायक थे। लेकिन शाम तक एआईएमआईएम के पांच विधायकों और बसपा के एक मात्र विधायक ने राजद उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह के पक्ष में मतदान करने का एलान कर दिया था। इससे अमरेंद्र धारी को 41 मत मिलना पक्का हो गया। इतने मत मिलते तो उनकी जीत भी सुनिश्चित थी। इधर, एनडीए समर्थित भाजपा के उम्मीवार शिवेश कुमार अब तक 38 मतों पर ही अटके थे। हालांकि एनडीए नेता लगातार कहते रहे कि विपक्ष के कई विधायक उनके संपर्क में हैं और वे हमारे पक्ष में मतदान करेंगे। सत्ता पक्ष की बात आधी सच हुई। विपक्षी विधायक एनडीए के संपर्क में थे और उन्होंने मतदान से गैरहाजिर रहकर विपक्षी उम्मीदवार को हरा दिया।

यह पूरा प्रकरण राजनीति में शुचिता के पूरी तरह खत्म होने की गवाही है। मई 1696 में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जब तत्तकालीन विपक्षी नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी पर सत्ता का लोभ होने का आरोप लगाया था तो वे इससे काफी आहत हुए थे। उन्होंने प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा था कि यह आरोप मेरे ह्रदय में घाव कर गया है। वाजपेयी ने भागवान श्रीराम के वक्तव्य को उद्धित करते हुए कहा था कि मैं मृत्यु से नहीं डरता, बदनामी से डरता हूं। आज की राजनीति में दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आता जो शुचिता के मानदंडों पर खरा उतरे। सत्ता के लिए हर कर्म किए जा रहे हैं। महागठबंधन में शामिल दलों के चार विधायकों (तीन कांग्रेस और एक राजद) को मतदान से गैरहाजिर रहने से उकसाने के लिए सत्ता पक्ष जितना जिम्मेदार है तो उससे कम खुद ये विधायक भी जिम्मेदार नहीं हैं। आम जनता भी मानती है कि पर्दे के पीछे कुछ ना कुछ खेल जरूर हुआ है और ये खेल बताने लायक नहीं है। क्योंकि गंदे कर्म बताए नहीं जाते, छिपाए जाते हैं।